सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 24.4 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80429.04 |
| निफ्टी | 24479.05 |
| सोना 70,850 | चांदी 87,615 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




महिला टी20 रैंकिंग हरमनप्रीत, शेफाली 11वें स्थान पर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 24 जुलाई, 2024 | 9 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 217, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# मंगलमय बजट




## सीतारमण ने पेश किया 48 लाख 20 हजार करोड़ रुपए का बजट

**शिक्षा, किसान रोजगार, महिला और युवाओं पर फोकस**

**वित्त मंत्री ने दिया 1 घंटे 23 मिनट का भाषण**

एजेंसी, नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लगातार सातवीं बार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश किया। यह बजट 48 लाख 20 हजार करोड़ रुपए का है। सीतारमण ने अपने 1 घंटे 23 मिनट के मंगलमय बजट भाषण में युवा, गरीब, महिला और अन्नदाताओं का ध्यान रखा और विशेष नौ सूत्री योजनाओं का ऐलान भी किया।

बिहार को 58.9 हजार करोड़ और आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए की मदद मुहैया कराने की घोषणा की है। न्यू टैक्स रिजीम चुनने वाले करदाताओं को राहत दी है। इस बजट में हर मंत्रालय के लिए अलग-अलग फंड की व्यवस्था की है। रक्षा मंत्रालय को 6, 21, 940 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय को बजट में 2 लाख 65 हजार 808 करोड़ आवंटित किए गए। केंद्रीय बजट 2024 में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए। इसके साथ ही छह करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। पांच राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशु गृह बनाए जाएंगे।

## 9 सूत्री पांच स्कीम्स की घोषणा

- कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन
- रोजगार एवं कौशल
- समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय
- विनिर्माण एवं सेवाएं
- शहरी विकास
- ऊर्जा संरक्षण
- अवसंरचना
- नवाचार, अनुसंधान एवं विकास
- नई पीढ़ी के सुधार

### पांच राज्यों में शुरू होगी पूर्वोदय स्कीम

बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए पूर्वोदय स्कीम की घोषणा की। इसके तहत मानव संसाधन विकास, बुनियादी विकास पर ध्यान दिया जाएगा। अमृतसर व कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के तहत गया में औद्योगिक केंद्र बनाया जाएगा।

**रक्षा मंत्रालय को सर्वाधिक 6,21, 940 करोड़**

### कैंसर की तीन दवाओं पर सीमा शुल्क समाप्त

**कैंसर** की तीन दवाओं ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर सीमा शुल्क को समाप्त किया गया। वहीं, एक्स-रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टर जैसी कुछ चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर शुल्क में भी कमी की गई है।

### विदेशी कंपनियों पर कॉरपोरेट कर घटाया

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेशी कंपनियों पर कॉरपोरेट कर की दर को घटाकर 35 प्रतिशत करने की घोषणा की। आयकर की दर को 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया है।

## आपदा से तबाह इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हिमाचल को बजट की घोषणा

रविंद्र जस्टा, शिमला

**आपदा** से तबाह इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार बजट देगी। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए यह घोषणा की। हिमाचल को इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए कितना बजट मिलेगा, उसका अभी जिक्र नहीं किया गया।

हिमाचल सरकार की केंद्र से बजट की मांग थी। हिमाचल में पिछले साल भारी बारिश से मानसून में 12 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ था। हिमाचल में यह सबसे भीषण तबाही थी। इससे पहले कभी भी हिमाचल में मानसून में ऐसा नुकसान नहीं हुआ। पिछले मानसून सीजन में 500 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी, जबकि 519 लोग घायल व 39 लोग लापता हुए थे। 21143 मवेशियों की भी जान गई थी। पिछले साल हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार ने राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा और आर्थिक पैकेज मांगा था। तब राष्ट्रीय आपदा तो घोषित नहीं किया गया,



लेकिन बजट में हिमाचल को इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने को बजट देने का निर्मला सीतारमण ने ऐलान जरूर किया है। प्रदेश में हुई तबाही के आकलन के लिए केंद्रीय टीमें भी हिमाचल आई। केंद्रीय टीमों ने 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का आकलन किया था। बीते सप्ताह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की और आपदा से निपटने को राहत राशि देने का आग्रह किया था। बीते साल मानसून में 2933 मकान पूरी तरह और 12266 मकान आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए थे। इसी तरह 420 दुकानें, 239 लेबर शेड और 551 घाट भी बरसात में टूटे थे। (अनंत ज्ञान)

### सस्ता





- चमड़े के जूते
- कपड़े
- सोना-चांदी
- मोबाइल फोन
- मोबाइल चार्जर
- इलेक्ट्रिक व्हीकल
- कैंसर दवा
- प्लेटिनम
- बिजली के तार
- एक्स-रे मशीन
- सोलर सेट्स

### महंगा



लेबोरेट्री कैमिकल्स, सोलर ग्लास, सुपारी, प्लास्टिक प्रोडक्ट, हवाई जहाज यात्रा

### ऊर्जा बदलाव के लिए खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती

ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देने के लिए लिथियम, तांबा और कोबाल्ट जैसे खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है।

### एक करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री

**सूर्यघर** मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने फ्री बिजली मिलेगी।



## टैक्स स्लैब (न्यू रिजीम)



**पहले**

| आमदनी | टैक्स |
|---|---|
| 0-3 लाख | 0 |
| 3-6 लाख | 5% |
| 6-9 लाख | 10% |
| 9-12 लाख | 15% |
| 12-15 लाख | 20% |
| 15 लाख से ऊपर | 30% |

**अब**

| आमदनी | टैक्स |
|---|---|
| 0-3 लाख | 0 |
| 3-7 लाख | 5% |
| 7-10 लाख | 10% |
| 10-12 लाख | 15% |
| 12-15 लाख | 20% |
| 15 लाख से ऊपर | 30% |

### म्यूच्युअल फंड्स या यूटीआई के री-पर्चेस पर नहीं लगेगा टीडीएस

**चैरिटी** के मामलों में दो अलग-अलग व्यवस्थाओं की जगह एक कर छूट व्यवस्था होगी। विभिन्न भुगतान के लिए पांच फीसदी टीडीएस की जगह दो फीसदी टीडीएस की व्यवस्था होगा। म्यूच्युअल फंड्स या यूटीआई के री-पर्चेस पर 20 फीसदी टीडीएस को वापस ले लिया गया है। ई-कॉमर्स ऑपरेटर्स के लिए टीडीएस को एक फीसदी से घटाकर 0.1 फीसदी कर दिया गया है।

## विकास को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देगा : पीएम मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बजट को विकास को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला महत्वपूर्ण बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि यह समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है।



यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'उत्प्रेरक' का काम करेगा और विकसित भारत की नींव भी रखेगा। वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को इस बजट के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और इससे नया मध्यम वर्ग बना है, यह उनके सशक्तीकरण की निरंतरता का भी बजट है। यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है।

## 'कुर्सी बचाओ' बजट : राहुल गांधी



**विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट की आलोचना की। उन्होंने बजट को 'कुर्सी बचाओ' बजट कहा। राहुल ने कहा कि वित्त मंत्री का बजट दस्तावेज कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र से नकल किया गया है। सहयोगियों को खुश करने के लिए दूसरे राज्यों की कीमत पर उन्हें खोखले वादे किए गए हैं, चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए आम भारतीयों को कोई राहत नहीं दी गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र और पिछले बजटों से कॉपी-पेस्ट किया गया है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के भाषण में किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया।

## एग्रीकल्चर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए, एमएसपी पर कोई ऐलान नहीं

**एग्रीकल्चर** और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ दिए थे यानी इस बार किसानों के लिए बजट 21.6 प्रतिशत यानी 25 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया। 6 करोड़ किसानों की जानकारी के लिए लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। हालांकि किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई।



- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ और घर बनाए जाएंगे
- शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ का प्रावधान
- स्टांप पर लगने वाला शुल्क भी घटेगा, बच्चों के लिए नई पेंशन योजना 'एनपीएस वात्सल्य'

### केंद्र सरकार एजुकेशन लोन पर देगी तीन फीसदी ब्याज

**शिक्षा** के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। यह पिछले बजट से 32 फीसदी ज्यादा है। एजुकेशन लोन पर ब्याज का 3 फीसदी पैसा सरकार देगी। ई-वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे।



### युवाओं को इंटर्नशिप के लिए पांच हजार हर महीने मिलेंगे

**मोदी** सरकार की 5वीं नई योजना के तहत 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार की इंटर्नशिप योजना से 1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। पीएम मोदी का यह युवाओं के लिए स्पेशल इंटर्नशिप पैकेज है। इसके तहत युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने की मौका मिलेगा। साथ ही हर महीने 5 हजार रुपए का इंटर्नशिप भत्ता भी दिया जाएगा। इसके साथ ही जो युवा अपनी इंटर्नशिप पूरी कर लेते हैं उन्हें अलग से 6 हजार रुपए भी दिए जाएंगे।

- सरकार ने एंजल टैक्स को खत्म करने का दिया प्रस्ताव
- रेलवे के लिए 2 लाख 55 हजार का बजट
- खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपए का प्रावधान

### महिलाओं और लड़कियों के लिए तीन लाख करोड़

**महिलाओं** और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया।



### गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त अनाज

**बजट** को गरीबों के लिए खास माना जा रहा है, क्योंकि गरीबों के लिए कई योजनाएं शामिल की गई हैं। बजट में सरकार ने गरीबों को राहत देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। वहीं, रोजगार, कौशल प्रशिक्षण के लिए पीएम की पांच योजनाओं के पैकेज की घोषणा। इससे पांच साल में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को लाभ होगा। इन योजनाओं पर दो लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।



### रोजगार के लिए सरकार फर्स्ट टाइमर युवाओं के पीएफ में तीन हजार तक करेगी योगदान

**नौकरी,** कौशल विकास और अन्य सुविधाओं पर 2 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। ये पैसे 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं लिए रोजगार के मौके बनाने और अन्य सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। रोजगार के लिए सरकार फर्स्ट टाइमर युवाओं के पीएफ में 3 हजार रुपए तक योगदान करेगी। इसकी योग्यता स्तर एक लाख हर महीने तक सैलरी पाने वाले आएंगे।



बजट पर स्पेशल पेज 2 और 3 पर

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2024-25
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520, 9816242139, 9816102238
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

मोबाईल रिपेयर कोर्स करें
और अपना करियर बनाएं केवल 3 महीनें में
MOBILE PHONE
i PHONE
Other Courses
LAPTOP
DESKTOP



Certified Courses
Qualified Faculty
80% Practical
Advanced Chip Level
Start-up Assistance & Guidence
Free DEMO Class
LEGACY 31 YEARS Since 1993
HItech SINCE 1993
FREE Toolkit, Software Package Latest Repairing Tips
MOB : 97798-80775
SCO 96-97, SECTOR 34-A, CHANDIGARH



# हथियार खरीद की रकम में कटौती, 400 करोड़ रुपए बढ़ा सेना का बजट

**रक्षा बजट छह महीने पहले पेश हुए अंतरिम बजट का बहुत हद तक कॉपी है। सेना को खर्च के लिए 6,21,940 करोड़ रुपए मिले हैं, जो अंतरिम बजट से महज 400 करोड़ रुपए यानी, 0.064 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें हथियारों की खरीद और सैलरी-पेंशन को मिलने वाला बजट जस का तस है। 400 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी रक्षा मंत्रालय के हिस्से गई है। लगातार तीसरे साल कैपिटल बजट यानी, हथियारों की खरीद और सेना के मॉडर्नाइजेशन पर होने वाले खर्च में कटौती की गई है। रक्षा बजट का 67.7 प्रतिशत हिस्सा रेवेन्यू और पेंशन बजट को मिला है, जिसका ज्यादातर हिस्सा सैलरी-पेंशन बांटने में खर्च होता है।**

## रक्षा बजट के 4 हिस्से

### 1 रेवेन्यू बजट
**सैलरी बांटने के लिए बजट का 45 प्रतिशत**

**रेवेन्यू** बजट का सबसे बड़ा हिस्सा तीनों सेनाओं में सैलरी बांटने में खर्च होता है। अब इसमें अग्निवीरों की सैलरी भी जोड़ दी गई है। इसके अलावा एक्स सर्विसमैन की हेल्थ स्कीम्स, मेंटेनेंस और रिपेयरिंग का खर्च भी रेवेन्यू बजट में शामिल होता है। इस साल रेवेन्यू बजट 2.82 लाख करोड़ रुपए है, जो कुल रक्षा बजट का 45 प्रतिशत है। पिछले साल के मुकाबले 12,652 करोड़ रुपए यानी महज 4.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 2023-24 में रेवेन्यू बजट में 38 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई थी।

### 2 कैपिटल बजट
**हथियार खरीदने को 27.6 प्रतिशत बजट**

**कैपिटल** बजट सेना का सबसे अहम पार्ट होता है। इसका ज्यादातर हिस्सा तीनों सेनाओं के मॉडर्नाइजेशन, फाइटर प्लेन, हथियारों की खरीद और सेना को मजबूत बनाने में खर्च होता है। वित्त मंत्री ने कैपिटल बजट में 1.72 लाख करोड़ रुपए अलॉट किए हैं, जो कुल बजट का 27.6 प्रतिशत है। पिछले साल के मुकाबले करीब 9400 करोड़ रुपए यानी 5.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 2023-24 में सरकार ने कैपिटल बजट में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। जबकि, 2022-23 में कैपिटल बजट में 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।

### 3 पेंशन बजट
**सिर्फ 3 हजार करोड़ रुपए का इजाफा**

**पेंशन** बजट में तीनों सेनाओं के रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन और रिटायरमेंट बेनिफिट्स शामिल होता है। इस साल पेंशन के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपए मिले हैं, जो कुल रक्षा बजट का 22.7 प्रतिशत है। पिछले साल यह आंकड़ा 1.38 लाख करोड़ रुपए था। यानी, पेंशन बजट में सिर्फ 3 हजार करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। देश में तीनों सेनाओं को मिलाकर रिटायर्ड सैनिकों की संख्या करीब 26 लाख है।

### 4 रक्षा मंत्रालय (सिविल) बजट
**2951 हजार करोड़ का इजाफा**

**सरहदी** इलाकों में सड़क बनाना, कोस्ट गार्ड, जम्मू कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, सेना की कैंटीन और हाउसिंग एक्सपेंडिचर जैसे खर्च इसमें शामिल होते हैं। यह डिफेंस बजट का सबसे छोटा पार्ट होता है। इस साल रक्षा मंत्रालय को 25, 563 करोड़ रुपए मिले हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 2951 करोड़ रुपए ज्यादा है।



## पाक के कुल रक्षा बजट से दोगुना भारत पेंशन बांटने पर खर्च करता

**दुनियाभर** में डिफेंस पर खर्च करने वाले टॉप-10 देशों में अमेरिका पहले नंबर पर है। भारत चीन और रूस के बाद चौथे नंबर पर है। अमेरिका डिफेंस पर 76.5 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है, जो भारत के मुकाबले 12 गुना से ज्यादा है। दुनिया के टॉप-10 देशों के डिफेंस बजट को मिला दें, तो भी अमेरिका का सेना पर खर्च ज्यादा है। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान डिफेंस पर खर्च करने के मामले में 30वें पायदान पर है। वह डिफेंस पर 71 हजार करोड़ रुपए खर्च करता है, जो भारत के डिफेंस बजट के मुकाबले करीब 10 गुना कम है। पाकिस्तान के कुल डिफेंस बजट से दोगुना भारत पेंशन बांटने पर खर्च कर देता है।



## गृह मंत्रालय को बजट में 2.19 करोड़ का आवंटन

**केंद्रीय पुलिस बलों के लिए 1,43,275 करोड़**



**केंद्रीय** बजट 2024-25 में गृह मंत्रालय के लिए 2,19,643 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिसमें 1,43,275 करोड़ रुपए का बड़ा हिस्सा सीआरपीएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय पुलिस बलों के लिए चिह्नित है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 42,277 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो वर्तमान में केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष नियंत्रण में है। बजट में अंडमान निकोबार द्वीप समूह को 5,985 करोड़ रुपए, चंडीगढ़ को 5,862 करोड़ रुपए और लद्दाख को 5,958 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

बजटीय प्रावधान के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल के व्यय के लिए 1,248 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं और आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास तथा राज्य सरकारों को अनुदान सहायता आदि के लिए 6,458 करोड़ रुपए का आवंटन प्रस्तावित है।

# अन्नदाताओं के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ का प्रावधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण में युवा गरीब महिला और अन्नदाताओं को ध्यान मे रखते हुए विशेष नौ सूत्रीय योजनाओं का एलान किया। न्यू टैक्स रिजीम चुनने वाले करदाताओं को भी मामूली राहत दी है। साथ ही युवाओं और छात्रों के लिए भी योजनाओं की झड़ी लगा दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सातवीं बार बजट पेश किया। सीतारमण ने अपने 1 घंटे 23 मिनट के बजट भाषण में युवा, गरीब, महिला और अन्नदाताओं को ध्यान मे रखते हुए योजनाओं का एलान किया।

**अन्नदाताओं पर विशेष ध्यान**

केंद्रीय बजट 2024 में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही छह करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। पांच राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।



**महिलाओं और बालिकाओं पर फोकस**

महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशु गृह बनाए जाएंगे।

**सर्विस सेक्टर के लिए क्या?**


बजट में निजी क्षेत्रों को सरकारी योजनाओं के जरिए मदद दी जाएगी। वहीं नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के जरिए कंपनियों को 3.3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। विवादों के निपटारे के लिए अतिरिक्त ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे। रिकवरी के लिए भी अतिरिक्त ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे।

**जरूरतमंद लोगों को मिलेगा पक्का घर**

तीन करोड़ गरीब परिवारों व मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए पीएम आवास योजना के तहत नए घर बनाए जाएंगे। इसके लिए 10 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। साथ ही रेंटल हाउसिंग को बढ़ावा देने के लिए रेगुलेशन के लिए नियम बनाए जाएंगे।

## निर्मला सीतारमण ने खोला आंध्र के लिए पिटारा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट-2024 में आंध्र प्रदेश के लिए सौगातों की झड़ी लगा दी। वित्त मंत्री ने एनडीए में शामिल तेगलुदेशम नेता चंद्राबाबू नायडू की मांगों को पूरा करते हुए स्पेशल पैकेज देने का ऐलान किया। उन्होंने आंध्र में पोलावरम प्रोजेक्ट, अमरावती के निर्माण और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए केंद्र सरकार की ओर से फंड देने की घोषणा कर दी। भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपए की घोषणा की है।



**आंध्र को कुल मिलाकर 50 हजार करोड़ का सीधा लाभ मिलेगा**

वित्त मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश की धन की जरूरत को महसूस करते हुए सरकार अलग-अलग विकास करने वाली एजेंसी के जरिए मदद की जाएगी। 15 हजार करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा आंध्रप्रदेश पुनर्निर्माण एक्ट के तहत भी अतिरिक्त राशि भी राज्य को दी जाएगी। वित्त मंत्री ने आंध्र में बहुप्रतीक्षित पोलावरम प्रोजेक्ट के लिए भी वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पोलोवरम प्रोजोक्ट को पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो आंध्र की लाइफ लाइन है। इससे हमारे देश की खाद्यान्न की मुश्किल भी कम होगी। राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पानी, बिजली, रेलवे और रोड के लिए राशि दी जाएगी। रायलसीमा, प्रकाशम और कोस्टल आंध्र को विकसित करने के लिए मदद दी जाएगी। उन्होंने विशाखापटनम चेन्नई इंड्स्टियल कोरिडोर और हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे में ओरवाकल क्षेत्र में विकास के लिए फंड दिया जाएगा। अनुमान है कि आंध्र को कुल मिलाकर 50 हजार करोड़ रुपये का सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी और राज्य के विकास के लिए आर्थिक पैकेज की मांग की थी।

## शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ का प्रावधान

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि इसमें रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रोजगार के मुद्दे पर छिड़ी बहस के बीच सीतारमण ने पेश आम बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीएम गरीब कल्याण अन्ना योजना को पांच साल के लिए बढ़ा दिया है, जिससे देश के 80 करोड़ लोगों को फायदा हो रहा है।



## भारत ने पड़ोसी देशों के लिए भी खोला खजाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अफगानिस्तान, नेपाल और श्रीलंका की बल्ले-बल्ले**

भारत सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया है। इस बजट में भारत ने अपने पड़ोसी देशों को लिए भी अच्छी खासी रकम रखी है। अफगानिस्तान के तालिबान शासन के लिए इस बजट में 200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2023-2024 में इतनी ही राशि अफगानिस्तान के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन बाद में इसे 220 करोड़ कर दिया गया था।

इसे हाल के समय में भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में आई बेहतरी की तरह भी देखा जा रहा है। इस बजट में भारत के एक और अहम पड़ोसी भूटान के लिए 2068 करोड़ आवंटित किए हैं। बजट में बांग्लादेश के लिए 120 करोड़, नेपाल के लिए 700 करोड़, श्रीलंका के लिए 245 करोड़, मालदीव के लिए 400 करोड़, म्यांमार के लिए 250 करोड़ और अफ्रीकन देशों के लिए 200 करोड़ रखे गए हैं। यूरेशियन देशों के लिए 20 करोड़, लैटिन अमेरिकन देशों के लिए 30 करोड़, दूसरे विकासशील देशों के लिए 125 करोड़ और मॉरिशस के लिए 370 करोड़ रखे गए हैं। साथ ही चाबहार पोर्ट के लिए 100 करोड़ रुपए रखे गए हैं।



## गंगा पुनरुद्धार के लिए बजट आवंटन में 55 प्रतिशत वृद्धि

**जल** संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार विभाग के लिए आवंटित कुल बजट 30,233.83 करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले वर्ष के 19,516.92 करोड़ रुपए के आवंटन से 55 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट में विशेष रूप से प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं और नमामि गंगे मिशन-2 के लिए आवंटन में वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट की घोषणा करते हुए कई राज्यों में बाढ़ नियंत्रण उपायों और सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए 11,500 करोड़ रुपए की व्यापक वित्तीय सहायता योजना की घोषणा की।

सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, ''बिहार लगातार बाढ़ का दंश झेलता रहा है जिनमें से अधिकतर देश के बाहर से आने वाली नदियों की वजह से आती हैं। नेपाल में बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं बनाने की योजना अभी आगे नहीं बढ़ी है।''

**केंद्रीय बजट** नहीं मिला विशेष राज्य का दर्जा, मगर मिलेंगी अच्छी सड़कें

# बिहार को मिला 26,000 करोड़ रुपए का पैकेज



**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बजट से एक दिन पहले ही मानकों का हवाला देते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से इंकार कर दिया था।

मगर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए बिहार के लिए अपने खजाने खोल दिए।

उन्होंने बिहार में सड़क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, केंद्र सरकार बहुपक्षीय विकास एजेंसियों से सहायता के माध्यम से बिहार को वित्तीय सहायता की व्यवस्था करेगी।

## बिहार में बनेंगे 4 एक्सप्रेस-वे, साथ ही मिले कई अन्य तोहफे

**वित्त** मंत्री सीतारमण ने अपने बजट भाषण में बिहार के लिए कई बड़ी-बड़ी घोषनाएं कीं। उन्होंने बिहार में सड़क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपऐ का प्रस्ताव रखा। आम बजट में सरकार ने पटना से पूर्णिया के बीच एक्सप्रेस-वे बनाने के लिए फंड देने का ऐलान किया। इसके अलावा बक्सर-भागलपुर के लिए एक्सप्रेसवे बनेगा। साथ ही बोधगया से राजगीर, वैशाली होते हुए दरभंगा तक हाई-वे बनेगा। बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का एक पुल भी बनाया जाएगा। बजट में पटना-पुणे एक्सप्रेस-वे के लिए भी मंजूरी मिल गई है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण भी लॉन्च होगा। बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा तो नहीं मिला, मगर इन परियोजनाओं के पूरा होने पर बिहारवासियों को अच्छी सड़कें जरूर मिलेगी।

निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार बिहार में हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल बुनियादी ढांचे भी स्थापित करेगी। 21 हजार करोड़ के पॉवर प्लांट का भी ऐलान किया गया है। सरकार बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना भी लाएगी। बिहार और असम में बाढ़ की रोकथाम के लिए सरकार मदद देगी।



## बोधगया में बनेगा मंदिर कॉरिडोर

**अपने** बजट भाषण में वित्त मंत्री ने बिहार में पर्यटन के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ के तर्ज बिहार में महाबोधी कॉरिडोर और नालंदा में सप्तऋषि कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके साथ ही राजगीर एक बड़ा टूरिस्ट सेंटर बनेगा। निर्मला सीतारमण ने नालंदा यूनिवर्सिटी के विकास के लिए भी फंड देने का ऐलान किया।



# सामाजिक न्याय विभाग के लिए 13,539 करोड़ रुपए आवंटित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को 2024-25 के बजट में 13,539 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो 2023-2024 के संशोधित अनुमान 9,853.32 करोड़ रुपए से 37 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि मुख्य रूप से हाशिये पर के समुदायों के लिए कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और सामाजिक सेवाओं के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार पर केंद्रित है। वित्त पोषण के प्रमुख क्षेत्रों में 'अनुसूचित जातियों के विकास के लिए अम्ब्रेला योजना' के वास्ते 9,549.98 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान शामिल है, जो पिछले वित्त वर्ष में आवंटित 6,780 करोड़ रुपएकी तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को परिलक्षित करता है।

विभाग को 'अन्य कमजोर समूहों के विकास के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम' को 2,150 करोड़ रुपये तथा मादक पदार्थों की मांग पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के वास्ते 314 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

राष्ट्रय अनुसूचित जाति आयोग को 38 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के लिए 21 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के विकास और कल्याण बोर्ड का बजट पांच करोड़ रुपए पर स्थिर है।

## ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण में यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए कहा ''इस साल मैंने ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।''

# कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए बजट में कुछ नहीं

## रंग नहीं लाई दिल्ली में सीएम की पीएम के साथ मुलाकात

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**केंद्रीय** बजट में हिमाचल प्रदेश से भेदभाव के आरोप प्रदेश सरकार लगा रही है। हालांकि सिक्किम तथा उतराखंड को सहायता की बात बजट में कही गई है जबकि हिमाचल को मल्टी लेवल इनफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम शब्द का प्रयोग करना कांग्रेस को रास नहीं आ रहा।

बताते चलें कि केंद्रीय बजट से पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू की मुलाकात के बाद प्रदेश की महत्वाकांक्षी कांगडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की योजना के लिए वितिय प्रावधान की उम्मीद बजट के बाद धूमिल हो गई है। ऐसे में मुआवजा आवंटन के लिए बजट न मिलने से ये महात्वाकांक्षी योजना प्रभावित हो सकती है।

बताते चलें कि हिमाचल को पर्यटन सेक्टर में उछाल के लिए हवाई कनेक्टिविटी की सख्त जरूरत के चलते जल्द ही कांगड़ा के गग्गल स्थित एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण होना है। हाल ही में इसको लेकर पीएम मोदी से अपनी मुलाकात में हिमाचल के सीएम ने 3500 करोड के बजट की मांग मुआवजा आवंटन के लिए देने की बात कही थी। इस मुलाकात के बाद प्रदेश सरकार को इसके लिए 3500 करोड़ रुपए की आस केंद्र से मिलने की काफी उम्मीद भी थी, लेकिन मंगलवार को बजट की घोषणा में इसका कोई उल्लख न आने से प्रदेश सरकार की उम्मीद के साथ ही इस महत्वाकांक्षी योजना को झटका लगा है। उल्लेखनीय है कि बजट तैयार करने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ विचार-विमर्श करता है और उनका पक्ष जानता है! हिमाचल से इस बार केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्री-बजट कंसल्टेशन मीटिंग में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात कर सात मांगों को उठाया था! इनमें कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 3500 करोड़ रुपए की मदद की मांग भी शामिल थी। (अनंत ज्ञान)

**3500 करोड़ रुपए मांगे थे विस्तारीकरण को**



# केंद्रीय बजट में हिमाचल को अपने हाल पर छोड़ा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

कहते हैं 'जिसका ताज उसका तेज'। यह कहावत हिमाचल वासियों पर ठीक बैठती है। केंद्रीय बजट ने पहाड़ी राज्य हिमाचल को अपने हाल पर छोड़ दिया है। आर्थिक बोझ के तले पहले ही यह प्रदेश चूर-चूर हुआ पड़ा है।

**अब आर्थिक चुनौतियां और बढ़ेंगी, राजनीतिक लड़ाई में पिसेगी जनता**

अब मौजूदा बजट ने इस राज्य के लिए जिस तरह का इशारा किया है, लग रहा है आर्थिक चुनौतियां बढ़ने की चिंता न केवल सरकार को, बल्कि यहां की आम जनता को भी सताने लगी हैं। कारण साफ सुथरा यही है कि राजनीतिक लड़ाई में आम जनता का नुकसान अब और कितना ज्यादा होगा? इसका आंकलन करना इतना आसान नहीं है। विकसित भारत की ट्रेन से हिमाचल कैसे जुड़ पाएगा क्योंकि बागवानी, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, पर्यटन औद्योगिक जैसी परियोजनाओं के बगैर इस पहाड़ी राज्य का भला कैसे हो पाएगा।

इनका जिक्र केंद्रीय बजट में सुनाई नहीं दिया, लेकिन हैरानी की बात तो यह है इनमें से किसी मुद्दे पर केंद्रीय बजट में कोई गारंटी देने से भी परहेज ही रखा गया है। ऐसी स्थिति में आम जनता का भला यहां कैसे होगा? (अनंत ज्ञान)

## फरियादों पर केंद्र मौन

**लाख** कोशिशें के बावजूद भी प्रदेश सरकार के मुखिया और उसके मंत्रियों की फरियादों पर केंद्र ने फिलहाल मौन ही रखा हुआ है क्योंकि बजट में यदि हिमाचल से जुड़ी हुई किसी भी परियोजना का जिक्र नहीं होगा तो फिर पिछले साल आई आपदा और उसके बाद राजनीतिक लड़ाई की चर्चा एक बार फिर से शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह पिछले दिनों दिल्ली में प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर आए हैं। हिमाचल के लिए आर्थिक तौर पर राहत देने की फरियाद तो उन्होंने की ही थी। किन्हीं और परियोजनाओं को शुरू करने का भी जिक्र किया था। मगर हिमाचलियों के कानों तक आज के बजट की कोई गूंज सुनाई दी गई हो, ऐसा हुआ नहीं है।



## डबल इंजन की सरकार के दौरान नहीं मिला था कुछ



**इस** बार तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। इसलिए किंतु-परंतु हो सकता है, लेकिन पूर्व में जब डबल इंजन की सरकार के दौरान जयराम ठाकुर हिमाचल के मुख्यमंत्री थे, तब भी तो हालात केंद्रीय बजट में हिमाचल वासियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे थे। हिमाचल को आर्थिक तौर पर विकास के मामले में मजबूत करने की तरफ फिलहाल कोई सीधा-साधा इशारा इस बजट में नहीं हुआ है। मतलब साफ है सुक्खू सरकार आर्थिक स्थिति को लेकर बेहद बेचैनी में रहेगी और जनता इसका खामियाजा सीधे तौर पर भुगतेगी। यही आभास इस बजट ने छोड़ा है।

## अब तो ट्रेन की गूंज भी बंद



ट्रेन की गूंज तो कब से बंद हो चुकी है। फोरलेन की रफ्तार भी कुछ और कमजोर होने की संभावना के बादल मंडराने लगे हैं। हिमाचल में प्रस्तावित मुख्य सड़कों में टू-लेन के बदले फोरलेन बनेंगे या नहीं? इसका भी कहीं कोई जिक्र नहीं हो पाया है। यानी आश्वासनों के हिचकोले में यह परियोजनाएं फंसती हुई दिख रही हैं।

# बजट पर क्या बोले नेता

## हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी प्रदेश मेंबजट से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे: इंदु



**धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट में राज्य सरकार के साथ मिलकर बेरोजगार युवकों को विभिन्न हुनर आधारित कार्यक्रम चलाने के लिए नई केंद्रीय प्रायोजित योजना चलाने का स्वागत किया।

उन्होंने कहा की इससे हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित करने में मदद मिलेगी और पहाड़ी युवक महानगरों में अपने कौशल के आधार पर नौकरियां प्राप्त कर सकेंगे जिससे राज्य में बेरोजगारी की समस्या का स्थाई समाधान होगा। उन्होंने बताया की हिमाचल प्रदेश में पिछले बर्ष आई विनाशकारी बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई के लिए केंद्र सरकार बहुपक्षीय विकास सहायता के माध्यम से पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान करेगी।

## महिला-युवा उत्थान, गरीब और किसान कल्याण का बजट : राजीव बिंदल




**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का तीसरी पारी का पहला बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया। यह बजट गरीब कल्याण का बजट है, महिला-युवा उत्थान और किसान कल्याण का बजट है। जहां 80 करोड़ गरिबों को निशुल्क राशन लगातार मिलता रहेगा। 3 करोड़ गरीबों को ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकान, एक करोड़ गरीबों को शहरी क्षेत्र में पक्के मकान इस वर्ष देना का प्रवाधान कीया गया है। ग्रामीण विकास की दृष्टि से 252000 करोड़ का प्रवाधान और शहरों के विकास के लिए जो 10 हजार करोड़ का प्रवाधान किया गया है। शहर और गांव के विकास का अनूठा संगम इस बजट में दिखाई देता है। यवाओं की दृष्टी से 152000 करोड़ रु का बजट शिक्षा और रोजगार की दृष्टि से उपलब्ध करवाया।

## केंद्रीय बजट में युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों श्रमिकों और किसानों के लिए तोहफे: धूमल



**हमीरपुर।** केंद्रीय बजट में मोदी 3.0 ने युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, श्रमिकों, किसानों, शिक्षा, कौशल विकास सहित मध्यम वर्ग और एमएसएमई के लिए विशिष्ट तोहफे दिए हैं। यह कहना है वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को बाढ़ प्रबंधन और उससे जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करने की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद व्यक्त किया है। मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले बजट में चार मुख्य समूह (गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाएं) पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अन्नदाताओं को लागत पर कम से कम 5 प्रतिशत मार्जिन देने का वायदा सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके पूरा कर दिया गया है।

## बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को तेजी से कार्यान्वित करने में मदद मिलेगी: भारद्वाज



**धर्मशाल।** कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने निर्मला सीतारमण द्वारा हिमाचल प्रदेश को भूस्लखन और बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं को केन्द्रीय सहायता प्रदान करने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा की इससे पुरे पर्वतीय राज्य में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को तेजी से कार्यन्वित करने में मदद मिलेगी,जिससे हर साल बाढ़ ही बजह से करोड़ों रुपए की सार्वजनिक और निजी सम्पति को होने बाले नुकसान को रोका जा सकेगा तथा बहुमूल्य मानवीय जीवन भी बचाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा की इससे राज्य के किसान अपनी बहुमूल्य उपजाऊ जमीन को भूस्लखन से रोक पाएंगे और इस दौरान उपजाऊ जमीन को आर्थिक समृद्धि के लिए उपयोग कर सकेंगे। भारद्वाज ने कहा इससे कांगड़ा चंबा सहित पुरे राज्य के किसान लाभमन्वित होंगे तथा एक युग की शुरुआत होगी।

## जनहितैषी और अर्थव्यवस्था को नई ताकत देने वाला केंद्र सरकार का बजट : राजेंद्र राणा



**सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने केंद्रीय बजट को जनहितैषी, गरीब के कल्याण को समर्पित, युवाओं का महिलाओं के उत्थान में सहायिका तथा देश की अर्थव्यवस्था को नई ताकत देने वाला बजट करार दिया है। राजेंद्र राणा ने कहा कि केंद्रीय बजट में महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान किया जाना एक ऐतिहासिक कदम है और यह बजट मातृशक्ति को स्वाबलंबी बनाने में सहायक साबित होगा. राजेंद्र राणा ने कहा कि इस बजट में करदाताओं से लेकर गरीबों, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग का सर्वाधिक ख्याल रखा गया है। उन्होंने इसे युवाओं के सपनों का बजट भी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट है।

# प्रदेश के कारोबारियों ने कहा-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा केंद्रीय बजट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मोदी सरकार के बजट को लेकर एमएसएमई सेक्टर बेहद खुश दिखाई दे रहा है। अब एमएसएमई के उद्योगों को काफी बढ़ावा मिलेगा, एमएसएमई के तहत उद्योग करने वालों ने बताया कि बजट आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाला है।

बजट में 12 इंडस्ट्रियल हब को मंजूरी मिलने के बाद एमएसएमई सेक्टर में और भी ज्यादा विकास होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही एमसीबी के लिए वित्तीय पैकेज का जो ऐलान किया गया है वह भी काफी ज्यादा फायदेमंद होगा।

### स्ट्रैस में चल रही यूनिट को मिलेगी मदद: राजेश गुप्ता



**हिमाचल** ड्रग मैन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने बजट में एमएसएमई सेक्टर को प्राथमिकता दी है जिससे काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि स्ट्रैस में चल रही यूनिटों को आर्थिक सहायता मिलने से भी मदद मिलेगी। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट लाभदायक साबित होगा।

### एमएसएमई को मिलेगी ऋण सहायता: आशुतोष



उद्योगपति आशुतोष आस्थाना ने मोदी सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में संकट की अवधि के दौरान एमएसएमई को ऋण सहायता का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि मशीनरी लोन 100 करोड़ तक दिया है जिससे काफी मदद मिलेगा।

### एमएसएमई को मिलेगा फायदा: सतीश सिंगल



उद्योगपति सतीश सिंगल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स में काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के लिए भी काफी मदद मिली है जिससे राहत मिलेगी और विशेष पैकेज का इंतजार किया जा रहा था इसलिए केंद्र सरकार को आने वाले समय में हिमाचल में विशेष पैकेज के बारे में सोचना चाहिए।

## बजट में सरकार ने सभी वर्गों के लिए उठाए प्रभावी कदम : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




भारत के प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट विकसित भारत के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।

गरीब, युवा, नारी अन्नदाताओं से लेकर कर-दाताओं के हितों को ध्यान रखते हुए राहत दी गई है। यह बजट देश के युवाओं के हौसलों को उड़ान देगा। कृषि के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने से लेकर उनके भंडारण और विपणन के क्षेत्र में निवेश से किसानों की बाज़ार में पकड़ और मजबूत होगी, जिससे वह अपनी शर्तों पर अपने उत्पादों को बेच सकेगा। यह बजट समाज को शक्ति देगा और युवाओं को अनगिनत अवसर देगा। कैंसर की तीन महत्वपूर्ण दवाओं की कस्टम ड्यूटी खत्म कैंसर के खिलाफ चल रही जंग और प्रभावी होगी। यह बजट नवीनीकरण ऊर्जा स्त्रोतों के अधिकाधिक दोहन के साथ पर्यावरणीय हितों के संरक्षण पर आधारित है।

हर साल देश के टॉप 500 संस्थानों से एक करोड़ युवाओं इंटर्नशिप देकर दक्ष बनाने का भरपूर लाभ मिलेगा। करदाताओं को आयकर की सीमा में दी गई छूट और आयकर के स्लैब में किए गए बदलाव से काफी राहत मिलेगी। आपदा के बाद से राहत का इंतजार कर रहे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा।

## विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में है बजट: अनुराग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-25 को समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभांवित करने वाला बजट बताते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को सिद्ध करने वाला बजट बताया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा किमोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भारत को निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रखते हुए विकसित भारत संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-2025 एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला को और सुदृढ़ करने वाला है, जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों के सशक्तिकरण की दिशा के अत्यंत प्रभावी होगा। पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाते हुए, मोदी सरकार का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने के साथ आजादी के 100वें वर्ष तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक प्रभावी बजट है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले दस वर्षों में भारत ने खुद को विश्व के सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिस्थापित किया है।

# बजट में हिमाचल को कुछ न मिलना खेद की बात: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मोदी सरकार के तीसरे टर्म का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने संसद में पेश किया। इसको लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री ने बजट में हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक सहायता न देने की बात कही और इस पर खेद जताया है। मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश और बिहार को समझौते के तहत पैसा दिए जाने की भी बात कही है।

शिमला में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल को आपदा के लिए कुछ नहीं आया है। पीएनडीए के तहत प्रदेश को सहायता की उम्मीद थी लेकिन वह पूरी नहीं हुई है उन्होंने कहा कि आपदा के लिए सहायता देने की बात बजट में हुई है लेकिन हिमाचल के साथ-साथ उत्तराखंड और सिक्किम का नाम लिया आया है। हिमाचल के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि आपदा के तहत हिमाचल को 9 हज़ार करोड़ रुपए मिलने चाहिए थे। सुक्खू ने इस दौरान आंध्र प्रदेश और बिहार को स्पैशल पैकेज दिए जाने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश और बिहार को समझौते के तहत स्पेशल पैकेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को इस बजट में कुछ खास नहीं मिला है। उन्होंने आपदा के बारे में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करके उनसे बात की थी, लेकीन हिमाचल को बजट से कुछ न मिलना खेद की बात है।

## केंद्रीय बजट में हिमाचल को थमाया उम्मीदों का झुनझुना : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि हिमाचल की केंद्र के बजट से उम्मीदें थी लेकिन केंद्र ने बजट में झुनझुना ही थमाया है।

बजट में केवल बैसाखियों पर चल रही केंद्र की सरकार को बचाने के लिए सहयोगी दलों के राज्यो की सरकारों को ही बजट दिया है जबकि हिमाचल की अनदेखी की गई। जबकि हिमाचल प्रदेश को केंद्र के बजट से काफी उम्मीदें थी खासकर आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है और आपदा राहत के लिए विशेष पैकेज कैसे बजट से उम्मीदें थी इसके अलावा भानु पाली बिलासपुर रेलवे लाइन के लिए बजट में भी कोई प्रावधान नही।

वहीं कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए भी प्रदेश सरकार पर ही वित्तिय बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में हिमाचल से मंत्री जगत प्रकाश नड्डा है वह भी हिमाचल को कुछ खास नहीं दिल पाया है।

# महिलाओं को और सस्ती मिलेगी प्रॉपर्टी स्टांप ड्यूटी में भी राहत की सिफारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने आज यानी 23 जुलाई को वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश कर दिया है। लगातार सातवीं बार बजट पेश करके रिकॉर्ड बनाते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उनका इस बार बजट का फोकस महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों पर है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अगर महिलाएं किसी प्रॉपर्टी को खरीदती हैं तो उन्हें प्रॉपर्टीज पर लगने वाला शुल्क कम देना होगा। बता दें कि अभी यह लागू नहीं हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार इसके लिए सरकार विचार करेगी। साथ ही साथ केंद्र सरकार इसे शहरी विकास योजनाओं के लिए एक जरूरी कंपोनेंट बनाने पर विचार करेगी।

केंद्रीय बजट 2024 के भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कराधान उद्देश्यों के संबंध में आधार नंबर की जगह आधार इनरोलमेंट आईडी लगाने की जरूरत को समाप्त करने का भी प्रस्ताव रखा।

### स्टांप पर लगने वाला शुल्क भी घटेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जमीन की खरीदारी पर एक और राहत की खबर दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति जमीन खरीदता है तो हम राज्यों से अपील करेंगे कि वे जमीन खरीदते समय लगने वाले ज्यादा शुल्क यानी स्टांप ड्यूटी पर ज्यादा चार्ज को कम करें। साथ ही साथ केंद्र राज्यों से यह भी कहेगा कि अगर महिलाएं जमीन खरीदती हैं तो उसपर और छूट दी जाए। वित्त मंत्री कहा कि यह सुधार शहरी विकास योजनाओं के तहत जरूरी बनाया जाएगा ताकि रेट को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपत्तियों के लिए शुल्क को और कम किया जाएगा।

### महिलाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए भी योजना

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने 5 योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री पैकेज का भी ऐलान किया। महिलाओं से जुड़ी योजना में कहा गया कि सरकार उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला छात्रावासों की स्थापना करेगी और कार्यबल में महिलाओं की उच्च भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा, महिलाओं के लिए विशिष्ट कौशल कार्यक्रम आयोजित करने के रूप में महिलाओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी।

### महिलाओं के कल्याण के लिए आवंटित किए 3 लाख करोड़

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण के दौरान महिलाओं से संबंधित कई योजनाओं और उनकी फंडिंग के बारे में चर्चा की। सरकार ने महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं के तहत 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा आवंटित किए हैं।

बजट के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए किए गए सुधार सरकार की वादों को लेकर प्रतिबद्धता की ओर इशारा करती है।



## हैप्पी बर्थडे



कुफरी के अथर्व ठाकुर पुत्र संजय और रेणुका को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## चौहान ने खड़ौठ में सुनीं जनसमस्याएं

**राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने खड़ौठ में जनता की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनका तुरंत निवारण करने के लिए कहा। अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया तथा कुछ समास्याओं को तुरंत सुलझाने के निर्देश जारी कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार सुखों की सरकार है और अभी तक के पिछले 15 माह के कार्यकाल में उन्होंने लोगों को खुशियां ही बांटी हैं। चाहे वह महिला सम्मान निधि के रूप में हो या कर्मचारी को ओपीएस के रूप में हो। चौहान ने कहा कि सुलह विधानसभा क्षेत्र का कोई भी ऐसा क्षेत्र या गांव नहीं बचा है जो प्रगति की मुख्य धारा से वंचित रह गया हो। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा में बिना पंजीकरण चल रहे होटल और गेस्ट हाउस

## साल 2023-24 में 193 मामलों में कार्रवाई कर वसूले अढ़ाई लाख

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे गेस्ट हॉउस तथा होटल हर साल सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। बता दें कि प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में पर्यटन विभाग के अंतर्गत कुल 908 होटल, गैस्ट हॉउस तथा होम स्टे आदि हैं।

वहीं जिले में अनुमान के अनुसार 1200 से भी ज्यादा होटल, गैस्ट हॉउस तथा होम स्टे संचालित हो रहे हैं। ऐसे में साफ है कि अकेले कांगड़ा जिला में 300 के करीब पर्यटन इकाइयां अवैध रूप से चल रही हैं। मैक्लोडगंज क्षेत्र से लेकर बीड़ बिलिंग तक लोग अपने घरों का व्यवसायिक इस्तेमाल कर सरकार को चूना लगा रहे हैं। घरेलू दरों पर बिजली तथा पानी के कनेक्शनों का प्रयोग करने से विभिन्न विभागों के माध्यम से राजस्व का घाटा सरकार को उठाना पड रहा है।बता दें कि पर्यटन कारोबार काफी हद तक प्रदेश के लोगों की आर्थिकी का आधार है, तो वहीं इसकी आड़ में कई होटल, गेस्ट हॉउस तथा होम स्टे बिना पंजीकरण के चल रहे हैं।

हालांकि, प्लाान अप्रूवल न होने, लैंड यूज न बदलने, ऑवर चार्जिंग, टूरिस्टों से गलत व्यवहार तथा सेवाओं में कोताही जैसे नियमों के चलते पर्यटन विभाग नियमित रूप से कारवाई करता है। बावजूद इसके अवैध रूप से चल रहे ऐसे संस्थानों पर पूरी तरह नुकेल नहीं कसी जा सकी है। पर्यटन निगम ने कांगड़ा जिला में साल 2023-24 में ऐसे 193 मामलों में होटलों आदि के चालान किए हैं। इस कारवाई में 228000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। वहीं, इस साल के शुरुआती 3 महीनों में 54 मामलों में कार्रवाई की गई है। इस साल की कारवाई में 117000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। (अनंत ज्ञान)




### अधिकारी बोले- जारी रहेगी कार्रवाई



**आंकड़ों** की पुष्टि करते हुए पर्यटन विभाग के धर्मशाला स्थित उपनिदेशक विनय धीमान ने बताया कि बिना पंजीकरण चल रहे तथा पर्यटन नियमों की अवहेलना करने वाले टूरिज्म संस्थानों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा बिना पंजीकरण चलने वाले होटलों तथा गेस्ट हॉउस पर कारवाई जारी रहेगी ताकि सरकार के राजस्व को सेंध न लगे।

## टैक्स में कुछ राहत लेकिन कैपिटल गेन पर देना होगा अब ज्यादा टैक्स : सुनील

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

वित्त मंत्री ने सीतारमन ने अपने भाषण में बजट 2024-25 के लिए करदाताओं के लिए लिए कुछ बदलाव निर्देशित किए हैं।



बजट विश्लेषण पर वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार सुनील डोगरा ने बताया की नई कर व्यवस्था के अनुसार करदाता अब 17500 रुपए तक का टैक्स बचा पाएंगे। उन्होंने बताया नए टैक्स स्लैब के अनुसार 0-3 लाख तक शून्य, 3-7 लाख तक 5 प्रतिशत, 7-10 लाख तक 10 प्रतिशत, 10-12 लाख तक 15 प्रतिशत, 12-15 लाख 20 प्रतिशत और 15 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत मान्य होगा। पुराने टैक्स संरचना के अनुसार स्पेशल डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार की गई हैं।

80सी के तहत सेविंग मैं कोई बदलाब नहीं किया गया। हालांकि, इस बजट से शेयर मार्केट और मुच्यूअल फंड निवेशकों को अब कमाई पर ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा, उन्होंने बताया मार्केट से मुनाफे पर अब लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत देना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## बजट में पहाड़ी राज्यों का नहीं रखा ध्यान : भगवान दास शर्मा



**शिवम शर्मा, परागपुर।** गांव बग्रा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भगवान दास शर्मा ने कहा है कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के विकास के लिए बजट में विशेष योजनाएं दी जानी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों की बजट में उपेक्षा की गई है। कृषि और बागवानी क्षेत्र की पूरी तरह अनदेखी हुई है। बजट में हिमाचल में रेलवे के विकास की भी किसी भी योजना का प्रस्ताव नहीं है जो बहुत ही दुखदाई है। इस बजट ने एक बार फिर से प्रदेश के लोगों को मायूस किया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पशुओं को बेसहारा छोड़ने वालों की धुनाई की

**अनंत ज्ञान, गगल।** बीती रात गांव रिन के पास ग्रामीणों ने लगाए नाके के दौरान दो जर्सी गाय को छोड़ने जा रहे लोगों को रोक कर कार्रवाई शुरू की, तो जांच करने पर पता चला कि गांव ढगवार के पशुपालक इन गायों को कही छोड़ने जा रहे थे, जिस पर ग्रामवासियों ने उनकी जमकर धुनाई कर दी। गांववासियों ने इसकी सूचना गांव पंचायत रिन की प्रधान रमा देवी को दी। इस पर कार्रवाई करते हुए रमा देवी ने पंचायत ढगवार की प्रधान सुषमा देवी को जानकारी दी तथा ग्रामीणों ने इस बारे एनजीओ संस्था क्रांति को धर्मशाला में सूचित किया। जिस पर संस्था के सदस्य दोनों घायल गाय को ढगवार उनके मालिकों के घर बांध दिया। क्रांति संस्था के सदस्यों ने पशुपालकों को चेतावनी दी कि वह उनके घर आक गायों को चेक करते रहेंगे।

### गढ़ बसदी में महाशिवपुराण कथा आज से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** ग्राम पंचायत गढ़ खास के गढ़ बसदी चौक पर सामुदायिक भवन में नौ दिवसीय महाशिवपुराण कथा का आयोजन 24 जुलाई से एक अगस्त तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय निवासी सरला गुलेरिया व नरोत्तम गुलेरिया द्वारा करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के कथा वाचक आचार्य सुरेशानंद जी महाराज होंगे, जो अपनी मधुर वाणी से संगत को निहाल करेंगे। कथा सुनने का समय प्रतिदिन दोपहर 1.30 से सायं पांच बजे तक होगा। एक अगस्त वीरवार को सुबह आठ बजे हवन-यज्ञ किया जाएगा, तदोपरांत पूर्णाहुति दी जाएगी और दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### कांगड़ा सेवियर का वार्षिक समारोह 26 को

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सेवियर संघ के अध्यक्ष विरेंद्र चौधरी ने बताया कि कांगड़ा सेवियर अपना वार्षिक समारोह 26 जुलाई सुबह 9.30 बजे पॉलिटेक्निक हाल में करने जा रहा है। इसमें एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। समारोह में डीसी हेमराज बेरवा मुख्यातिथि के रूप में तथा उनके साथ एसपी शालिनी अग्निहोत्री मौजूद रहेंगी। केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रहेंगे।

### विद्युत उपमंडल चढियार के बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढियार के 11 केवी भुआना आशापुरी फीडर के अंतर्गत आते गांवों में अलग-अलग दिनों में पांच दिन बिजली बंद रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढियार ओम प्रकाश राणा ने बताया कि टांची, भुलाना, ढुग, कोलकर, ढंडेरा, तिनबड़ लाइन की पुरानी तारों को बदलने के कार्य के चलते 25 जुलाई, 27 जुलाई, 2 अगस्त, 4 व 6 अगस्त को सुबह 9.30 से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अगर किसी कारणवस दी हुई तारीखों में कार्य समाप्त नहीं हुआ तो उससे अगले दिन कार्य किया जाएगा।

### तिनबड़ में सड़क धंसने से यातायात रहा बाधित

**अजय पाल, पंचरुखी।** सोमवार रात हुई भारी बरसात के कारण नदी-नाले उफान मे रहे व पंचरुखी क्षेत्र मे जगह-जगह ल्हासे गिरने से कुछ समय के लिए यतायात भी बाधित रहा। भारी बारिश के कारण धार क्षेत्र मे तिनबड़ के पास सड़क धंसने के कारण दोपहर तक छोटे वाहनों के लिए सड़क खोल दी है, लेकिन बड़े वाहनों को जाने से मना किया है। लोक निर्माण विभाग ने मुस्तैदी से काम करते हुए धार क्षेत्र में जितने भी ल्हासे गिरे थे, सबको साफ कर यातायात सुचारु कर दिया। मझेरना के पास सड़क में बजरी से भरा टिप्पर पलटने से चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल मे भर्ती किया गया। (अनंत ज्ञान)



### 29 तक बिजली बिल जमा करवाएं नहीं तो कटेगा कनेक्शन

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। विद्युत उपमंडल नंबर एक ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा समस्त बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि जिन्होंने अपने बकाया बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं तो वे सभी 29 जुलाई तक बिल जमा करवा दें, अन्यथा उपभोक्ताओं की लाइट बिना किसी अग्रिम सूचना के अस्थायी तौर पर काट दी जाएगी। सहायक अभियंता अजय कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### व्यक्ति से मारपीट कर उड़ा ले गए सोने की चेन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत टांडा अस्पताल के मुख्य गेट के पास कार नंबर एचपी40ई -4005 पर सवार कार चालक व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने रमन कालिया निवासी चिंतपुर्णी का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की तथा गले से सोने की चेन व 20 हजार रुपए निकालकर ले गए। पुलिस थाना कांगड़ा में इस संदर्भ में मामला दर्ज करवा दिया है। एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### संजीव बने विश्व पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष

**संजीव महाजन, नूरपुर।** विश्व पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक संजय शुक्ला तथा राष्ट्रीय महासचिव गीता शुक्ला की अध्यक्षता में जिला कांगड़ा के वरिष्ठ पत्रकार संजीव कुमार को विश्व पत्रकार महासंघ जिला कांगड़ा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए संजीव कुमार ने संजय शुक्ला व राष्ट्रीय महासचिव गीता शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कौंडल का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

### रास्ता रोक कर की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मेक्लोडगंज के अंतर्गत मेक्लोडगंज में अक्षय कुमार ने अशोक कुमार निवासी घरोह, जिला मंडी जो त्रिदेव हेल्थ केयर सेंटर भागसूनाग चलाता है, का रास्ता रोककर लड़ाई झगड़ा व मारपीट की है । शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मेक्लोडगंज में मामला दर्ज किया गया है। उधर, एसएचओ मेक्लोडगंज यादेश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### भनाला पक्का टियाला में दुकान से शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत भनाला पक्का टियाला सड़क पर आशीष कुमार निवासी भनाला की दुकान से 8,250 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना शाहपुर में दर्ज किया गया है।

### धवाला खास में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** धवाला खास में एमएमयू ज्वालामुखी द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आईसीटीसी काउंसलर्स जवालाजी सिविल हॉस्पिटल द हंस फाउंडेशन की टीम के साथ मिलकर कम्यूनिटी स्क्रीनिंग की गई। इस शिविर में मेडिकल ऑफिसर्स (एमओ) ने उनकी स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परीक्षण किए। इसके बाद, जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को जल जनित रोगों के बारे में जानकारी दी गई। इस आयोजन ने न केवल स्वास्थ्य जांच और दवाइयों के वितरण में मदद की, बल्कि समुदाय को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करके उनकी भलाई में भी योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों के बनेंगे राशन कार्ड : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवास श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड बनाना जरूरी है, ताकि सभी प्रवासी श्रमिकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों की पहचान और उन्हें राशन कार्ड जारी करने के लिए ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कमेटियों का गठन भी किया गया है, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों पंचायत निरीक्षक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव तथा स्थानीय उचित मूल्य की दुकान पर सहकारी सभा के विक्रेता को शामिल किया गया है तथा विकास खंड अधिकारियों को नोडल आफिसर के रूप में शामिल किया गया है ताकि कोई भी प्रवासी श्रमिक राशन कार्ड से वंचित नहीं रह सकें। उन्होंने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक जिनका किसी भी राज्य में राशन कार्ड नहीं बना है, ऐसे सभी श्रमिक राशन कार्ड बनाने के लिए पात्र होंगे इस के लिए उन्हें ई-श्रम कार्ड, और आधार कार्ड की प्रति उपलब्ध करवानी होगी।

## केंद्र ने पेश किया दूरदर्शी बजट : बिक्रम

**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सर्वस्पर्शी, विकासोंमुखी और 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बजट 2024-25 में पेश किया गया है।

आम बजट 2024 विकास से प्रेरित बजट है और 2047 के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को छूने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उठाया दृढ़ कदम है। पूर्व उद्योग मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर ने आम बजट 2024 में हिमाचल के विषय में अलग से बात रखने पर प्रधानमंत्री मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सातवीं बार बजट पेश करके न्याय रिकॉर्ड कायम किया है। इस बजट में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा है, जो कि विकास की धुरी है। हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा से प्रदेश को उभरने के लिए विशेष योजनाओं का उल्लेख जो बजट में हुआ है उससे हिमाचल जैसे कठिन परिस्थितियों वाले राज्य को संबल मिलेगा। हिमाचल प्रदेश के लोग जो आपदा से राहत का इंतजार कर रहे है उनके लिए यह वरदान से कम नहीं होगा।




उन्होंने कहा कि रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा विशेष प्रावधान किए हैं जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उनका योगदान सुनिश्चित करेगा। प्रशिक्षण के लिए 2लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 5 वर्ष में एक करोड़ युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के साथ प्रोत्साहन राशि के रूप में 5000-5000 रुपए देने और केंद्र सरकार द्वारा एक बार 6000 रुपए देगी। ठाकुर ने कहा कि बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर फोकस किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## बजट में हिमाचल को भूली केंद्र सरकार : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा है कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के विकास के लिए बजट में विशेष योजनाएं दीं जानी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों की बजट में उपेक्षा की गई है। कृषि और बागवानी क्षेत्र की पूरी तरह अनदेखी हुई है। बजट में हिमाचल में रेलवे के विकास की भी किसी भी योजना का प्रस्ताव नहीं है जो बहुत ही दुखदाई है। इस बजट ने एक बार फिर से प्रदेश के लोगों को मायूस किया है। मनकोटिया ने लोकसभा में प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के बजट पर निराशा प्रकट की है। इससे न तो देश की अर्थव्यवस्था सुधरेगी और न ही बेहतर विकास दर हासिल होगी। यह पूरी तरह दिशाहीन बजट है। इससे देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ेगी। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मनकोटिया ने इसे जनविरोधी करार दिया।

## श्री साई कॉलेज बधानी का ईटीटी का रिजल्ट रहा शानदार

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी पठानकोट कैंपस ईटीटी का पहले वर्ष का रिजल्ट शानदार रहा है। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि रिया (80 प्रतिशत) फर्स्ट सिंपल देवी और पूर्णिमा गुप्ता सेकंड (79 प्रतिशत) नितिका शर्मा तीसरा (78 प्रतिशत) अंक हासिल किए। कॉलेज कैंपस ईटीटी के सभी स्टूडेंट्स ने 70 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज के साथ अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया।

इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज ने स्टूडेंट्स, प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी। साथ स्टूडेंट्स के उज्वल भविष्य की कामना की। साथ में तृप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स के माता-पिता के साथ बात करके उनको बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. केवल कृष्ण और हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर, स्टाफ व अन्य शामिल था। (अनंत ज्ञान)



श्री साई कॉलेज बधानी पठानकोट के ईटीटी फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स।

## जीएस बाली के जन्मदिवस पर लगेगा बाल मेला

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**



विकास पुरुष स्व. जीएस बाली के जन्म दिवस पर हर वर्ष मनाए जाने वाले बाल मेले को लेकर मंगलवार को बाल मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड और महासचिव अरुण कटोच ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 24 जुलाई को ओबीसी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल मिलाप शर्मा करेंगे।

उन्होंने बताया कि 25 और 26 जुलाई को डिग्री कॉलेज नगरोटा बगवां में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा करेंगे। 26 को मेडिकल कैंप का उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। इस अवसर पर स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका उद्घाटन एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री करेंगी। 27 को आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा भी उपस्थित रहेंगे। 27 को बाल मेले के समापन पर मुख्यमंत्री सुक्खू भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बाल मेले में बच्चों के लिए ऊंट, हाथी, आइस्क्रीम, झूले, जलेवी आदि का भी विशेष प्रबंध किया गया है।

27 जुलाई को वॉलीबुड के कलाकार और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर बाल मेले की शोभा बढ़ाएंगे। बाल मेले के मुख्य चीफ पेटर्न और मुख्य सरंक्षण केबिनेट मंत्री आरएस बाली होंगे। कांगड़ी धाम का विशेष आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड, महासचिव अरुण कटोच, अजय सिपहिया, नरेंद्र धीमान, हंस राज

## सिविल अस्पताल में पुलिस कर्मी के साथ 3 युवकों ने की मारपीट

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



जहां पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात की गई है, अगर इस पुलिस मुलाजिमों पर कुछ लोग सरेआम हमला कर दें तो आम जनता की सुरक्षा तो राम भरोसे ही है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला पठानकोट के सरकारी अस्पताल में, जहां पर एएसआई लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, जिस पर बीती रात तीन नशे में धुत्त युवकों की ओर से हमला कर दिया गया और उसके साथ खूब मारपीट की गई। एएसआई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह पूरी वारदात वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर ली। जिसकी वीडियो लगातार वायरल हो रही है। जख्मी एएसआई को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल दाखिल करवाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है इस सबंधी एएसआई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी ड्यूटी हॉस्पिटल में लोगों की सुरक्षा के लिए लगी हुई थी। रात के समय करीब तीन युवक इधर-उधर घूम रहे थे जब उनसे पूछा तो वह गाली गलोच करने लगे और हाथापाई पर उतर आए।

## रेलवे स्टेशन पर मिला नाबालिग

**अखिल शर्मा, इंदौरा।** जिला कांगड़ा के इंदौरा में स्थित रेलवे स्टेशन कंदरोडी में बीते कल एक अंजान नाबालिग लड़का घूमता हुआ मिला जो अकेला काफी देर से इधर-उधर घूम रहा था। स्टेशन मास्टर ने उस बच्चे को पुलिस चौंकी कंदरोडी के हवाले किया, जहां रेलवे पुलिस के प्रभारी ने उसका नाम पता पूछा, लेकिन वह बच्चा कुछ नहीं बता पाया। रेलवे पुलिस ने बच्चे को खाना खिलाया और लोगों से भी उस बच्चे के बारे पूछा गया, लेकिन बच्चे के परिवारजनों का कोई पता नहीं चल पाया। (अनंत ज्ञान)



## माता बज्रेश्वरी देवी में पौराणिक गोटे की मिंजर की रस्म निभाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बज्रेश्वरी देवी पर पौराणिक गोटे की मिंजर की रस्म को विधिवत रूप से पूरा किया गया। इस पीले रंग के गोटे की मिंजर को सावन मास के प्रथम मंगलवार को माता बज्रेश्वरी देवी की पिंडी पर बांधा जाता है। एक सप्ताह पूरा होने के उपरांत मंगलवार के दिन ही इस पीले रंग के गोटे की मिंजर को विधि-विधान से पानी में प्रवाहित किया जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस मिंजर बांधने की रस्म को पूरे विधि-विधान से पूरा किया गया और आज मंगलवार के दिन इसे कांगड़ा बाईपास बनेर खड्डु पानी में प्रवाहित किया गया। इस अवसर पर मंदिर से लेकर बनेर खड्डु तक झांकियां भी निकाली गईं।

**संबोधन** जदरांगल में सीएम सुक्खू ने अड़ाया प्रोजेक्ट, चुनावों के समय कही थी 30 करोड़ भरने की बात

## धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाना ड्रीम प्रोजेक्ट : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कहा है कि वह जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने का मसला केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष उठाएंगे। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसकी लड़ाई वह हर मंच पर लड़ेंगे।

सुधीर शर्मा मंगलवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों व आम लोगों को संबोधित कर रहे थे। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का जल्द निर्माण करवाने को लेकर संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने पहुंचा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यायल के महज 30 करोड़ जमा होने हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस पैसे को जमा नहीं करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के दौरान सीएम सुक्खू ने धर्मशाला में कई बार कहा कि वह कांग्रेस के कैंडीडेट हैं। उन्होंने दर्जनों बार वादा किया कि वह सीयू के 30 करोड़ रुपए जमा करवा देंगे, लेकिन आज दिन तक उनके मुंह से सीयू शब्द तक नहीं निकला। सुधीर शर्मा ने कहा कि वह जदरांगल और कंड कड़ियाणा की जनता का दर्द भली भांति समझते हैं। इन दो पंचायतों ने करीब 600 कनाल जमीन केंद्रीय विवि के नाम की है। लंबे समय से काम न होने से हजारों ग्रामीण व धर्मशाला की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। संघर्ष समिति की मांग पर सुधीर शर्मा ने प्रतिनिधियों से वादा किया कि वह जल्द उनकी मुलाकात महामहिम राज्यपाल से करवाएंगे व उनको ज्ञापन सौंपेंगे।

### कांग्रेस ने ठप किया धर्मशाला का विकास

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की धर्मशाला में हार हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू इस हार को अब तक पचा नहीं सके हैं। यही कारण है कि धर्मशाला में जान-बूझकर काम रोके जा रहे हैं। धर्मशाला की जनता यह सब जानती है। कांग्रेस सरकार हमारी परीक्षा न ले, इसके लिए धर्मशाला की जनता व भाजपा भी कड़े कदम उठा सकती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दपुर**
विकास खण्ड भवारना डाकघर चन्दपुर तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चन्दपुर विकास खण्ड भवारना जिला कांगड़ा (हि.प्र.) में विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्माण सामग्री रेत, बजरी, क्रशर, इंट, कार्य बोर्ड लेखन /बोर्ड, सीमेंट ढुलाई VC SYSTEM आदि के लिए बर्ष 2024-25 के हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ताकि वित्त वर्ष में कार्य सुचारू रूप से चले रहें व पारदर्शिता भी बनी रहे । अतः पंचायत द्वारा यह प्रस्ताव पारित किया गया है कि विभिन्न निर्माण सामग्री के लिए मुहरबन्द निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06/08/24 तक कार्यालय समय रहेगा, तमाम निविदाएं 08/08/2024 को दोपहर बाद 12:30 पर खोली जाएंगी। निविदाकर्ता का निविदा खोलने के समय मौके पर उपस्थित होना अनिवार्य है। समस्त वेंडर GST बाले ही मान्य होंगे । M फॉर्म न होने की दशा में सरकारी दरों पर रॉयल्टी काटी जाएगी। समस्त अधिकार कोमेटी/पंचायत के पास रहेंगे ।

**प्रधान / सचिव**
**ग्राम पंचायत चन्दपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### कश्यप ने उठाया भारत माला परियोजना का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के दूसरी बार शिमला संसदीय क्षेत्र के चुने सांसद सुरेश कश्यप ने लोक सभा में शोन्यकाल के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र का पक्ष रखते हुए कहा मेरे संसदिय क्षेत्र में बद्दी बेरोटीवाला नालागढ़ एक बहुत ही महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत माला परियोजा के अंतर्गत फोर लेन की स्वीकृती हुई है। 2021 में इस कार्य को प्रंभ किया गया था, लगभग 469 करोड़ रु इसके लिए सविक्रत हुआ है और इस वर्ष 2024 में ही इसके कार्य को पूर्ण होना है। इसी प्रकार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन अभी तक इस परियोजना का मात्र 30 से 35 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है, यह फोरलेन हरियाण और हिमाचल दो राज्य से होकर जाने वाला है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण और कार्य बहुत धीमी गती से चलने के कारण, इस क्षेत्र में ट्रैफिक की भारी समस्या हो रही है। बार बार ट्रैफिक अवरुद्ध हो रहा है, जीसके कारण स्थानीय और क्षेत्र के लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेरा भूतल परिवाहन मंत्री और केंद्र सरकार से नीवेदन रहेगा की इसका कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूरा किया जा सके, ताकी स्थानीय और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों को जो दिक्कतें आ रही है उनको इन परेशानियों से नीजात मिल सके।

### सांसद राजीव ने मांगे दो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के कांगड़ा से नवनियुक्त सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने शून्यकाल के समय देश के स्वास्थ्य कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मांग करते हुए कहा कि कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र दो भागों में बंटा हुआ है, एक जिला कांगड़ा और दूसरा जिला चंबा। यह लोक सभा क्षेत्र एक दुर्गम क्षेत्र है, जहां दुर्घटनाओं के संभावनाएं ज्यादा रहती है। इस क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल या ट्रॉमा सेंटर नहीं है जिसके कारण अगर कोई दुर्घटना कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में होती है तो पीड़ित व्यक्ति को साथ लगते प्रदेश पंजाब में जा कर इलाज करवाना पड़ता है। दूरी के कारण प्रभावित व्यक्ति की रस्ते में ही मृत्यु हो जाती है, राजीव भारद्वाज ने सभापति महोदय के माध्यम से मांग उठाई कि ज़िला कांगड़ा के नूरपुर विधानसभा क्षेत्र और ज़िला चंबा के बाथरी क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी ट्रॉमा सेंटर या अस्पताल की स्थापना हो जिससे क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ होगा।

# राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को दिया मेले का निमंत्रण

**एमएम डैनियल, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला– 2024 के लिए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राजधानी शिमला में शिष्टाचार भेंट की और उन्हें मेले का निमंत्रण पत्र भेंट किया।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष मिंजर मेला आयोजन समिति ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी अवगत करवाया।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राज्यपाल 28 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 का विधिवत शुभारंभ करेंगे तथा 4 अगस्त को मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष मिंजर मेला आयोजन समिति ने इस दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्रियों, मुख्य सचिव तथा प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिला चंबा के ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले पधारने का निमंत्रण दिया है। (अनंत ज्ञान)





राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कोअंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का निमंत्रण भेंट करते हुए उपायुक्त चंबा।

## मिंजर मेले में तैनात रहेगी पुलिस रिजर्व सहित सुरक्षा एजेंसी टीमें

**अंतराष्ट्रीय** मिंजर मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कदमताल आरंभ कर दी है। जिसकी मुख्य वजह पड़ोसी राज्य जेएंडके में बढ़ आतंकवादी घटनाएं है। वहीं चंबा से महज पंजाब राज्य के पठानकोट में संग्दिधों की घुसपैठ की खबर को देखते हुए मेले के दौरान हिमाचल प्रदेश पुलिस किसी प्रकार का जोखिम उठाने के मूड में नहीं दिख रही है। जिसके चलते पुलिस ने अभी से जिला चंबा की सीमाओं से लेकर भीतर पुलिस थानों व चौकियों पर सर्तकता को बढ़ा दिया है।



अभिषेक यादव

गौर हो कि अगर हम अंतर्राष्ट्ीय मिंजर मेला सुरक्षा की बात करें तो इस दिशा में हिमाचल प्रदेश पुलिस जिला चंबा के अधिकारियों ने मास्टर प्लान तैयार कर उसे आलीजामा पहनाना आरंभ कर दिया है। हालांकि मेले के सुरक्षा के लिए प्लान के मुताबिक मांगी पुलिस नफरी अभी नहीं पहुंची है। लेकिन मेले के लिए चंबा में तैनात पुलिस जवानों सहित मेले में 7 पुलिस रिजर्व सहित सुरक्षा एजेंसी टीमें 24 घंटे चप्पे-चप्पे पर पैनी नजरें रखेंगे। जबकि जिला मुख्यालय को 3 सैक्टरों में विभाजित किया जाएगा। जिसमें एक सेक्टर चौगान नंबर एक जहां सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियां होती है।

दूसरा सेक्टर चंबा मुख्यालय वृत सर्कल रहता है जिसमें ट्रैफिक होती और तीसरा सेक्टर चौगान नंबर दो, तीन, चार व पांच नंबर रहता है। जहां झूलों व दुकानों इत्यादि की गतिविधियां होती है। जिनकी सुरक्षा के लिए करीब 450 पुलिस व गृहरक्षक जवान तैनात किए जाएंगे। जबकि सात पुलिस रिजर्व टीमें, व जिला के थाना, चौकियों से पुलिस टीमें बुलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त करीब 130 जवान गृहरक्षक विभाग से तैनात रहेंगे।

उधर इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक जिला चंबा ने बताया कि जेएंडके राज्य में बार-बार आतंकी हमलों को देखते हुए पुलिस सीमाओं से लेकर मुख्यालय तक पूर्ण रूप से मुस्तैद है। जहां तक रही बात अंतराष्ट्रीय मिंजर मेले सुरक्षा की तो इस दिशा में सुरक्षा योजना तैयार की जा रही है। जिसमें स्थानीय से लेकर रिर्जव पुलिस बल के जवान 24 घंटे सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनाने के लिए हर नागरिक को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

# दुर्गेठी के समीप ऑल्टो कार रावी में गिरी, एक युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



रावी में गिरी हुई दुर्घटनाग्रस्त कार।

पठानकोट–भरमौर नेशनल हाईवे पर दुर्गेठी के समीप एक ऑल्टो कार एचपी 48 9560 दुर्घटनाग्रस्त होकर रावी नदी में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है और एक घायल हो गया है घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया गया है। मृतक युवक का नाम दाऊद पुत्र युसूफ मोहल्ला सुलतानपुर चंबा व घायल युवक का नाम साहिल बताया गया है। हादसा रात करीब 12ः00 बजे के बाद का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक जब सुबह लोग अपनी दुकान खोलने के लिए दुर्गेठी से लूना की तरफ पैदल जा रहे थे। उस समय रावी नदी में एक कार दिखी। जिसमें एक व्यक्ति नदी के किनारे मृत पड़ा हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और इसकी सूचना भरमौर थाने को दी।

स्थानीय लोग जब दुर्घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था जबकि एक व्यक्ति घायल था जिसे पूछताछ करने पर यह पता चला है कि दोनों युवक चंबा के हरदासपूरा के हैं और चंबा से भरमौर की तरफ जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत उठाकर मेडिकल कॉलेज चंबा उपचार के लिए भेज दिया है।

वहीं पुलिस थाना भरमौर ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है। मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की है।

# बिजली की आंख-मचौनी से उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख मचौनी का दर्द मानसून के दौर में सहने को विवश है। शहर क्षेत्र के उपभोक्ताओं का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि हर रोज किसी समय भी विद्युत अघोषित कट लग रहे है। उन्होंने कहा कि कभी सुबह, कभी शाम तो कभी रात–रातभर विद्युत गुल रहती है।

वहीं अचानक लंबा विद्युत कट लगने पर जब उपभोक्ताओं ने इस बारे में विद्युत शिकायत कक्ष से संपर्क करना चाहा तो फोन अंगेज की वजह से संपर्क नहीं हो पाया। जिसके चलते बोर्ड के प्रति उपभोक्ताओं में काफी मलाल है। उधर बोर्ड का अपने बचाव में कहना है कि विद्युत तारों पर पेड़ गिरने के कारण वह टूट रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं व विद्युत लाइन सुरक्षा के लिए बोर्ड को अघोषित कट लगाना पड़ा।

विद्युत उपभोक्ताओं में विनीत, पवन, अमित, नीरज, योगेंद, हेम राज, अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविन्द्र कुमार, रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि गत माह से गिने–चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की विद्युत गुल हो जाती है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई मर्तबा बार बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन आज दिन समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।

> प्राकृतिक आपदा से जगह-जगह हो रहे भूस्खलन व पेड़ों के बिजली लाइनों पर गिरने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो रही है। जिससे के चलते बोर्ड को अघोषित विद्युत कट मुख्यालय के चौगान, कसाकड़ा, जुलाकड़ी, माईकाबाग, सुल्तानपुर व परेल क्षेत्रों में विवशता कारण अघोषित कट लगाने पड़ रहे। ताकि विद्युत संचार व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकें। ताकि विद्युत कट की उपज रही विद्युत समस्या का जल्द स्थायी समाधान करवाया उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके।
>
> **-परवेश ठाकुर, अधिशाषी अभियंता विद्युत बोर्ड चंबा।**

# परियोजना प्रभावित परिवारों को 4 करोड़ 31 लाख की धनराशि वितरित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं सदस्य सचिव लाड़ा भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि निदेशक ऊर्जा द्वारा चमेरा–।।। के अंतर्गत 4 करोड़ 55 लाख 14 हजार 335 रुपए की कुल धनराशि भरमौर के परियोजना प्रभावित परिवारों के लोगों को 1त्न देय वार्षिक राशि के रूप में वितरित की गई है।

उन्होंने बताया कि यह धनराशि वर्ष 2017 –18 व 2020 –21 के लिए आबंटित की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत लोथल, गैहरा, ब्रही, लेच, किलोड, खुन्देल, राडी, सुनारा, छतराडी, औरा, गरोला, उल्लासां, पूलन और खणी के परियोजना प्रभावित परिवारों के कुल 5263 लाभार्थियों को 4 करोड़ 31 लाख 35 हजार 856 की कुल धनराशि उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिन पंचायतों के लाभार्थियों के खाता संख्या व आईएफएससी कोड प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने उन पंचायत के सचिवों को उन लाभार्थियों की बैंक डिटेल पूर्ण रूप से एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश जारी किए हैं ताकि शेष बची राशि अन्य बचे परियोजना प्रभावित परिवारों के खाते में भी लाडा राशि का भुगतान शीघ्र किया जा सके।

# सलूणी और तीसा उपमंडल के 79 कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मिंजर मेले को लेकर ऑडिशन देते हुए कलाकार।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों के चयन हेतू आज दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा (बाल) में सलूणी और तीसा उपमंडल से संबंध रखने वाले 79 कलाकारों के ऑडिशन लिए गए। इस संदर्भ में जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा विभिन्न कलाकारों के ऑडिशन लिए गए। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी में जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, जिला लोक संपर्क अधिकारी वलबीर सिंह, सहायक आचार्य सचिन, प्रसिद्ध संगीतकार पीयूष राज, संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल, अजित भट्ट, केएस प्रेमी व दीपक शर्मा शामिल हैं।

आडिशन प्रक्रिया 22 से 26 जुलाई तक अयोजित की जा रही है। यह प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात गायकों व नृतक दलों को मेरिट के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के मंच पर प्रस्तुतियां देने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया ऑडिशन प्रक्रिया में 24 जुलाई को भटियात व डलहौजी उपमंडल, 25 जुलाई को चंबा उपमंडल तथा 26 जुलाई को जिला से बाहर के कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा।

# भोजनालयों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

सयुंक्त किसान मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राज्य सरकारों द्वारा जारी सरकारी आदेश का कड़ा विरोध किया है जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान सभी भोजनालयों को उनके धर्म की पहचान के लिए मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया गया था। एसकेएम को आशंका है कि मालिकों के नामों का ऐसा प्रदर्शन अल्पसंख्यकों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आरएसएस और भाजपा की सांप्रदायिक योजना का आसान निशाना बना देगा।

हिप्र किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने मंगलवार को मिडिया को जारी बयान में कहा है कि यह आदेश स्पष्ट रूप से धर्म के आधार पर दुकान मालिकों के चयन में भेदभाव करने के लिए जारी किया गया है। यह भारत के संविधान का गंभीर उल्लंघन है,।

उन्होने कहा कि एसकेएम ने आदेश पर रोक लगाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद की कि संवैधानिक सिद्धांतों को कोई संभावित खतरा नहीं होगा और संविधान का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. तंवर ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने समय–समय पर सभी धर्मों की मिश्रित संस्कृति का आनंद लिया है और उसे संजोया है।

# एमएस रामचंद्र राव ने न्यायालय कक्षों का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उद्घाटन के दौरान एसएस रामचंद्र राव व अन्य।

माननीय मुख्य न्यायाधीश हिमाचल उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति एम. एस. रामचंद्र राव, मंडी जिला के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल व हिमाचल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की उपस्थिति में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सिविल जज सरकाघाट में न्यायालय कक्षों सहित वलनरेबल विटनेस डिपोसिशन सेंटर का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर माननीय मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकाघाट के लोगों व अधिवक्ताओं को नये न्यायालय का लोकार्पण करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि सरकाघाट का न्यायिक परिसर बनाने के लिए भूमि का चयन किया जा चुका है और उसका निर्माण कार्य जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी राजेश तोमर ने माननीय उच्च न्यायालय का दो नए न्यायालय कक्ष एवं वलनरेबल विटनेस डिपोसिशन सेंटर के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए स्वागत करते हुए बताया कि इन दो नए न्यायालयों का लोकार्पण होने से सरकाघाट की आम जनता एवं वकीलों को सहुलियत प्राप्त होगी।

मौजूदा समय में न्यायालय जिन भवनों में कार्य कर रहे थे। वह जर्जर हालात में थे। तथा सिविल जज सरकाघाट का न्यायालय सरकाघाट स्कूल के भवन में चल रहा था। प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने इस मौके पर प्रशासन के प्रयासों को सराहते हुए बताया कि मिनी सचिवालय के परिसर में अब सरकाघाट के लोगों को सिविल कोर्ट एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की सेवाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। बार एसोसिएशन सरकाघाट की तरफ से अनीश शर्मा जी ने इस मौके पर माननीय मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## दिहाड़ी करने पर मजबूर हुए अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एचआरटीसी भर्ती प्रक्रियां लटकने से अब अभियार्थी दिहाड़ी करने पर मजबूर हो गए है। परिचालक के 360 पदों पर भर्ती प्रक्रिया दो वर्षों के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है, जिससे परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों व उनके परिवारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस लंबे इंतजार के कारण 357 अभ्यर्थी रोजगार की आस में दिहाड़ी–मजदूरी करने को मजबूर हो गए हैं।

दिसंबर 2023 में आयोजित हुई परीक्षा के बाद मार्च 2024 में इसका फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया था। इसके बावजूद, दो बार आचार संहिता लागू होने के चलते इन्हें अब तक जॉइनिंग नहीं मिल पाई है। इस दौरान 16 मार्च को फाइनल रिजल्ट घोषित होने के बाद लगभग चार महीने बीत गए हैं।

# रेडक्रॉस के एंबुलेंस बेड़े में नए शव वाहन का हो प्रावधान : तोरुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में जिला रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान उपायुक्त कुल्लू ने बैठक में लिए गये निर्णय को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिये ताकि सभी पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उपायुक्त ने बताया कि रेडक्रॉस के एंबुलेंस बेड़े में नए शव वाहन का प्रावधान किया जायेगा जिसका किसी निगम या गैर सरकारी संस्था के माध्यम से इंतजाम किया जाएगा ताकि सुदूर क्षेत्रों तक भी इसकी सेवाएं लोगों को मिल सके।

इसके अतिरिक्त विभिन्न रोगियों को समय समय पर ऑपरेशन के लिए प्रदान की गई सहायता राशि को तथा बाढ़ में गत वर्ष में आई आपदा से राहत स्वरूप विभिन्न कार्यों के लिए प्रदान की गई अतिरिक्त 79 लाख 33 हजार रुपए की राशि के व्यय को भी मंजूरी प्रदान की गई। उपायुक्त ने बताया कि आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को तुरंत राहत के रूप में जिला रेडक्रॉस द्वारा 3700 तिरपाल, 50 गद्दे, 300 बाल्टियां इत्यादि प्रदान की गई थीं।

## सूडोकु 0005

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0004 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# चियोग स्कूल में नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में मानव कल्याण सेवा समिति के सौजन्य से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देने और मादक पदार्थों की रोकथाम बारे एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने की। उन्होने अपने संबोधन में बताया कि नशे का बढ़ते प्रचलन से युवाओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। नशे के कारण अनेक परिवार बर्बाद हो चुके हैं। जो मनुष्य नशे का सेवन करता है उसका दुष्प्रभाव परिवार और विशेषकर युवाओं पर पड़ता है। जोकि चितां और चिंतन का विषय है।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने नशे एवं मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर एक लघु नाटक प्रस्तुत करके नशा मुक्ति का संदेश दिया। इसके अलावा बच्चों ने नशा मुक्ति पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सेवा समिति के अध्यक्ष केशव राम ने विचार प्रस्तुत किए और युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने की सलाह दी और बच्चों से आग्रह किया कि इस नशा मुक्ति का संदेश अपने घर और आसपास पड़ोस तक पहूंचाएं ताकि युवा पीढ़ी को इस बिमारी से बचाया जा सके।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं और उपस्थित सभी लोगों को नशा और मादक पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मानव कल्याण सेवा समिति के कौशल्या बनोल्टा गौरवेश प्रदीप तथा विद्यालय सभी प्राध्यापक, अध्यापक सहित आदि मौजूद थे।



चियोग स्कूल में नशा निवारण कार्यक्रम।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

**24 जुलाई, 2024, बुधवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** तृतीयः (7:32) **: नक्षत्र :** शतभिषा (6:15), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** सौभाग्य (11:09) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:27 -2:09 ।

### विशेष दिन

- 24 जुलाई 2024 : संकष्टी चतुर्थी व्रत आज।
- 24 जुलाई 2024 : जया पार्वती पारणा व्रत आज।

**मेषः** आज खास डील फाइनल हो जाएगी। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है।

**वृषभः** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

**मिथुनः** किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

**कर्कः** समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

**सिंहः** भौतिक विकास का योग अच्छा है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा।

**कन्याः** अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा।

**तुलाः** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिकः** फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त, जड़ जमा रहे हैं। आज का दिन इस सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें।

**धनु :** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकरः** आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

**कुंभः** आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। आज का दिन काफी रचनात्मक है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें।

**मीनः** पुत्र-पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है।

# केंद्र अर्थव्यवस्था का समाधान निकालने में पूरी तरह विफल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा है कि केंद्रीय बजट बेरोजगारी, महंगाई, अमीरी और गरीबी में बढ़ती असमानता, घटते निवेश व सिकुड़ती अर्थव्यवस्था का समाधान निकालने में पूरी तरह विफ़ल रहा है। बजट अर्थव्यस्था को विस्तार देने में पूरी तरह विफल रहा है। इस से भविष्य में जनता के दुखों व बेरोजगारी में बढ़ोतरी होना तय है। बजट मजदूर कर्मचारी किसान व आम जनता विरोधी है।

बजट पूंजीपतियों को रियायतें देने वाला है। मजदूरों की 26 हज़ार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग को अनदेखा किया गया है। बजट कैजुअल, टेम्परेरी, ठेका, आउटसोर्स, कॉन्ट्रैक्ट, मल्टी टास्क, मल्टी परपज, फिक्स टर्म कर्मियों व अन्य कच्चे रोज़गार के नियमितीकरण के सवाल पर खामोश है।

आंगनबाड़ी, आशा व अन्य योजना कर्मियों को नियमित करने पर बजट खामोश है। बजट ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के नाम पर मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को लादने की प्रक्रिया में अग्रसर है। यह बजट सार्वजनिक उपक्रमों व सेवाओं तथा मनरेगा आदि को कमजोर करने तथा नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को लागू करने का क्रम है। खाद्य सब्सिडी को घटाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# राजनेताओं की मेहरबानी से शिक्षा विभाग में निकले 7 साल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

कथित राजनीतिक प्रभाव के चलते शिक्षा विभाग में कार्यरत एक टीजीटी मेडिकल ने फर्जी डिग्री के बावजूद भले ही 7 वर्ष बे रोक टोक सेवाएं दी लेकिन माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कड़ा संज्ञान लेने बाद अब शिक्षिका को शिक्षा निदेशालय ने तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शिक्षिका द्वारा फर्जी डिग्री होने के बावजूद नौकरी लेने का मामला 2019 में सामने आया था मिली जानकारी अनुसार सुषमा कुमारी पत्नी सुशील कुमार शर्मा गांव भरौरी (धर्मपुर) द्वारा 25 अगस्त 2018 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर में बतौर टीजीटी मेडिकल की नौकरी ज्वाइन की थी अध्यापिका द्वारा नौकरी ज्वाइन करने के बाद ही

### अब सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया बाहर का रास्ता

शिकायतकर्ता द्वारा फर्जी डिग्री से नौकरी प्राप्त करने को लेकर तथ्यों सहित इसकी शिकायत डायरेक्टर एलिमेंट्री को कर दी थी निदेशालय द्वारा अपने स्तर पर जांच करने पर पाया कि सुषमा कुमारी द्वारा जो भारतीय शिक्षा परिषद यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश की जो बीएड डिग्री लगाई गई है।

उसे यूजीसी द्वारा फ्रॉड यूनिवर्सिटी करार दिया गया है विभाग ने अध्यापिका को फ्रॉड डिग्री से नौकरी करने को लेकर उसकी तत्काल सेवाएं समाप्त करने का नोटिस जारी कर दिया लेकिन अध्यापिका ने इस आदेश को रद्द करने और अपनी सेवाएं जारी रखने के लिए माननीय उच्च न्यायालय में इसे चैलेंज कर दिया न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया उसके बाद अध्यापिका ने हाई कोर्ट में एलपीए दायर की न्यायालय को डबल बेंच ने उस पर सुनवाई करते हुए इस याचिका को भी खारिज कर दिया। शिक्षा निदेशालय की ओर से अध्यापिका को टर्मिनेट करने के आदेश जारी किए हैं।

> सीसे स्कूल सिद्धपुर में बीएड की फर्जी डिग्री लेकर, वर्ष 2018 से नौकरी कर रही अध्यापिका सुषमा कुमारी पत्नी सुशील कुमार शर्मा गांव भरौरी (धर्मपुर) को टर्मिनेट करने की आदेश जारी कर दिए गए हैं।
>
> **-आशीष कुमार कोहली, डायरेक्टर एलिमेंट्री।**

**मन** को शांत करने, तनाव कम करने और आराम पाने के लिए दैनिक आधार पर ध्यान करें। -दलाई लामा

## संपादकीय

# भविष्य का बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सातवीं बार केंद्रीय बजट पेश कर हर वर्ग को राहत पहुंचाने की कोशिश की है। बजट में गरीब, महिला, युवा और अन्नदाताओं पर फोकस किया गया है। सरकार ने मुख्य रूप से नौ प्राथमिकताएं तय की हैं। सरकार देश में कृषि उत्पादकता और कृषि की मजबूती करने का इरादा रखती है। रोजगार और कौशल के साथ-साथ सामाजिक न्याय देना चाहती है। सरकार ने मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विसेज का ध्यान भी रखा है। शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट के जरिए देश को प्रगति के पथ पर लेने जाने की मंशा है। कुल मिलाकर, इस बजट को मंगलमय तथा भविष्य का बजट कहा जा सकता है। सरकार ने जहां गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए अपना खजाना खोला है तो वहीं, युवाओं के लिए नौकरी के दरवाजे भी खुलने की आस बंधी है। वित्त मंत्री के पिछले और इस बार के बजट में कई महत्वपूर्ण अंतर भी देखने को मिले हैं।

रोजगार और कौशल पर ज्यादा जोर दिया गया है। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिसमें नए रोजगार के अवसर पैदा करने और कौशल बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियां बनाई जाएंगी। बजट में परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास के लिए एक प्रमुख प्रोत्साहन की घोषणा की गई है, जिसमें भारत छोटे रिएक्टरों की स्थापना और परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है। यही नहीं, इंटर्नशिप के अवसर भी मिलेंगे। बजट में अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को 5,000 रुपए के मासिक भत्ते और 6,000 रुपए की एकमुश्त सहायता के साथ इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की योजना पेश की गई है। कृषि क्षेत्र को बढ़ावा सरकार देना चाहती है इसलिए बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जिसमें उत्पादकता में सुधार और किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है।

पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार हुआ है। बजट में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया है, जिससे 80 करोड़ लोगों को फायदा होगा। ग्रामीण विकास तो सरकार के एजेंडे में पहले से ही था और इस बार भी है। बजट में ग्रामीण विकास पहलों के लिए 2.66 ट्रिलियन रुपए का आवंटन किया गया है, जिसमें बुनियादी ढांचे में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। नए औद्योगिक पार्कों को तवज्जो दी जाएगी। बजट में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना की घोषणा की गई है, जिसका ध्यान औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और नए रोजगार के अवसर पैदा करने पर है। मोदी सरकार सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देने जा रही है।

हाशिए पर मौजूद समूहों का उत्थान का वादा सरकार करती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का लक्ष्य गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों की जरूरतों, आकांक्षाओं और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनका उत्थान करना है। सामाजिक न्याय को एक शासन मॉडल के रूप में पेश करने की कोशिश सरकार करना चाहती है। यही नहीं, सरकार सामाजिक न्याय को केवल राजनीतिक नारों से परे एक आवश्यक शासन मॉडल के रूप में देखती है।

सरकार के विकास कार्यक्रम प्रत्येक घर और व्यक्ति को लक्षित करते हैं, जिनमें मुख्य रूप से आवास, पानी, बिजली, रसोई गैस, बैंक खाते और वित्तीय सेवाएं जैसी बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान करना है। इस बजट का लक्ष्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देता दिख रहा है। सरकार ने अपने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खजाने खोले हैं, लेकिन हिमाचल को फिर लॉलीपॉप थमा दिया गया है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि हिमाचल को बजट में कई सालों से कुछ नहीं मिल रहा है। हालांकि बजट में हिमाचल में पिछले साल आपदा में हुए नुकसान के बदले इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए पैसा देने की बात जरूर की गई है, लेकिन यह पैसा कितना होगा इसके बारे में केंद्र सरकार ने राशि का जिक्र कतई नहीं किया है। हिमाचल के लोग इस बजट से खिन्न हैं। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी सरकार का यह बजट देश के विकास को और आगे ले जाएगा। जितनी भी बजट घोषणाएं की गई हैं, वह जरूर पूरी होनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध बांसुरी वादक

**पन्ना लाल** घोष का वास्तविक नाम 'अमूल ज्योति घोष' भारत के प्रसिद्ध बांसुरी वादक थे। पंडित पन्नालाल घोष 'बांसुरी के मसीहा' नई बांसुरी के जन्मदाता और भारतीय शास्त्रीय संगीत का युगपुरुष, जिसने लोक वाद्य बांसुरी को शास्त्रीय के रंग में ढालकर शास्त्रीय वाद्य यंत्र बना दिया। अमूल ज्योति घोष के नाम से जाने जाने वाले पंडित पन्नालाल घोष का जन्म पूर्वी बंगाल के बारीसाल में हुआ था। हारमोनियम उस्ताद खुशी मोहम्मद खान उनके पहले गुरु थे और ख्याल गायक पंडित गिरजा शंकर चक्रवर्ती एवं उस्ताद अलाउद्दीन खान साहब से भी उन्होंने शिक्षा हासिल की थी। पन्नाबाबू शास्त्रीय बांसुरी के जन्मदाता हैं और उन्हें बांसुरी का मसीहा कहना समीचीन होगा। जिन्हें बांसुरी को लोक वाद्य से शास्त्रीय वाद्य यंत्र के रूप में स्थापित करने का श्रेय जाता हैं। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम था कि 1930 में उनका पहला एलपी जारी हुआ। आने वाली सदियां पन्नाबाबू के काम को कभी भूल नहीं सकती हैं। उन्हीं का प्रयास है कि कृष्ण कन्हैया की बांसुरी का आज के फ्यूजन संगीत में भी अहम स्थान है। बांसुरी को शास्त्रीय वाद्य के रूप में लोगों के दिलों में बसाने का काम पन्नाबाबू ने शुरू किया था और पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जैसे बांसुरी वादकों ने इस वाद्य यंत्र को विदेशों में लोकप्रिय कर दिया। पन्नालाल जी ने कई फिल्मों में भी बांसुरी बजाई थी, जो आज भी अद्वितीय है। जिनमें मुगले आजम, बसंत बहार, बसंत, दुहाई, अंजान और आंदोलन जैसी कई प्रसिद्ध फिल्में प्रमुख हैं जिसके संगीत के साथ पंडित पन्नालाल घोष का नाम जुड़ा रहा। ■



**पन्ना लाल घोष**
**जन्म :** 24 जुलाई, 1911
**मृत्यु :** 20 अप्रैल, 1960

## अपनी बात

**हमारे** देश में ब्रिटिश काल से चले आ रहे पुराने आपराधिक कानूनों भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी, अपराध संहिता यानी सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम यानी इंडियन पैनल कोड में ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। पुराने कानूनों को बदलने के लिए नए कानून पास हुए हैं। ये नए कानून पूरे भारत में एक जुलाई, 2024 से लागू हो गए हैं। नए कानूनों में बहुत सारे बदलाव हो गए हैं। कुछ बदलाव ऐसे हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से हर व्यक्ति को प्रभावित करेंगे। भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस, भारतीय नागरिक संहिता यानी बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी बीएसए ये तीन नए कानून हैं, जो कि आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन पैनल कोड को रिप्लेस करेंगे। कानूनों का उद्देश्य पुरानी संहिताओं को बदलना, त्वरित न्याय सुनिश्चित करना और समकालीन तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बिठाना है।

**-सारिका अवस्थी, जदरांगल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में 'नशा निरोधक दस्ते करेंगे नशे पर प्रहार

यह तो हम सभी जानते हैं कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जो स्वस्थ शरीर को खोखला करने में भरपूर सहयोग करता है। बावजूद इसके धड़ल्ले से मादक पदार्थों का सेवन खुलकर किया जा रहा है और देश का मजबूत स्तंभ कहे जाने वाले युवा वर्ग भी इससे अछूता नहीं है, पर मसला सिर्फ यहीं खत्म नहीं होता कि हम सभी सिर्फ चर्चाओं के दौर तक ही सीमित रहें। इन चर्चाओं से हमारे समाज पर क्या प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं, ये रेखांकित करने के विषय हैं। क्योंकि ज्यादातर ऐसे विषयों पर चर्चा जैसे ही खत्म होती है, वैसे ही इन चर्चाओं के प्रभाव को वहीं विराम भी लगा दिया जाता है।

अभी हाल ही में प्रदेश के ही एक जिला में दो युवकों का वीडियो सोशल प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हुआ है। जिसमें मादक पदार्थों का सेवन करते हुए, उन्हें साफ तौर पर देखा जा सकता है। पुलिस ने भी इस पर कड़ा संज्ञान लिया है, जो समाज हित के लिए अच्छी बात है। लेकिन यह कोई नया वाक्य नहीं है। कुछ समय पहले भी प्रदेश में नशीले पदार्थों की अधिमात्रा या यूं कहें तो नशीले पदार्थों की लत ने एक युवक का सामना मौत तक से करवा दिया था। ईटीवी भारत द्वारा प्रकाशित एक खबर ने खुलासा किया है कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश के लगभग 58 युवा नशे की लत के कारण अपनी जान तक गंवा चुके हैं। भविष्य के संदर्भ में, यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। एनडीपीएस एक्ट व कड़े कानून होने के बावजूद आज का युवा नशे की जद में फंसता चला जा रहा है। बेहद अचंभे की बात है कि लगभग सभी मादक पदार्थों पर साफ अक्षरों में वैधानिक चेतावनी दर्शाई जाती है जैसे - 'यह सेहत के लिए बेहद हानिकारक है' बावजूद इसके नशे से प्राप्त होने वाले अंधकारमय जीवन को हंसते-हंसते गले लगाकर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाता है, अब इसे अनभिज्ञता कहें या नासमझी? चूक कहां हो रही है, इस पर धरातल पर उपयुक्त रणनीति बनाने की आवश्यकता है।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी**
शीला चौक, धर्मशाला

हालांकि, हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा अभी हाल ही में, नशे पर प्रहार के दृष्टिकोण से आशा की एक नई किरण जरूर अमल में लाई गई है। जानकारी के अनुसार, इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को विभाग द्वारा 'नशा निरोधक दस्तों' के गठन हेतु सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि नशा निरोधक दस्ते का गठन स्कूल के प्रधानाचार्य/संचालक, अध्यापक, विद्यार्थी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, अभिभावक व स्थानीय प्रतिनिधि के सीधे नियंत्रण में होगा। इस दस्ते में विद्यार्थी को जगह देना, नशे को लगाम लगाने के लिए एक अनूठा कदम बना देता है। क्योंकि, जो बात कभी-कभार शायद बड़े नहीं कह सकते या यूं कहें कई बार नजरअंदाज कर दिया करते हैं, वह बात होनहार विद्यार्थी बेहद सहजता से अपने शिक्षकों से सांझा कर दिया करते हैं। खैर, शिक्षा विभाग द्वारा छेड़ी गई यह पहल क्या बदलाव लाती है, यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में छिपा है। हालांकि, इस तरह की पहल से बेहतर परिणाम सामने निकलकर न आएं, यह कहना भी उचित नहीं है।

इसके साथ ही यदि हम यह मान लें कि समाज को नशा मुक्त बनाने की सारी जिम्मेदारी अब यह नशा निरोधक दस्ते ही संभालेंगे तो यहां हम पूर्णतया गलत साबित होंगे। नशे के खिलाफ लड़ी जाने वाली कोई भी जंग इतनी आसानी से जीती जाने वाली जंग नहीं है। इस जंग को जीतने के लिए हर घर से एक योद्धा को स्वत: खुल कर सामने आना होगा, जो समाज सुधारक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान बखूबी से निभाए। इसकी शुरुआत सभी को अपने-अपने घरों से ही करनी होगी, तभी हम एक स्वस्थ समाज की आकांक्षा रखने के अधिकारी बन सकते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों के हर कदम के प्रति बेहद सजग रहने की आवश्यकता है। एक अभिभावक ही होते हैं जिन्हें अपने बच्चों के आचरण व उनके व्यवहार की पूरी जानकारी होने की ज्यादातर संभावना बनी रहती है। इसलिए, अभिभावकों को चाहिए कि यदि उन्हें, आपके बच्चों के व्यवहार में, उनके आचरण में कोई भी बदलाव देखने को मिलें तो उनके साथ थोड़ा और समय बिताना आरंभ करें। अपने बच्चों के साथ एक दोस्त बनकर रहें, ताकि वह कोई भी बात आपसे छिपाए न। विशेषकर अपने बच्चों की संगत के बारे में अवश्य सतर्क रहें। अन्य पहलू पर यदि हम गौर करने का प्रयत्न करें, तो एक और जहां भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य जीवन शैली को अपनाकर, आज के युवाओं को हम नशे से दूर रखने में सफल हो सकते हैं, तो दूसरी ओर एक कदम आध्यात्मिकता की ओर भी बेहद आश्चर्यपूर्ण परिणाम दिखाने में कारगर साबित हो सकता है।

मूलरूप से नशे की लत से छुटकारा तभी पाया जा सकता है, जब हमारे मन में स्थिरता लाई जा सके और अध्यात्म मार्ग से ऐसी स्थिरता बखूबी प्रयोग में लाई जा सकती है। इस विषय में देश के आध्यात्मिक गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्री प्रभुपाद जी द्वारा यह समझाया भी गया है कि मानव जीवन आध्यात्मिक अनुभूति द्वारा शाश्वत (सदा रहने वाला) एवं असीमित सुख प्राप्त करने के लिए है। इस कथन को अपनाते हुए, समाज के हर युवा को एक संकल्प लेना चाहिए कि हमें अस्थायी सुख की अपेक्षा हमेशा स्थायी सुख की ओर अग्रसर रहना है। समाज के हर युवा को अपने व्यवहार में इस कदर बदलाव लाने की आवश्यकता है कि उसे नशीले पदार्थों के प्रति कोई विचार ही न सताएं। आमतौर पर यह देखा जाता है कि आज के युवा अकेलेपन को ज्यादा तरजीह या प्राथमिकता देते हैं और यही अकेलापन उनके भविष्य के साथ खेलना कब शुरू कर देता है, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं होती।

नतीजन ज्यादातर युवा, कई तरह के विचारों के भंवर में फंस कर जाने-अनजाने नशे के अधीन होकर रह जाते हैं। जबकि, हर किसी युवा के भीतर कोई न कोई कला हमेशा छिपी रहती है, जिसके लिए युवाओं को अपनी कला के प्रति संजीदगी दिखाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, बजाए इसके कि वह यहां-वहां नशे के गुलाम बन कर अपना भविष्य बिगाड़े। इसके लिए अभिभावकों अथवा शिक्षकों को भी इनके सहायक बनना है, ताकि बच्चे किसी भी तरह की कमी महसूस न करें और जीवन के महत्व को समझने का प्रयास करें। जिस तरह, सरकार ने नशा निरोधक दस्तों का गठन करके अनूठी मुहिम छेड़ी है, उसी के प्रासंगिक, देश का स्तंभ कहे जाने वाले युवाओं के लिए यदि प्रदेश के हर स्कूल में 'आध्यात्मिक शिक्षा' अथवा 'आध्यात्मिक शिवरों' का आयोजन करवाया जाए तो नि:संदेह यह एक निर्णायक कदम, नशे की लड़ाई के विरुद्ध मील का पत्थर साबित होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आखिर क्यों जरूरी है बफर स्टॉक

गेहूं और चने की खुले बाजार में बिक्री से अनाज और दालों की बढ़ती महंगाई को रोकने में मदद मिली है। बढ़ते जलवायु-संचालित आपूर्ति झटकों और मूल्य अस्थिरता के बीच बफर स्टॉक को अन्य प्रमुख खाद्य पदार्थों तक बढ़ाना समझदारी है। मूल्य वृद्धि को कम करने के लिए बफर स्टॉक को चावल, गेहूं और चुनिंदा दालों के अलावा तिलहन, सब्जियों और यहां तक कि दूध पाउडर को भी शामिल किया जाए।

भविष्य में बाजार स्थिरीकरण के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बनाने के लिए अधिशेष वर्षों के दौरान खरीद बढ़ाने की वकालत की जाती है। बफर स्टॉकिंग जलवायु परिवर्तन से प्रेरित कृषि अनिश्चितताओं से प्रभावित मूल्य अस्थिरता को कम कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को लाभ होगा। दरअसल बफर स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना ( 1969-74 ) के दौरान शुरू बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है।



**लेखिका : प्रियंका सौरभ**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान। जलवायु-संचालित मूल्य अस्थिरता में वृद्धि-जो अंततः न तो उपभोक्ताओं और न ही उत्पादकों की मदद करती है- केवल खाद्य बफर नीति के मामले को मजबूत करती है।

आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कमी की अवधि के दौरान बफर स्टॉक जारी किया जाता है, जिससे उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए 2019 में प्याज की कीमत में उछाल के दौरान भारत सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने, कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्याज सस्ता बना रहे। बफर स्टॉक बनाए रखने से सरकार आपूर्ति की कमी के दौरान कीमतों में भारी वृद्धि को रोक सकती है, जिससे बाजार की मांग संतुलित रहती है। उदाहरण के लिए 2020 में सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के लिए बफर स्टॉक से दालें जारी कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उत्पादन में कमी के बावजूद दालें उपलब्ध और सस्ती बनी रहें। बफर स्टॉक बाजार में आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को विनियमित करके अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को सुचारु बनाने में मदद करते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## कविता



### मतलबी का दौर है

राकेश डोगरा
वरिष्ठ पत्रकार

*भूखे भी न रह रहे*
*फिर भी मन में चाह है,*
*लूटकर-खसोटकर*
*और ज्यादा पाने की।*
*मुंह में राम नाम है*
*दिल में मक्कारी भरी,*
*बड़ी चापलूसी से*
*करें बात समझाने की।*
*रिश्ते सब हैं नाम के*
*'मतलबी' का दौर है,*
*औपचारिकता मात्र शेष है*
*जमाने को दिखाने की।*
*चार दिन की जिंदगी*
*'राकेश' हंस के जी इसे*
*बड़े-बड़े मिट्टी हुए, यहां*
*औकात क्या दीवाने की।*

# हिंदुओं को हिंसक बताना किसी भी सूरत में ठीक नहीं

लोकसभा चुनावों की बेला पर राहुल गांधी संविधान को खतरे में बताकर बेशक भाजपा को पटकनी दे पाए हैं। विपक्ष का नेता बनते ही राहुल गांधी ने संसद में हिंदुओं को हिंसक करार देकर एक बहस को छेड़ दिया है। गुजरात में गुसाए भाजपा समर्थकों ने कांग्रेस कार्यालय को जला दिया है। राहुल गांधी ने अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात से हराने को लेकर लिखित शपथ पत्र देने का दावा किए हैं। वाराणसी की जनता राहुल गांधी के हिंदुओं के खिलाफ दिए गए बयान को लेकर कड़ा विरोध जता रही है।

राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं के खिलाफ दिया बयान धीरे-धीरे एक चिंगारी का काम कर रहा जिसकी लपटें देश का माहौल बिगाड़ सकती हैं। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के पुतले जलाने,उसकी फोटो को पैरों नीचे कुचलने की कई वीडियो लोगों ने वायरल कर दी है। कांग्रेस लोकसभा में सेंचुरी भी बना नहीं पाई और राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक करार देकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। कांग्रेस केंद्र में सत्तासीन होती तो हिंदुओं के अधिकारों की पैरवी कौन करता आज सवाल खड़ा हुआ है? भारतीय संसद में खड़े होकर राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताना बिलकुल गलत था। राहुल गांधी ने हिंदू, सिख और ईसाई धर्म के अनुयायियों की फोटो हाथों में उठाकर अभयमुद्रा का उदाहरण देकर हिंदुओं को हमेशा हिंसक बताया। राहुल गांधी अक्सर अपने भाषणों में ऐसा बयान देकर लोगों को उंगलियां दांतों नीचे दबाने के लिए मजबूर कर जाते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक की फोटो केंद्र सरकार से मांगकर वह बीर सैनिकों का अपमान कर चुके हैं। वह विदेशों में जाकर भारत को रहने लायक देश न बताकर भी करोड़ों भारतीयों का उपहास उड़ा चुके हैं। पूर्व केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई मेड इन इंडिया स्कीम का भी वह विरोध करना नहीं भूलते हैं। स्वयं राहुल गांधी बेरोजगारी कुछ ही मिनटों में खत्म करने और महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपए जादू से डालने की बातें करके हंसी के पात्र बने हैं। हिंदू समाज में आरक्षण को लेकर आज विरोधाभास चल रहा है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

समाज का एक वर्ग दलित,वंचितों को हिंदू मानने को तैयार नहीं है। राहुल गांधी ने इसी बात का लाभ उठाकर लोकसभा चुनावों में इन समुदाय के लोगों की भावनाओं को भड़काकर 99 सीटें हासिल की थी। ठीक ऐसे हालात में हिंदू समाज में कभी एकता कायम नहीं की जा सकती है। आजादी उपरांत भी जिस समुदाय को समाज का एक वर्ग समानता की नजर से नहीं देखता वहां एकता कायम रखना बहुत बड़ी चुनौती है। दक्षिण एशिया देशों में भारत ही एक हिंदू बहुल देश जिसमें सनातन धर्म के लोगों की तादाद ज्यादा है। पाकिस्तान,बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदुओं की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुसंख्यक आवादी का नेता इसलिए उसे हिंदू नहीं मानना नासमझी है। उत्तर प्रदेश हाथीरस भगदड़ कांड में मारे गए 121 दलितों के परिवारजनों का राहुल गांधी कुशलक्षेम पूछकर आए हैं। तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 65 दलितों की मौत होने का समाचार है। मृतकों के परिवारजनों का दुख दर्द बांटने के लिए राहुल गांधी अभी तक नहीं गए हैं। किसान आंदोलन पर बैठे तो राहुल गांधी सत्ता में आने पर फसलों पर एमएसपी लागू किए जाने का आश्वासन किसानों को देते हैं। पड़ोसी देशों में अत्याचारों से दुखी होकर भारत की शरण में आने वाले हिंदुओं को पूर्व केंद्र सरकार नागरिकता मुहैया करवाए तो भी कांग्रेसी नेता विरोध करते हैं। प्रताड़ित लोगों को भारतीय नागरिकता मिलने का विरोध जताने वाला देश प्रेमी कभी नहीं हो सकता है। एनडीए सरकार द्वारा अभी लागू किए गए तीन नवीन कानूनों को लेकर भी इंडिया गठबंधन के नेता इसका विरोध जता रहे हैं। आज हिंसक कौन है,देश की जनता भली-भांति जान चुकी है।

हिंदू हिंसक होता तो हमारी सीमाओं पर घुसपैठ न होती, आतंकवाद नासूर न बनता,बेटियों का लव जिहाद,भारत हिंदू राष्ट्र बन गया होता, धर्म निरपेक्ष, कांवड़ यात्रा न रोकी जाती,नालंदा न जलता,सनातन संस्कृति न छीनी जाती,बुजुर्गों के गले न रेते जाते, भगवान श्री राम को कोई काल्पनिक नहीं कहता, राम नवमी पर पत्थर न पड़ते, हिंदू अगर हिंसक होता तो उसे हिंसक कहने वाले का अभी तक क्या हश्र होता? हिंदू समाज की बेटी अगर कुछ कहे तो उसका सिर कलम करने के लिए लोग उतारू हो जाते हैं। हिंदू समाज को एकजुट होकर ऐसे लोगों को अब सबक सिखाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंदू धर्म के संरक्षक हैं। ऐसे में देश की जनता उन्हें सम्मान देती है। राहुल गांधी द्वारा ऐसा कहना कि नरेंद्र मोदी,आरएसएस और भाजपा के लोग असली हिंदू नहीं है। राहुल गांधी के ऐसे बयान से उनके धर्म बारे भी क्या समझा जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना किन उद्देश्यों के लिए हुई राहुल गांधी को इतिहास जानना बहुत जरूरी है। देश पर आर्यों,मुगलों और अंग्रेजों ने कई दशकों तक राज किया है। वजह यह रही कि भारतीय लोगों में एकता की कमी हमेशा रही जिसका लाभ विदेशी ताकतें उठाती रही हैं। आरएसएस की स्थापना देश की जनता में एकता, भाईचारा बढ़ाने, राष्ट्रवाद, आतंकवाद से आज विकसित देश तक प्रभावित हैं।

आतंकवाद में कितने हिंदुओं की संलिप्ता राहुल गांधी को बताना चाहिए। आतंकवाद की दुकान कौन चला रहे पूरा विश्व जान रहा है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की मदद करके सैनिकों पर हमले कौन करवा रहा, कौन उन्हें संरक्षण दे रहा है? देश की संसद में विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के बजाए किसी धर्म को हिंसक करार देना राजनीतिक समझ की कमी माना जा सकता है। माननीयों को सार्वजानिक मंचों पर धर्म,जाति, देश जैसे विषयों पर बोलने से पहले एक बार जरूर सोचना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हिंदुओं को हिंसक करार दिए जाने को लेकर दिए गए बयान पर माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य भी जनता की समझ से परे निकला है। कांग्रेस तीन लोकसभा चुनाव लड़कर भी 99 सीटों तक अगर सिमटी तो इसके लिए केवल राहुल गांधी की नकारात्मक कार्यप्रणाली जिम्मेदार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कहीं पाकिस्तान के कटोरे में भीख देना बंद न कर दे चीन

पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देता रहा है। मुंबई में 2008 में हुए हमलों से लेकर कठुआ, पठानकोट और उरी वगैरह में उसने आतंक फैलाया है। पर अब पाकिस्तान खुद ही अपने द्वारा लगाए आतंकवाद की आग में स्वाहा हो रहा है। वह भयभीत है। डर का कारण चीन का नाराज होना है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के मारे जाने के कारण चीन सरकार उससे सख्त नाराज है। इसलिए सारे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को अब खास सुरक्षा दी जा रही है, जो पाकिस्तान में चीन की मदद से चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्लामाबाद में एक नया पुलिस बल भी बनाया गया है। यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि चीनी वित्त पोषित मेगा परियोजनाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इनमें काम करने वाले चीनियों को आतंकवादी चुन-चुन कर मार रहे हैं। इन हमलों के कारण ऊर्जा और इंफ्र इस्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में हैं। चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 में शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे। इस वक्त हजारों चीनी कामगार और इंजीनियर पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त होने के बाद अमेरिका से मदद मिलनी बंद हो गई थी। उसके बाद, उसे चीनी निवेश का ही एक मात्र सहारा था। उस पर भी फिलहाल तो ग्रहण लग गया दिखता है। पिछले तीन वर्षों में, पाकिस्तान में आतंकवादी समूह फिर से उभरे हैं। इस दौरान आतंकवादी हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर चीनी परियोजनाओं पर खूब ज्यादा हुआ है।



**लेखक : आरके सिन्हा**
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

इस कारण से चीन से पोषित परियोजनाओं पर काम ठंडा पड़ने लगा है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनियों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया था। ये परियोजनाएं थीं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है।खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सटे हुए अफगानिस्तान से एक पाकिस्तान के मशहूर अखबार दि डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, इस साल के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमश: खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है, अपने नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है। पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की सांसें रुक रही हैं। लेकिन, हो कुछ नहीं रहा है। चीनियों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है।

ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन अब पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान इलाकों को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये क्षेत्र हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण कुख्यात रहे हैं। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या बलूचिस्तान पाकिस्तान से शुरू से ही अलग होना चाहता है। वह 1947 में ही भारत का अंग बनना चाहता था जिसे नेहरू जी ने जबर्दस्ती पाकिस्तान की झोली में डाल दिया था। पाकिस्तान सेना की ताकत ने ही उसे पाकिस्तान का हिस्सा बनाकर रखा हुआ है। पिछले महीने, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, शहबाज शरीफ, बीजिंग गए थे। वे चीन के शिखर नेता शी जिनपिंग से मिले। लेकिन, इस यात्रा का कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। क्योंकि चीन से पाकिस्तान में निवेश करने को लेकर कोई वादा नहीं किया। चीन ने पाकिस्तान में चीनियों पर हमलों पर नाराजगी जताई। यकीन मानिए कि अगर चीन ने पाकिस्तान के कटोरे में भीख डालना बंद कर दिया तो पाकिस्तान तो पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बीडीसी सदस्य ने गांव में सुनी पानी की समस्या



**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपंचायत लठियानी के बंजाल गांव में पंचायत समिति के सदस्य को पेयजल संकट की शिकायत मिली थी। कई लोगों द्वारा पीने के पानी की बार बार शिकायतें की जा रही थीं। बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य मौके पर गए और उन्होंने ग्रामीणों को कहा था कि उनकी समस्या का जल्द ही समाधान करने की कोशिश की जाएगी। मंगलवार को सुबह जल शक्ति विभाग के साथ बीडीसी सदस्य मौके पर गए तो पीने के पानी नलकों में आ रहे पानी की मात्रा सही थी। आर्य ने गांव के लोगों को आह्वान किया कि पानी का सही ढंग से सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि लोग जल शक्ति विभाग का भी सहयोग करें। जल शक्ति विभाग की कोशिश रहती है कि सभी गांव वासियों को पीने का पानी मिले। बीडीसी सदस्य ने भी जल शक्ति विभाग का भी धन्यवाद किया।

### घालूवाल में लोगों के स्वास्थ्य को जांचा



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही सांसद स्वास्थ्य मोबाइल हरोली लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम पंचायत घालूवाल के आंगनबाड़ी केंद्र में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 80 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 35 लोगों के टेस्ट किए गए। इसमे उच्च रक्तचाप के 9, शुगर के 13, जोड़ों के दर्द के 30 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान सोना, उपप्रधान अनिल जसवाल सहित आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अंब में ही रहेंगे पोलियां जसवाल के लोग



**विवेक शर्मा, अंब।** नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान और नगर पार्षदों ने एसडी एम विवेक महाजन के साथ बैठक की और नगर पंचायत अंब के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। बैठक में खासतौर पर वार्ड नं. 4 और वार्ड नं. 5 और पोलियां जसवाल के चंद लोगों ने नगर पंचायत अंब से अलग होकर पंचायत बनाने की मांग की थी और इसी को लेकर एक पत्र भी मुख्यमंत्री सुक्खू को भी लिखा था। जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 4, वार्ड नं. 5 और पोलियां जसवाल के लोगों ने कहा कि हम नगर पंचायत अंब के साथ ही रहना चाहते हैं और नगर पंचायत अंब के द्वारा जो विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, उनसे खुश और संतुष्ट हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि वे नगर पंचायत अंब के साथ ही हैं और साथ ही रहेंगे। नगर पंचायत की अध्यक्ष और पार्षदों ने एडीसी ऊना के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी भेजा है।

### सिंगा में युवाओं ने मीठे जल की छबील लगाई



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के सिंगा गांव के शिव सेवा क्लब के युवाओं व बुद्धिजीवी लोगों के सहयोग से स्थानीय श्मशानघाट की हालत सुधारी गई। इस अवसर पर वहां मीठे जल की छबील भी लगाई गई। युवाओं के प्रयास से श्मशानघाट की सूरत बदली गई है, जिसको सभी ने सराहा है। चंडीगढ़ पुलिस में अपनी सेवाएं देने वाले चेतन शर्मा ने बताया कि हमने यह बीड़ा उठाया था कि श्मशानघाट को संवारा जाए, जो आज सुधर चुका है। इस भूमि पर सोमवार देर शाम को पूजा-अर्चना के बाद श्मशानघाट में भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की गई। इस मूर्ति को स्थापित करने के लिए गांव के युवा, बुजुर्गों व विदेशों में काम कर रहे युवाओं ने सहयोग किया। मूर्ति स्थापना से पहले सुबह राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई व पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे भी बांटे गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिंगा के प्रधान गुरदेव सिंह ज्ञानी बाबा जी, तिलक राज कटारिया और दर्शन सिंह सहित शिव सेवा के युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### नाबालिग लड़की के गुम होने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना बड़सर के तहत शिकायतकर्ता निवासी तहसील ढटवाल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी नाबालिग लड़की 20 जुलाई को घर से सिलाई सेंटर गई थी, लेकिन वह दोपहर को घर वापस नहीं आई थी। उन्होंने बताया कि सभी जगह रिश्तेदारों के पास ढूंढा, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर गहन छानबीन की जा रही है।

# ट्रॉला-मोटरसाइकिल में भिड़ंत किशोरी की मौत, तीन घायल

## डोहक के रामपाल दो बच्चों और पत्नी सहित जा रहे थे लाठियानी

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के मलांगड़ के पास एक ट्राला और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में चार वर्षीय किशोरी की मृत्यु हो गई है और एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए हैं, जिन्हें बंगाणा उपचार के बाद ऊना रेफर कर दिया है। थाना बंगाणा पुलिस ने मौके पर जाकर घटना स्थल का जायजा लिया। ट्राला चालक को अरेस्ट कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रामपाल गांव डोहक ग्राम पंचायत मंडली अपने दो बच्चों और पत्नी के साथ लाठियानी जा रहे थे और मलांगड़ के पास लाठियानी की तरफ से आ रहे डाक सेवा एक ट्राला चालक ने मोटर साइकिल को दूसरी तरफ जाकर टक्कर मारी। वहीं, दुर्घटना में चार वर्षीय पीहू की मौके पर ही मौत हो गई और पिता रामपाल की एक टांग टूट गई और माता को गंभीर चोटें आईं। दो वर्षीय रिहू भी घायल हो गई। वहीं, दूसरी तरफ से आ रहे वीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने घायलों को अपनी एक निजी गाड़ी से बंगाणा सिविल अस्पताल पहुंचाया। बंगाणा अस्पताल में स्वास्थ्य स्टाफ ने पीहू को मृत घोषित कर दिया और अन्य परिवार के तीन सदस्यों को औपचारिक उपचार देने के बाद ऊना क्षेत्रीय अस्पताल रैफर कर दिया है।

बताते चलें कि ट्राला चालक ने कोई नशा लिया था या अन्य कोई समस्या उत्पन्न हुई थी। बंगाणा पुलिस चालक का मेडिकल करवाएगी। उसके बाद हकीकत का पता चलेगा। वहीं, बंगाणा के थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि उक्त दुर्घटना में एक चार वर्षीय किशोरी की मृत्यु हो चुकी है और इसका शव पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। ट्राला चालक को अरेस्ट और डाक ट्राले को कब्जे में ले लिया है।

चालक का मेडिकल करवा कर ही पता चल पाएगा कि क्या चालक ने कोई नशा लिया है। वहीं, चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना बंगाणा के एएसआई रविंदर कुमार की टीम उक्त दुर्घटना की जांच करने में जुट गई है और मामला की गहनता से जांच कर रही है।



मौके पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### लॉ कॉलेज बढेड़ा में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा में 23 जुलाई से शैक्षणिक सत्र 2024/25 के लिए कक्षाएं शुरू हुईं। चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई शुरू होने से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि बीएएलएलबी ऑनर्स तथा एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं।

प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एससी/एसटी स्कॉलरशिप के तहत भी प्रवेश लिया जा सकता है। कहा संस्थान समय समय पर अकादमिक गतिविधियों के साथ साथ प्लेसमेंट का भी आयोजन करता है। इसी वर्ष संस्थान ने तीन लीगल फर्मों को कैंपस में आमंत्रित किया था, जिसमें विधि विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया था।

### नेहा कुमारी का डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी पुणे में सिलेक्शन होने पर सम्मान



कॉलेज प्रशासन ने बंगाणा महाविद्यालय की छात्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी का डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी पुणे में सिलेक्शन होने पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि इस उपलब्धि से महाविद्यालय बंगाणा और इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। नेहा एक अति होनहार छात्रा है, जो कि बंगाणा तहसील के गांव बड़ोआ डाकघर तलमेहडा की निवासी है। उनके पिताजी हरविंदर सिंह एक राज मिस्त्री हैं और माता जी एक गृहिणी हैं। नेहा महाविद्यालय बीएससी की टॉपर है।

नेहा आईआईटी जेम बायो टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी पुणे के लिए सिलेक्ट हुई है, जो कि डीआरडीओ से संचालित है, नेहा अब वहां से मेट्रियल साइंस में एमएससी करेगी, जो कि इस क्षेत्र और हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर उपप्राचार्य रेखा शर्मा, प्रो. अणु लखनपाल, प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. नंद लाल, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. सिकंदर नेगी और डॉ. कुलदीप मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंध के लिए बजट में प्रावधान स्वागत योग्य कदम : सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** भाजपा के प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने कहा कि हिमाचल में आपदा प्रबंधन के लिए बजट में प्रावधान केंद्र सरकार का स्वागत करने योग्य निर्णय है। केंद्रीय बजट में मोदी 3.0 ने युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, श्रमिकों, किसानों, शिक्षा, कौशल विकास सहित मध्यम वर्ग और एमएसएमई के लिए विशिष्ट तोहफे दिए हैं।



केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को बाढ़ प्रबंधन और उससे जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करने की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद व्यक्त किया है। सुमित ने कहा कि मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले बजट में चार मुख्य ज्ञान, गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाएं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि अन्नदाताओं को लागत पर कम से कम 50 फीसदी मार्जिन देने का वायदा सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके पूरा कर दिया गया है।

# बजट में दिख रहा विकसित भारत का विजन : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने भाजपा मंडल कार्यालय बंगाणा में मंडल पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ मोदी 3 कार्यकाल का पहला बजट भाषण सुना। बजट भाषण सुन भुट्टो सहित सभी पदाधिकारी बहुत खुश दिखे।

उन्होंने कहा कि इस बजट में विकसित भारत का एक बड़ा विजन दिख रहा है। यह बजट देश के प्रत्येक लोगों और स्थानों को जोड़ने वाला है। इस बजट से स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ ही हमारे धार्मिक स्थलों के विकास को नया पंख लगेंगे। इस बजट से देश आत्मनिर्भरता की ओर भी जा रहा है। यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बजट है। हिमाचल में आई आपदा पर बजट से धनराशि जारी करने पर भुट्टो और कार्यकता बहुत खुश दिखे और पूरे हिमाचल वासियों की ओर से केंद्रीय नेतृत्व के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार, प्रदेश सचिव एससी मोर्चा सूरम सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा, प्रधान रघुवीर सिंह, उपप्रधान भूषण शर्मा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, सुशील शर्मा, पंकज शर्मा, संजीव कुमार, अजय राणा, संदीप शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। दविंद्र भुट्टो ने सभी के प्रति अपना आभार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)



भाजपा मंडल कार्यालय बंगाणा में बजट को सुनते गणमान्य।

# कुटलैहड़ के पूर्व विधायक भुट्टो और उनके बेटे से पुलिस ने की पूछताछ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ठेकेदारी के कारोबार में कथित धोखाधड़ी के मामले में कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और उनका बेटा पुलिस के समक्ष पेश हुए। ऊना पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग की शिकायत पर पुलिस चौकी ऊना पहुंचकर पुलिस की जांच में सहयोग किया, जहां पुलिस ने भी दोनों से कुछ देर के लिए पूछताछ की। बता दें कि कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और उसके बेटे कर्ण राज के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन मामले दर्ज किए गए हैं। यह मामले लोनिवि के अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किए गए हैं। इनमें से दो मामले देवेंद्र भुट्टो और एक अन्य मामले में उनके बेटे को भी शामिल किया गया है। शिकायत में लोनिवि के अधिशाषी अभियंता ई. सुरेश धीमान ने बताया है कि देवेंद्र भुट्टो को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क बनाने का ठेका दिया गया। इस दौरान भुट्टो ने बैंक गारंटी के बदले कथित तौर पर 5,11,000 रुपए की राशि के लिए चार अक्तूबर, 2021 की एक एफडी जमा की, जो चार अक्तूबर 2022 तक वैध थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा इसको समय से पहले ही गलत तरीके से भुगतान करवा लिया।

दूसरा मामला कर्णराज पुत्र देवेंद्र भुट्टो के खिलाफ दर्ज किया गया है। इसमें शिकायतकर्ता सुरेश धीमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी को पांच सड़क मार्गों का कार्य आवंटित किया गया था, जिसके लिए आरोपी द्वारा कुल 5,50,000 रुपए की तीन सावधि जमा बैंक गारंटी के बदले जमा की गई, परंतु बाद में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से उन्हें अवगत करवाया गया कि उक्त धनराशि आरोपी ने धोखाधड़ी से निकाल ली।

वहीं, तीसरे मामले में अधिशाषी अभियंता लोनिवि ऊना खंड बलदेव सिंह ने बताया कि भुट्टो ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत करके विभाग की ओर से आवंटित किए गए कार्यों में धोखाधड़ी की है। देवेंद्र भुट्टो कांग्रेस के विधायक थे और बाद में वह भाजपा में शामिल हुए। उनके खिलाफ एक मामला देहरा में दर्ज हुआ था जबकि अन्य मामले ऊना क्षेत्र में दर्ज हुए हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई या पूछताछ होने की संभावना थी। मुख्यमंत्री ने भी उनके खिलाफ कई आरोप लगाए थे, लेकिन उसे लेकर भुट्टो ने कानूनी नोटिस भिजवाए हैं। ये अलग मामले हैं और तकनीकी तौर पर इन मामलों में पूर्व विधायक से आगे भी पूछताछ तेज हो सकती है। उधर, एसपी राकेश सिंह ने बताया कि देवेंद्र भुट्टो और उनके बेटे पर धोखाधड़ी से जुड़े आरोप लगे हैं। मामले की जांच के लिए उन्हें पुलिस चौकी बुलाया गया था, जहां दोनों से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई है।

## भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया



नेस्ले के कांट्रेक्ट वर्कर यूनियन के कर्मचारी भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाते हुए।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस समारोह औद्योगिक क्षेत्र नेस्ले इंडिया लि. कोनट्रैक्टर वर्कर यूनियन टाहलीवाल में धूमधाम से मनाया गया। जुलाई 2025 तक संघ के छोटे-बड़े कार्यक्रम होंगे, क्यों कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं और भारतीय मजदूर संघ 70वें बर्ष में प्रवेश कर रहा है।

मजदूर क्षेत्र में सगठन क्यों खड़ा करना पड़ा, क्योंकि इससे पहले चल रहे सभी मजदूर संगठन किसी न किसी राजनीतिक दल के सहारे चलते थे। इसी कारण से अलग से मजदूर संघ बनाने का प्रयास किया गया। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने मजदूर आंदोलन का एक ऐसा प्रारूप प्रस्तुत किया जो आम जन की समस्या, अपेक्षा तथा आकाक्षा से जुड़ा हुआ था।

मध्य प्रदेश के भोपाल में 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की गई। 1966 में भारतीय श्रम नीति के संदर्भ में न्यायाधीश गजेंद्र गडकर की अध्यक्षता में प्रथम श्रम आयोग को ज्ञापन सौंपा, 1998 में निजी कारण के विरोध में ससद भवन पर विशाल प्रदर्शन किया। 1999 में दूसरा श्रम आयोग गठित करने के लिए विशेष आग्रह की भूमिका रही, 2001 में डब्ल्यूटीओ मोड़ो तोड़ो छोड़ो के नारे के साथ विरोध में अखिल भारतीय स्तर की दिल्ली में विशाल प्रदर्शन किया ब तत्कालीन प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया। यह क्रम निरंतर चलता रहा।

इसी कारण मजदूर वर्ग के बीच विश्वास की भावना जागृत हुई और संघ बट वृक्ष के रूप में खड़ा हुआ। इस में केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका व मजदूर वर्ग का सहयोग प्रमुख रहा। इस अवसर पर राजेश पासीवाल उपप्रधान भारतीय मजदूर संघ पंजाब, हरीकृष्ण सैनी सचिव भारतीय मजदूर संघ, प्रधान नेस्ले इंडिया लिमिटेड कांट्रेक्ट वर्कर यूनियन टाहलीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### जेएनवी पेखुबेला में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में कक्षा छठीं की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य राज सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2013 से पहले एवं 31 जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024.25 में जिला ऊना में स्थित किसी मान्यता प्राप्त सरकारी या गैर सरकारी स्कूल से 5वीं में नियमित विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण कर रहा हो तथा जिला ऊना का वास्तविक निवासी ही इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे। इच्छुक विद्यार्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवदेन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 82195.74181 और 98160.96188 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ऊना के सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होंगे डिजिटल साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

▶ एसडीएम ऊना ने डिजिटल साक्षरता को लेकर की बैठक

डिजिटल साक्षरता को लेकर टाऊन हॉल ऊना में शीघ्र जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। इनमें साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर पूलिंग, ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी वाली कॉल्स बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह बात एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने मिनी सचिवालय ऊना में डिजिल साक्षात्कार को लेकर आयोजित बैठक के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम और ग्राहकों के साथ बैंक धोखाधड़ी के साथ-साथ अन्य ऑनलाइन व सोशल अपराधिक गतिविधियां दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है।

एसडीएम ने बैंक अधिकारियों और पुलिस विभाग को उपमंडल ऊना के अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों में डिजिट साक्षरता कैंप लगाकर बच्चों को कंप्यूटर और मोबाइल के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।

बैठक में बीडीओ केएल वर्मा, तहसीलदार शिखा राणा, रेंज फोरेस्ट ऑफिसर राहुल ठाकुर, सीडीपीओ कुलदीप दयाल, प्रधान व्यापार मंडल प्रिंस सहित अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।




**परिचर्चा** पहाड़ी राज्यों के लिए विकासात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है

# रेल विस्तार की थी आस, बजट ने किया निराश

**राजेश शर्मा, ऊना**

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा** ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट हिमाचल के लोगों को निराश करने वाला है। हिमाचल में जो नुकसान बाढ़ के कारण हुआ था, उसके लिए विशेष पैकेज जारी किया जाना चाहिए था। इसकी भरपाई के लिए जो तरीका बजट में बताया गया है, इसमें कोई स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट में रेलवे विस्तार को लेकर किसी तरह का जिक्र तक नहीं है। पहाड़ी राज्यों के लिए विकासात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। कुल मिलाकर या बजट दिशाहीन और निराशाजनक है।






### जन विरोधी बजट में नया कुछ नहीं

वरिष्ठ वाणिज्यक सलाहकार और शिव सेना राज्य प्रमुख **शिवदत्त वशिष्ट** ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में हिमाचल और देश के नागरिकों के लिए कुछ भी नहीं है। आयकर में केवल वेतन भोगियों के लिए कुछ राहत है, पर आम जनमानस के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। वेतन भोगियों एवं पेंशन धारकों हेतु छूट ऊंट के मुंह में जीरे से भी कम है। आम जनमानस जीडीपी की परिभाषा नहीं जानता, उसे रोटी कपड़ा और मकान की चिंता रहती है। मेरी अपनी सोच के अनुसार यह बजट जन हितैषी न होकर जन विरोधी है। रेल विस्तार ऊना से हमीरपुर, ऊना से जेजों, ऊना से होशियारपुर, ऊना से तलवाड़ा या भानुपली से किन्नौर मात्र सपना हो सकता है।



**ऊना के समाजसेवी विजय पुरी** का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से जो बजट पेश किया गया है, इसमें ऊना जिले के लोगों को रेल के विस्तार को लेकर काफी उम्मीदें थी, लेकिन इन उम्मीदों को झटका लगा है। इस बजट में हिमाचल को मेडिकल के क्षेत्र में भी और अन्य क्षेत्रों में भी किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद थी, लेकिन कोई बड़ी घोषणा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और यहां पर्यटन को विकास के साथ जोड़कर देखा जाता है, लेकिन पर्यटन विकास के लिए भी किसी तरह का कोई प्रावधान बजट में नजर नहीं आया है।



**समाज सेविका सरिता शर्मा** का कहना है कि केंद्र सरकार के बजट में ऐसी कोई नई घोषणा नजर नहीं आ रही है, जिससे महंगाई के ऊपर किसी तरह का अंकुश लगने की संभावना बनती दिख रही है। महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने के लिए इस बजट में कोई दूरगामी सोच नजर नहीं आ रही है। हालांकि हिमाचल प्रदेश के लिए आपदा प्रबंधन में सहयोग दिए जाना स्वागत योग्य है। इसके अलावा रेल विस्तार के लिए भी किसी तरह की घोषणा न होना जिला के लोगों को मायूस करता है।



**कामरेड जगत राम शर्मा** का कहना है की हिमाचल प्रदेश में श्रमिकों कर्मचारी और उद्योगों को राहत प्रदान करने के लिए कोई विशेष पैकेज की घोषणा की जानी चाहिए थी, लेकिन बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ऊना से तलवाड़ा रेलवे लाइन और भानुपली से बिलासपुर होते हुए चीन के बॉर्डर तक रेल लाइन के विस्तार के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए था, लेकिन केंद्रीय बजट में इस तरह का प्रावधान नजर नहीं आया है।



ऊना से हमीरपुर रेल लाइन के लिए भी कोई प्रावधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, इसे हिमाचल के लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 27 को क्षेत्रीय अस्पताल में दिव्यांगता शिविर

**कुल्लू।** चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल डॉ. नरेश ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 27 को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवा देंगे। दिव्यांगता शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. कल्याण ठाकुर, डॉ. नेहा वर्मा व डॉ. नीतीश कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, एमएस आंख, नाक, गला विशेषज्ञ एमएस डॉ. सुमित वालिया व डॉ. दीपशिखा, एमएस शल्य चिकित्सा डॉ. कल दत्ता, एमएस नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा, एमडी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तेनजिन मेंटोक व डॉ. रब्लीन कौर अपनी सेवाएं देंगे।

### रानी लक्ष्मी बाई की वीरगाथा को किया बयां



**कुल्लू।** कुल्लू के हाई स्कूल भुलंग में मंगलवार को नाट्य कार्यशाला का समापन हुआ। रेनबो थियेटर एंड आर्ट क्लब बढाह कुल्लू की ओर से जीवानंद चौहान के निर्देशन में आयोजित 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन स्कूली छात्राओं के साथ तैयार की गई नाट्य प्रस्तुति से किया गया। नाटक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित था। नाट्य प्रस्तुति में सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा लिखित कविता जो आज भी रानी लक्ष्मी बाई की वीरगाथा बयां करती हैं का समावेश रहा। 'बुंदेले हरबोलों के मुहूं से हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। साथ में नाटक में यह भी दिखाया कि आजादी के महासंग्राम का स्वर्णिम अध्याय बनी झांसी की इस वीरांगना की शहादत को यह देश कभी नहीं भूल सकता। जीवनद चौहान ने बताया कि यह कार्यशाला जो आयोजित की गई थी, उसमें केवल छात्राएं ही प्रतिभागी थीं। इस तरह से महिला सशक्तिकरण के नजरिए से यह नाटक प्रतिभागी छात्राओं को प्रेरित करने वाला रहा। विद्यालय के मुख्य अध्यापक देवी सिंह ने नाट्य प्रस्तुति के समापन पर कहा कि रानी लक्ष्मीबाई न सिर्फ एक महान नाम है, बल्कि एक आदर्श है उन सभी महिलाओं के लिए जो खुद को बहादुर मानती हैं।

### इग्नू ने शुरू किया एमबीए डिग्री कार्यक्रम

**कुल्लू।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2024 सत्र से स्वास्थ्य देखभाल एवं अस्पताल प्रबंध से संबंधित नया एमबीए डिग्री कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय एवं संस्थान से किसी भी विषय में 50 प्रतिशत अंकों (45 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) सहित तीन वर्षीय स्नातक डिग्री धारक होना जरूरी है। कार्यक्रम में चार सेमेस्टर के अंतर्गत 26 कोर्स होंगे तथा कार्यक्रम को पूरा करने की न्यूनतम अवधि दो वर्ष रहेगी, जिसे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अधिकतम चार वर्ष की अवधि में भी पूरा किया जा सकता है। कुल 112 क्रेडिट के इस कार्यक्रम में परियोजना कार्य, इंटर्नशिप तथा प्रेक्टिकल कोर्स के अतिरिक्त 23 अन्य कोर्स थ्योरी के होंगे। कार्यक्रम का माध्यम अंग्रेजी में उपलब्ध रहेगा तथा परीक्षा सेमेस्टर आधार पर होगी। जुलाई 2024 सत्र से इग्नू ने जहां कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट तथा एग्री बिजनेस मैनेजमेंट आदि में नए एमबीए कार्यक्रम शुरू किए हैं, वहीं ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, फाइनेंस मैनेजमेंट, ऑपरेशन मैनेजमेंट तथा बैंकिंग एंड फाइनेंस मैनेजमेंट आदि कार्यक्रमों में पहले से ही एमबीए डिग्री कार्यक्रम चल रहे हैं। उक्त सभी एमबीए कार्यक्रम एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त हैं तथा इनमें बिना प्रवेश परीक्षा दिए सीधे प्रवेश की सुविधा है। इग्नू के अन्य मास्टर डिग्री, बैचलर डिग्री, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में नव प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण प्रक्रिया भी चल रही है, जिसकी अंतिम तिथि 31 तक बढ़ा दी गई है।

### लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आदेश

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय ढालपुर में डीसी कार्यालय में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के दूरदराज इलाकों के गांवों में चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करें, ताकि दिव्यांग जनों को उनके घर द्वार के निकट ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके और साथ ही नए दिव्यांग जनों की भी पहचान सुनिश्चित हो सके। बैठक में वर्ष 2023-24 की अंकेक्षित बैलेंस शीट तथा वार्षिक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में 105 दिव्यांगजनों को अगस्त माह के अंत तक सात लाख 30 हजार रुपए के उपकरण निशुल्क प्रदान किए गए हैं, जिनमें व्हील चेयर, वाकिंग स्टिक, हियरिंग मशीन, ऑक्सीह्ला क्रच, लांग कैन व स्मार्ट केन शामिल हैं। सहायता व उपकरणों के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग, रेडक्रॉस और अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं।

# मंत्री जी ! सेब सीजन सिर पर, सड़क पड़ी है बंद

## एक साल से बैंची-पनगां सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद, तीन पंचायतों के लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू की बैंची-पनगां सड़क पिछले एक साल से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ी है।

इस कारण रायसन, बंदरोल व बैंची इन तीनों पंचायतों के लोगों को इस सड़क के बंद होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के लोग एक साल से इस सड़क के बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से सड़क बहाली की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जाने पर अब लोगों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों सतपाल नेगी, योगराज, आशीष, दीपक, तारा चंद, देशराज, विनय ठाकुर, प्रेम पाल और केशव के अनुसार लोक निर्माण विभाग के



बैंची-पनगां सड़क का खस्ताहालत।

अधिकारियों से बार-बार आग्रह करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। इस कारण ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क से अपने घरों तक सामान ढुलाई पर पहले ही जहां भारी खर्चा वहन करना पड़ रहा है। वहीं, सेब सीजन अब सर पर है, ऐसे में सड़क बंद होने से बागवानों को कई किलोमीटर दूर से ढुलाई करवाकर अपने उत्पादों को सब्जी मंडी पहुंचाना पड़ेगा, जिससे उनको काफी नुकसान झेलना पड़ेगा। सड़क बहाली को लेकर गंभीरता न दिखाने के विभाग के इस रवैये से नाखुश लोगों ने लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि सड़क बहाली को लेकर विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। स्थानीय निवासी सतपाल नेगी ने कहा कि पांच किलोमीटर सड़क मात्र दो जगह से डंगे गिरने के कारण बंद है, लेकिन विभाग सड़क दुरुस्त करने को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है, जिस कारण किसान, बागवानों सहित स्कूल, कॉलेज व कार्यालय जाने वाले लोग परेशान हैं। वहीं, बैंची पंचायत प्रधान जोगिंद्र मेहरा ने बताया कि सड़क की स्थिति बहुत दयनीय बनी हुई है। सड़क को सही करने के लिए विभाग से बात की गई है और विभाग ने सड़क को ठीक करने का आश्वासन दिया है, लेकिन एक साल बीत जाने पर अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। रायसन पंचायत प्रधान कि कर्म चंद ठाकुर ने बताया सड़क को जल्द ठीक करने का विभाग से आग्रह किया है। विभाग ने सड़क को ठीक कर यातायात के लिए सुचारु करने का आश्वासन दिया है। (अनंत ज्ञान)

### डंगे के नीचे दबा है ग्रामीण का गोबर का गड्ढा

सड़क का डंगा पनगां गांव में आत्मा राम के घर के पास गिरा हुआ है, जिसके नीचे उनका गोबर का गड्ढा भी दब गया है, जिससे आत्मा राम को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आत्मा राम ने बताया कि सेब का सीजन शीघ्र शुरू हो जाएगा, यदि उससे पहले सड़क को ठीक नहीं किया जाता है, तो बागवानों को खासी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

> सड़क की स्थिति बारे विभाग के कनिष्ठ अभियंता से जानकारी ली जाएगी। यदि सड़क यातायात के लिए बहाल नहीं हुई, तो जल्द बहाल करवाने के निर्देश दिए जाएंगे। विभाग लोगों को उचित सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है।
>
> **अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोनिवि कटराईं मंडल।**

### सड़कों पर उतरेंगे और करेंगे घेराव

मई माह में विभागीय अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया था कि आचार संहिता हटने के बाद सड़क को दुरुस्त कर दिया जाएगा। विभाग के अधिशाषी अभियंता से भी ग्रामीण मिले थे, लेकिन हालात जस के तस हैं। प्लम, नाशपाती तो खत्म हो गई, अब सेब का सीजन शुरू होने वाला है, अगर अब भी विभाग नहीं जागा, तो सभी लोग सड़कों पर उतरेंगे और अधिशाषी अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## 29 को श्रीखंड यात्रा पर निकलेंगे डमैहली के देवता नागेला साहिब

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

निरमंड के डमैहली के आराध्य देवता नागेला साहिब 65 साल बाद 29 को श्रीखंड यात्रा पर रवाना होंगे।



इसकी जानकारी कारदार रणवीर नेगी और राज ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर कमेटी ने गत एक माह तक लगातार बैठकें करने और देवता साहिब से अनुमति लेने के बाद निर्णय लिया कि इस वर्ष देवता नागेला साहिब श्रीखंड महादेव की यात्रा पर जाएंगे, जिसके लिए 29 जुलाई का दिन तय किया गया है। राज ने बताया कि देवता अपने सैकड़ों देवलुओं, हरियानों और कारकूनों के साथ 29 को अपने देवालय से निकलेंगे और जाओं में माता के मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद रात्रि विश्राम सिंहगाड़ में करेंगे।

30 जुलाई की शाम को देवता थाचडू में और 31 की शाम को देवता भीम डवारी में रात्रि विश्राम करेंगे, जिसके बाद एक अगस्त को सुबह पूजा-अर्चना करने के बाद श्रीखंड महादेव का दर्शन करेंगे और विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद वापस लौटेंगे। (अनंत ज्ञान)

## 4 को होंगे मंदिर कमेटी के चुनाव

**आनी।** आनी के सेब बहुल जाबन क्षेत्र की आराध्या देवी देवरी स्थित माता पच्छला की मंदिर कमेटी के साधारण अधिवेशन की बैठक चार अगस्त को होनी तय हुई है। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के सचिव टिकम राम शैली और कारदार ईश्वर दास ने बताया कि इस साधारण अधिवेशन में मंदिर कमेटी की नई कार्यकारिणी के आगामी 3 वर्षों के लिए चुनाव भी होंगे। कार्यकारिणी का चयन एक तिहाई के साधारण बहुमत से पारित होगा। उन्होंने देवरी की देवी माता पछला के सभी हरियानो, कारकूनों और देवलुओं से साधारण अधिवेशन की बैठक में अवश्य भाग लेने की अपील की है।

## मिशन शक्ति के तहत चलेगा 100 दिनों का जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला केंद्रित योजनाओं पर मिशन शक्ति-संकल्प-हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन स्कीम के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है, जो 21 जुलाई से 4 अक्तूबर तक चलेगा।

इसी के तहत मंगलवार को छठे सप्ताह के दौरान जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के सभागार में महिला केंद्रित कानून पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पद्म देव शर्मा ने कहा कि महिलाओं व बेटियों को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के लिए कुल्लू में मिशन शक्ति



महिला केंद्रित कानून पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए अधिकारी एवं महिलाएं।

अभियान चल रहा है। इस अभियान में जन भागीदारी के माध्यम से विभाग द्वारा चलाई जा रही महिलाओं से संबंधित योजनाओं व कानूनों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित डॉ. सुरेश ठाकुर ने पीसी-पीएनडीटी एक्ट व एमटीपी एक्ट के बारे में जानकारी दी व बताया कि इस अधिनियम के तहत अपंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसवपूर्व निदान तकनीकों का उपयोग करना एक अपराध है। वहीं, महिला थाना कुल्लू से पधारे एएसआई उषा ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वाले कानूनों व उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। पुलिस प्रशासन महिलाओं को हर प्रकार की हिंसा व उत्पीड़न से बचाने के लिए प्रयासरत रहता है, ताकि महिलाएं स्वयं को पूर्ण रूप से सुरक्षित समझ सके।

## 26 लोगों को दिए कृत्रिम अंग



आनी के निथर और गडेज पंचायतों में आयोजित शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, आनी**

निरमंड खंड की पंचायत निथर और गडेज में एसजेवीएन लिमिटेड के लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण एक और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) ने संयुक्त तत्वाधान में एक कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया।

इसके तहत दोनों पंचायतों में 26 कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण, जैसे कि व्हील चेयर, छड़ी, श्रवण यंत्र शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को प्रदान किए।

गडेज और निथर पंचायतों में क्रमशः 13-13 अक्षम व्यक्तियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर एसजेवीएनएल के एचआर डिपार्टमेंट के एजीएम रजिंद्र चौहान ने कहा कि एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से लुहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट चरण एक से प्रभावित पंचायतों में लगातार सामाजिक कार्यों में अपना पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

इस अवसर पर पंचायत निथर के प्रधांन जगदीश ठाकुर, उपप्रधान होशियार चंद, प्रमोद ठाकुर और एसजेवीएन के अधिकारी, कर्मचारी सहित समस्त पंचायत निथर के सदस्य मौजूद रहे।

## होटल के कमरे में मृत मिला एसएसबी जवान

**मनाली।** कुल्लू के मनाली में एक एसएसबी जवान की मौत हो गई है। जवान होटल के कमरे में मृत पाया गया। पुलिस जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में तैनात था और पश्चिम बंगाल से छुट्टी लेकर वह कारगिल स्थित अपने घर जा रहा था, लेकिन वह होटल के कमरे में मृत पाया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार कारगिल के उफ्ती टिपिंपग निवासी थिने थोकयूप (45) जो कि एसएसबी में पश्चिम बंगाल में तैनात थे। दो दिन पहले वह छुट्टी लेकर घर के लिए आया और मनाली के एक होटल में ठहर गया। होटल का कमरा छोड़ने का समय होने के बाद भी जब वह बाहर नहीं निकला, तो होटल के स्टाफ ने कमरा खोलने के लिए कमरे की घंटी बजाई, लेकिन तब भी दरवाजा नहीं खोलने पर स्टाफ ने किसी तरह से दरवाजा खोला, तो वह कमरे में मृत पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

## बजट भारत के अमृतकाल के लिए विशाल दृष्टिकोण के अनुरूप



केंद्र की मोदी सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल का बहुप्रतीक्षित पहला बजट संसद में पेश किया गया। केंद्र में भाजपा के गठबंधन के साथ सरकार बनाने के कारण पूरे देश की नजर इस बजट पर थी। देश में हालही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा को देश में शासन का लगातार तीसरा कार्यकाल मिला है और ऐसे में इस कार्यकाल का पहला बजट कई मायनों में अहम है। केंद्र का यह बजट समाज के सभी वर्गों के उत्थान व समग्र विकास की ओर एक समन्वयित कदम है। बजट में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, विमानन, हरित ऊर्जा और रेलवे उन्नयन पर जोर दिया गया है। बजट भारत के विकास और स्थिरता के लिए अमृत काल की दीर्घकालिक दृष्टि के अनुरूप है।

**सुरेंद्र शौरी, विधायक बंजार विस क्षेत्र।**

## केंद्र के इस बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान : गोविंद सिंह



केंद्र के इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। कैंसर की तीन और दवाओं पर सीमा कर हटाने व आयुष्मान भारत योजना में आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स को शामिल करने का फैसला सरकार का एक बेहतरीन कदम है। प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना व सौर ऊर्जा, छत योजना का विस्तार केंद्र की मोदी सरकार की गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आशा से बढ़कर मोदी ने हिमाचल की अभी भी पिछले वर्ष से आपदा का दंश झेल रही जनता के लिए आपदा राहत जारी करने की घोषणा की है। अवश्य ही राज्य सरकार केंद्र की इस घोषणा का स्वागत करेगी व केंद्र से जारी होने वाले बजट की बंदरबांट न कर जनता की क्षतिपूर्ति में लगाएगी।

**गोविंद सिंह ठाकुर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री।**

## टीम सहभागिता ने ग्रामीणों के साथ बारीपद्धर गांव में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

टीम सहभागिता ने जिला समन्वयक सोनू कुमार के नेतृत्व में कुल्लू की खराहल घाटी के बारीपद्धर गांव में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान गांव के मंदिर परिसर को साफ किया व प्राकृतिक जल स्रोत (बावड़ी) के आसपास साफ-सफाई तथा गंदे पानी की निकास नाली को भी साफ किया।

वहीं, गांव में लगी भांग के पौधों को नष्ट किया और गांव के रास्ते में लगी कंटीली झाड़ियों को काट कर साफ किया गया, ताकि बच्चों, बुजुर्गों और आमजनों को चलने में दिक्कत न आए। सोनू नें बताया कि हमारी टीम सहभागिता, भागसिद्ध महिला मंडल, शारदे महिला मंडल तथा युवक मंडल बारीपद्धर ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर स्वच्छता कार्यक्रम को अंजाम दिया। हमारे प्रदेश अध्यक्ष एवं निदेशक बीजू हिमदल के दिशा-निर्देश में टीम सहभागिता इस तरह के समाजिक कार्य आयोजित कर रही है। आने वाले समय में स्वच्छता के साथ-साथ नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान जागरूकता शिविर, साइबर फ्रॉड से आमजनों को बचाना जैसे विषयों पर भी कार्यक्रम पूरे हिमाचल में होने प्रस्तावित हैं।




टीम सहभागिता के साथ अन्य महिला मंडल के सदस्य स्वच्छता अभियान के दौरान।


### सेल्फी लेते हुए ब्यास में बहे युवक का सात दिनों बाद भी नहीं लगा सुराग

## ब्यास नदी में बह गया था 21 वर्षीय युवक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सात दिन पहले सेल्फी लेते हुए पांव फिसल जाने से नदी में बह गए युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। 21 वर्षीय युवक के परिजन अब भी ब्यास नदी में लापता हुए अपने बेटे के शव को ढूंढ रहे हैं। 16 को कुल्लू के भूतनाथ पुल के नजदीक ब्यास नदी के पास सेल्फी लेने के इरादे से 21 वर्षीय मोहम्मद मोसिन नदी के किनारे उतर कर सेल्फी लेने लग गया था। इसी बीच अचानक से मोहम्मद मोसिन का संतुलन बिगड़ा और पैर फिसलने के कारण ब्यास नदी में जा गिरा और लापता हो गया। हादसे के इतने दिन बीत जाने के बाद अब युवक के परिजनों ने गोताखोरों की मदद से मुहम्मद मोसिन को ढूंढना शुरू कर दिया है। हालांकि इस दौरान युवक के परिजनों ने भी लगातार तलाशी अभियान चलाए रखा। बहरहाल, अभी तक युवक के बारे में गोताखोरों ओर परिजनों को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। इसके साथ ही कुल्लू पुलिस की टीम भी कई दिनों से नदी के किनारों में युवक की तलाश कर रहे हैं।



ब्यास नदी में लापता हुए युवक को तलाश करने जुटे गोताखोर।

**परेशानी** पुल पर लगे रॉड के टूटने से बाइक स्कूटी की आवाजाही फिर से शुरू, राहगीर परेशान

# सरवरी पुल पर फिर दौड़ने लगे दोपहिया वाहन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगते लोअर ढालपुर और सरवरी को जोड़ने वाले सरवरी पुल से बाइक सवार फिर सब शॉर्ट कट के चक्कर में आवाजाही करने लग गए हैं। रोजाना सरवरी पुल से दर्जनों दोपहिया वाहनों की आवाजाही होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरवरी पुल का इस्तेमाल केवल पैदल चलने वालों के लिए किया जाता रहा है और इस पुल से कोई बाइक या स्कूटी सवार शॉर्ट कट के चक्कर में आवाजाही न करें इसके लिए पुल लोअर ढालपुर वाले छोर पर स्टील की बड़ी-बड़ी रॉड को लगा कर रखा था और इन रॉड के मध्य से केवल पैदल चलने वाले लोग ही गुजर सकते थे। पिछले साल से इन रॉड्स को शरारती तत्वों के द्वारा थोड़ा-थोड़ा तोड़ा और मरोड़ा जा रहा था। अब इन रॉड्स के बीच का एक रॉड टूट गई है या फिर किसी ने इसे तोड़ कर फेंक दिया है, जिस कारण अब इस बीच से बाइक सवार फिर से बिना किसी परेशानी से गुजर सकते हैं। पुल के बीच से चलते समय पैदल चलने वाले लोगों को इन बाइक सवारों की वजह से खासी परेशानी पेश हो रही है।



शाम के समय सरवरी पुल से आवाजाही करते हुए बाइक एवं स्कूटी चालक।

सरवरी पुल में पैदल चलने वाले लोगों की तादाद काफी ज्यादा होती है, मगर अब पुल को बाइक सवारों के द्वारा शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जिस कारण पैदल चलने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पुल से गुजर रहे बुजुर्ग शांति लाल, मोहन लाल, कांता देवी, प्रोमिला ठाकुर, बिशन, दिनेश आदि का कहना है कि जब बुजुर्ग महिलाएं पुल से गुजरती हैं, तो अचानक से बाइक या स्कूटी के आने से पैदल चलने वालों को हड़बड़ी में इधर-उधर हटना पड़ता है, जिस कारण परेशानी हो जाती है। बुजुर्गों और महिलाओं के अनुसार सरवरी पुल केवल पैदल चलने वाले लोगों के लिए उपलब्ध होना चाहिए और इस पुल से दोपहिया वाहनों की आवाजाही को सख्ती से रोका जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## कैप्टन लक्ष्मी सहगल की कुर्बानियों को किया याद

**कुल्लू।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति कुल्लू ने अशोक भवन लोअर ढालपुर कुल्लू में कैप्टन लक्ष्मी सहगल की जन्म शताब्दी सेमिनार के रूप में मनाई।



महिला समिति कुल्ल्जू की महासचिव ममता नेगी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैप्टन लक्ष्मी सहगल की जन्म शताब्दी मनाई गई, जिसमें कैप्टन लक्ष्मी सहगल की कुर्बानियों व उनके विचार को याद करते हुए संगठन का और विस्तार करने व महिलाओं के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता रिटायर्ड प्रवक्ता एवं किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष गुरजीत सिंह गिल ने कहा कि सुभाष चंद बोस की आजाद हिंद फौज में झांसी की रानी रेजिमेंट की कैप्टन के रूप में देश को आजाद करने में अहम भूमिका निभाई।

1939 में एमएमवीवीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे एक कुशल डॉक्टर भी रही। उन्होंने विचार दिया था कि देश की एकता के लिए धर्म, जात, क्षेत्र की भावना से उपर उठकर एकता बनाना जरूरी है। वह महिला मुक्ति के पक्षधर में थी, वे मानती थी कि महिला मुक्ति के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता है।



## न्यूज ब्रीफ

### स्टील उद्योग से 1.38 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** बद्दी के एक स्टील उद्योग के साथ 1.38 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्टील उद्योग मालिक की शिकायत पर पौलेंड की एक फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। स्टील उद्योग के मालिक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि ग्लोबल इंपैक्स एसपीजेडओओ पोलैंड और पीएसपी इंटरनेशनल ट्रैडिंग एलएलसी दुबई से स्टील इंडस्ट्री के लिए स्क्रैप इंपोर्ट करवा रहे थे, जिसकी पेमेंट का भुगतान भी पहले अमेरिकी डॉलर में की, जो कि करीब 1.38 करोड़ रुपए कर दिया था, लेकिन फर्म के द्वारा करीबन एक साल बीत जाने के बाद भी न तो माल भेजा और न ही पेमेंट वापस की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि कंपनी मालिक की शिकायत पर पोलैंड की फर्म के निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### जयनगर कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय जयनगर की ओर से ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करवाया गया। इसमें कॉलेज द्वारा बीए प्रथम वर्ष के बच्चों को अनेक विषयों व जेंडर सेंसिटिविटी और सिमपेथी विकलांग व्यक्ति विशेष के विषय पर प्रो. मनोज, नेविगेशन द डिजिटल लैंडस्केप बिजली विषय पर प्रो. जयंत, बच्चों को जागरूक, करियर काउंसलिंग विषय में प्रो. कश्मीर सिंह, इमोशनल इनटेलीजेंश एंड मेटल वेलबिंग इन स्टूडेंट प्रो. प्रगति कश्यप तथा इंपोर्टेंस ऑफ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज विषय पर प्रो. छेरिंग जंगमों ने बच्चों से अपने विचार साझा किए व जागरूक किया।

### धौलाकुआं पहुंचे तीन पंचायतों के किसान

**नाहन।** क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र धौलाकुआं (सिरमौर) में अनुसूचित जाति किसान समूह की आजीविका उत्थान के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सोलन के संयुक्त निदेशक डॉ. विशाल राणा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। जबकि, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र धौलाकुआं की एसोसिएट निदेशक डॉ. प्रियंका बतौर कार्यक्रम संयोजक और वैज्ञानिक डॉ. संजीव सन्याल ट्रेनिंग समन्वयक रहे। कार्यक्रम के दौरान एससी-एसपी प्लान के तहत चयनित तीन पंचायतों मेहत, क्यालना भाटना और खनेटी गांव के चयनित 94 परिवारों के किसानों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एससी आबादी के सुदृढ़ीकरण और विकास के लिए कृषि शिक्षा प्रभाग की एससी-एसपी योजना के तहत जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के लिए पहुंचे इन किसानों को पंचायत प्रधानों की मदद से चुना गया था, जहां उन्हें वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षित किया। इसके बाद इन किसानों को बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र धौला कुआं आमंत्रित किया गया। इस दौरान किसान समूहों को फलदार पौधों के प्रबंधन की बारीकी से जानकारी प्रदान की गई।

### स्वास्थ्य संबंधी आहार की दी जानकारी

**नाहन।** डॉइट नाहन में करियर अकादमी के अध्यापकों के लिए एकदिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। करियर अकादमी के प्रधानाचार्य राजेश सोलंकी ने बताया कि इस कार्यशाला में 6वीं से 12वीं कक्षा तक पढ़ाने वाले 25 अध्यापकों को क्षमता निर्माण के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डॉइट नाहन हिमांशु भारद्वाज ने किया। कार्यशाला में राज्य स्रोत व्यक्ति एवं जिला समन्वयक डॉ. आईडी राही ने अपनी सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा किए। उन्होंने 21वीं सदी की शैक्षणिक पैडागोजी के अंतर्गत एक्सप्रिएंसियल लर्निंग पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एक्सपरियंसीयल लर्निंग क्या है। उन्होंने बताया कि किस तरह से छात्रों में नकारात्मक पीयर दबाव से बचने के लिए न बोलने के कौशल का विकास किया जाए और कैसे तनाव में संतुलन बनाया जा सकता है, ताकि छात्र नशे से दूर रहे। बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य संबंधी आहार की जानकारी दी।

### नौहराधार बना सिरमौर का आठवां क्रीड़ा जोन

**नाहन।** नौहराधार को सिरमौर का आठवां क्रीड़ा जोन बनाए जाने पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिरमौर और हिमाचल प्रदेश स्कूल डीपीज संघ सिरमौर ने खुशी जताई है, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिरमौर के अध्यक्ष कपिल मोहन ठाकुर, जिला महामंत्री दीपक त्रिपाठी, मामराज चौधरी, विजय कंवर, बलदेव सिंह, र शर्मा, राधेश्याम शास्त्री, रोहित कुमार तथा सिरमौर डीपीज संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार, जिला महासचिव सतीश पुंडीर, आदि डीपीज ने नौहराधार को क्रीड़ा जोन बनाए जाने पर सभी डीपीई शिक्षकों और खिलाड़ी प्रतिभागियों को बधाई दी है। संगड़ाह जोन बहुत बड़ा क्रीड़ा जॉन बन गया था, जिसमें 50 सीनियर सेकेंडरी स्कूल और हाई स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे थे। विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों और ज्यादा खेल प्रतिभागियों के कारण खेलकूद प्रतियोगिताओं को संपन्न करवाने में समस्या हो रही थी। पिछले 2-3 वर्षो से यह मुद्दा जिला सिरमौर क्रीड़ा संघ उच्च शिक्षा की बैठकों में चर्चा में था। सिरमौर डीपीज संघ ने इस वर्ष इस मुद्दे को पुरजोर उठाया और विभाग ने इस मुद्दे पर हामी भर अधिसूचना जारी कर दी है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में सोलन की टीम प्रथम



**सोलन।** हिमगिरि कल्याण आश्रम हिमाचल प्रदेश की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हिमगिरि कल्याण आश्रम शिल्ली छात्रावास में किया गया। इसमें हिमगिरि कल्याण आश्रम के विभिन्न छात्रावासों सोलन, चंबा, शिमला व कोटला के लगभग 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो, मैराथन आदि खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ नालागढ़ के उद्योगपति विधिचंद ने किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में सोलन की टीम ने प्रथम, शिमला रनरअप रहा। कबड्डी जूनियर वर्ग में भी सोलन और शिमला क्रम से अव्वल रहे। मैराथन जूनियर में प्रथम व द्वितीय स्थान पर सोलन रहा।

### नौ बेसहारा बैलों को भेजा कोटला बड़ोग गोशाला

**अर्की।** नगर पंचायत अर्की, पशुपालन विभाग और स्थानीय निवासियों ने नौ बेसहारा बैलों को पशुपालन विभाग के कोटला बड़ोग के गोशाला में भेजा। नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि इन नौ बैलों ने अर्की में आतंक फैलाया हुआ था। नगर पंचायत इन बैलों के लिए आश्रय ढूंढ रही थी तभी पशुपालन विभाग के कोटला बड़ोग स्थित गोसदन का पता चला था। मंगलवार को सभी के संयुक्त प्रयास से इन बेसहारा बैलों को दो ट्रकों में भरकर कोटला बड़ोग भेज दिया गया।

### 29 जुलाई को दाड़लाघाट में कैंपस इंटरव्यू

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में 29 को आईटीआई परिसर में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना राजस्थान की ओर से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इंचार्ज विनोद वर्मा ने बताया कि कंपनी को फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट, टर्नर, डीजल मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन, एमएमवी, सीओपीए, डीएमएम की जरूरत है। साक्षात्कार में उम्मीदवार सरकारी, गैर सरकारी, प्राइवेट आईटीआई, नॉन आईटीआई जमा दो व दसवीं पास के अभ्यर्थी की उम्र 18 से 24 वर्ष होनी चाहिए और इसमें 2021 से 2024 फ्रेशर आईटीआई पास आउट अभ्यर्थी ही उपस्थित हो सकते हैं। प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में 29 जुलाई को प्रातः दस बजे अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा व पर्सनल इंटरव्यू के तहत गुजरना होगा।

### कर्मचारी संघ ने मनाया 70वां स्थापना दिवस




**दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ दाड़लाघाट के कार्यकर्ताओं ने सुल्ली मुख्य मेन गेट में 70वां स्थापना दिवस मनाया। मौके पर संघ ने प्लांट के मेन गेट पर भारतीय मजदूर संघ का झंडा लहराया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख शिमला राजेंद्र वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अंबुजा से मानव संसाधन अधिकारी दिग्विजय शर्मा, आईआर अमन शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पदाधिकारियों ने शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख शिमला राजेंद्र वर्मा ने 70वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल कामगारों, श्रमिकों, कर्मचारियों का ही संगठन नहीं, बल्कि यह एक विचार है। संघ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में भारतीय मजदूर संघ का कार्य कर रहा है।

# यूनिवर्सल कार्टन का झंझट, आढ़तियों ने किया हरियाणा की एचएमटी मंडी का रुख

**अनंत ज्ञान, सोलन/परवाणू**

प्रदेश सरकार ने इस बार सेब की पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन का प्रयोग जरूरी किया है। प्रदेश की मंडियों में यूनिवर्सल कार्टन में पैक किया सेब ही खरीदा जा रहा है।

इस की पेचीदगियों और झंझट से बचने को हिमाचल के आढ़तियों ने हरियाणा की एचएमटी मंडी का रुख कर लिया है। इतना ही नहीं यहां परवाणू सेब मंडी के मुकाबले अधिक मात्रा में सेब पहुंच रहा है। यदि बागवानों को यह सुविधाजनक लगा, तो इससे प्रदेश की आमदनी पर भी असर पड़ेगा। यही कारण है कि हिमाचल के आढ़तियों ने हरियाणा की एचएमटी मंडी की ओर रुख कर लिया है, जिसका सीधा असर हिमाचल को सेब से होने वाली आमदनी पर पड़ेगा। परवाणू मंडी में मंगलवार को 5 से 6 पिकअप उतरी, जबकि एचएमटी में मंगलवार को सेब की 6000 पेटी उतारी गईं। एचएमटी मंडी के उद्घाटन के बाद रोजाना दो से अढ़ाई हजार पेटी सेब की पहुंच रही हैं। एचएमटी मंडी में



नाशपाती 40 से 80 रुपए, सेब 80 से 100 बिका। 1985 में शुरू हुई परवाणू सेब मंडी 2013 में पूरी तरह अस्तित्व में आई, मगर सुविधाओं की कमी के चलते मंडी में आने वाले आढ़ती व बागवान हमेशा परेशान रहे। हिमाचल की सबसे बड़ी मंडी होने के बाद भी किसी सरकार की ओर से मंडी की सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते धीरे-धीरे एंटी-एक बागवान अपना माल बेचने के लिए पंचकूला जाने लगे, जहां उनसे सुविधाएं मूल्य अच्छे मिले। हालांकि हिमाचल के आढ़तियों ने सरकार पर दबाव डाला और इसे बेहतर बनाकर चलाने पर पूरा जोर दिया। 2022 में वर्ल्ड बैंक की मदद से मंडी को मॉर्डन मंडी बनाया गया, लेकिन मंडी की पूर्ण सुविधाएं आढ़तियों, बागवानों या श्रमिकों को अभी नहीं मिल पा रही हैं। ऊपर से सरकार के फरमान से आढ़ती व बागवानों में इस बात की नाराजगी है कि बागवानों व आढ़तियों के पास जो लाखों के कार्टन पड़े हैं, वह सब बर्बाद हो जाएंगे।

#### बागवानों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रहीं

चौपाल से आए आढ़ती और करसोग से आए बागवानों ने बताया कि एचएमटी की मंडी में आढ़तियों और बागवानों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। यहां पर अटल योजना के तहत कैंटीन में 10 में खाना मिल रहा है बहुत बड़ी पार्किंग है और बागवानों के ठहरने की सुविधा भी है। अगर परवाणू मंडी की बात करें, तो परवाणू में केवल ढाबे हैं और 30 बेड़ का एक गेस्ट हाउस है, जो कि अभी तक शुरू नहीं किया गया। यदि सरकार ने समय रहते इस और ध्यान न दिया, तो हिमाचल की आमदनी अन्य राज्य ले जाएंगे।

परवाणू मंडी इंचार्ज राजेश शदैक ने बताया सरकार के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है और आढ़तियों से अपील की है कि वह केवल एचपीएमसी का स्टैंडर्ड कार्टन ही इस्तेमाल करें। बागवानों के मंडी जाने के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि हम सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं कि हमारे बागवान व आढ़ती परवाणू से बाहर न जाएं।

वहीं, एचएमटी मंडी के सहायक सचिव बलदीप सांगवान ने बताया कि एचएमटी मंडी को अंतरराष्ट्रीय मार्केट घोषित किया गया है और यहां हर तरह की सुविधा उपलब्ध है और बागवानों का अच्छा सहयोग मिल रहा है।

## 1500 घरों का भूकंप और भू-स्खलन से बचाव के लिए किया जाएगा मूल्यांकन




जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आपदा के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में जागरूक करने के दृष्टिगत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने की।

डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य सोलन में आपदा से होने वाले नुकसान को कम से कम करने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सीबीआरआई रुकड़ी की तकनीकी टीम के सहयोग से उपमंडल कंडाघाट की पंचायत सायरी तथा ममलीग के लगभग 1500 घरों को भूकंप तथा भू-स्खलन से बचाव के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन से समुदायों के सामने आने वाले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। कार्यशाला में आपदा के विभिन्न पहलुओं जैसे भूकंप, भू-स्खलन, बाढ़, आगजनी, बादल फटना आदि विषयों पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण तथा खंड विकास अधिकारी कार्यालय के 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## आपदा राहत के लिए धनराशि का प्रावधान किए जाने का स्वागत : डॉ. राजेश कश्यप



**सोलन।** केंद्रीय बजट में हिमाचल में पिछले वर्ष आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए धनराशि का प्रावधान किए जाने का भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और सोलन विस से पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है। बजट में सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए फैमिली पेंशन पर टैक्स कटौती को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए करने का प्रस्ताव किया है, जो कि सराहनीय है। इसी तरह किसान, महिलाओं और युवाओं को लेकर भी बजट में बड़ी घोषणाएं हुई हैं।

## बजट महंगाई की दृष्टि से खास नहीं : राजेश



**नाहन।** केंद्र की ओर से पेश किया गया बजट महंगाई को रोकने के लिए कोई खास नहीं है। ददाहू गांव के राजेश राही ने कहा कि बजट किसानों के लिए उनकी मेहनत के आधार पर निराशाजनक है। कर्मचारियों को इनकम टैक्स में कोई लाभ नहीं दिया गया है। कुछेक लोगों को लाभ पहुंचाने वाला बजट पेश किया गया है, जबकि आम आदमी के लिए निराशाजनक ही है।

## 12 बोतलें अवैध शराब पकड़ीं


**बीबीएन।** पुलिस टीम द्वारा पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत बटेड़ मुख्य सड़क प्राइम स्टील उद्योग के निकट एक मोटरसाइकिल सवार से अवैध रूप से शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि जब वह वहां पर मौजूद थे, तो बरोटीवाला की तरफ से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल आई, जिसके चालक ने मोटरसाइकिल की डिक्की पर एक गत्ते की पेटी रखी थी, जिसे रोक कर चैक करने पर 12 बोतलें अवैध देसी शराब मार्का संतरा नंबर वन की बरामद हुई। चालक ने अपना नाम हनी गिरी पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव सितो माजरा डाकघर नानकपुर थाना पिंजौर, जिला पंचकूला हरियाणा व उम्र 19 साल बताई। इस पर पुलिस थाना बरोटीवाला में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की दी गई है।

# अंतरराज्यीय बस अड्डा की बहुमंजिला पार्किंग बनी नशेड़ियों की पनाहगार

**एसपी जैरथ, नाहन**

एक तरफ जिले में पुलिस का अवैध नशे के खिलाफ अभियान जारी है, तो वहीं दूसरी तरफ अंतरराज्यीय बस अड्डा नाहन की बहुमंजिला पार्किंग इमारत नशेड़ियो की पनाहगार बनी हुई है।

यहां रात के अंधेरे में तो नशेड़ियो का जमघट रहता ही है, लेकिन अब दिन में भी नशेड़ियो की महफिलें यहां सज रही हैं। बस अड्डा प्रबंधन का भी मानना है कि यहां लगातार बढ़ते नशेड़ियों को देखते हुए पुलिस गश्त होना बेहद जरूरी है। यहां रात के अंधेरे में यात्रियों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। नाहन बस अड्डा प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शाम ढलते ही



अंतरराज्यीय बस अड्डा नाहन की बहुमंजिला पार्किंग।

बहुमंजिला पार्किंग में नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। यहां चौकीदार का पद लंबे समय से रिक्त चल रहा है। पुलिस गश्त बस अड्डा में बढ़ाने के लिए लिखा गया है। प्रबंधन को भी समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। यहां रात्रि नौ बजे के बाद रात के अंधेरे में पार्किंग में नशेड़ी पहुंच जाते हैं। बता दें कि कच्चा टैंक पुलिस चौकी बस अड्डा के सामने ही स्थित थी, लेकिन अदालत के आदेशों के बाद चौकी भवन को पुलिस को खाली करना पड़ा। यहां से पूरी चौकी शिफ्ट होने के बाद लगातार नशेड़ियों और शरारती तत्वों के हौसले बुलंद हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# आम, गलगल आदि के 250 पौधे लगाए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्वविद्यालय के वन महोत्सव अभियान के तहत डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के फल विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्वविद्यालय के फार्म में पौधरोपण अभियान चलाया।



नौणी विश्वविद्यालय के फार्म में पौधरोपण करते विभागों के संकाय और कर्मचारी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल मुख्यातिथि रहे। दोनों विभागों के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों ने विश्वविद्यालय के खेतों पर विभिन्न फलों के पेड़ लगाए। इस अभियान के दौरान अमरूद, जूजूबे बेर, लीची, आम और गलगल के 250 पौधे लगाए गए। इन पौधों का उपयोग विभाग में नए बगीचे स्थापित करने के लिए किया जाएगा, जिससे विभाग की आय को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय में इस वर्ष का वन महोत्सव अभियान 6 जुलाई को शुरू हुआ। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय स्टेशनों सहित विभिन्न विभागों ने पहले ही पौधरोपण अभियान आयोजित किया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 3,000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वन महोत्सव में खाली कृषि भूमि पर वृक्ष प्रजातियों, सजावटी पेड़ों और फलों के पेड़ लगाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## छात्रों को दिए डायरी, पेन व बैज

**पांवटा साहिब।** शहीद कल्याण सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हलां में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को डॉक्टर रामगोपाल शर्मा ने डायरी, पेन, बैज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की टोपियां दी। शहीद कल्याण सिंह हलां स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य, जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी राम भज शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य मीडिया प्रभारी एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन में कार्यरत डॉक्टर रामगोपाल शर्मा ने स्वयंसेवकों के लिए अपनी कमाई में से 80 डायरी, 50 पेन, 50 बैज एवं 20 राष्ट्रीय सेवा योजना की टोपियां भेज कर स्वयंसेवकों को लाभान्वित किया।

## रेणुका की अनदेखी कर रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आखिर कब तक करेंगे रेणुका के विकास की अनदेखी अपने विधानसभा चुनाव से पहले रेणुका की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे।



डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी रेणुका की जनता विकास के सपने ही देख रही है। सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है विनाश करने के लिए नहीं। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते हुए जनता की मांग पर रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र में दर्जनों सरकारी संस्थान खोले थे ददाहु में विकासखंड कार्यालय, संगड़ाह में बिजली विभाग का अधिशाषी अभियंता कार्यालय एवं सहायक अभियंता कार्यालय धरठी धार आदि खोले थे, लेकिन सुक्खू ने अपना पद संभालते ही इन सभी सरकारी संस्थानों को बंद कर दिया।

## बाहरी राज्यों से आए फल व सब्जी विक्रेताओं पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नियमों को ताक पर रख बाहरी राज्यों से अपने वाहनों से जिला मुख्यालय नाहन में पहुंच रहे फल व सब्जी विक्रेताओं पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

प्रशासन के आदेशों के बाद पुलिस व फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने बाहर से आए सब्जी व फल विक्रेताओं की चेकिंग की और इस दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद होने पर उनके चालान भी काटे। डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण फल व सब्जी उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसको लेकर हाल ही में एक बैठक भी आयोजित की गई थी, जिसमें संबंधित



विभागों को समय-समय पर इन खाद्य वस्तुओं की चेकिंग करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। बीती रात भी इस तरह का एक मामला उनके संज्ञान में आया था। इसके बाद उन्होंने पुलिस और फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग करने के आदेश दिए थे। मामले में फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा कुछ कोताही भी बरती गई थी, जिसको लेकर उनके चालान काटे गए हैं।

## 26 जुलाई को होगा कारगिल विजय दिवस

**नाहन।** सहायक आयुक्त सिरमौर गौरव महाजन की अध्यक्षता में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बैठक का आयोजन किया। गौरव महाजन ने बताया कि 26 को प्रात: दस बजे नाहन स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहीद स्मारक की उचित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उपनिदेशक सैनिक कल्याण मेजर दीपक धवन, डीएसपी मुख्यालय रमाकांत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# बिना बारिश से सिरमौर के किसान नहीं लगा पा रहे धान की फसल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर में बिना बारिश के किसान धान की फसल नहीं लगा पा रहे हैं। मानसून का आधा से ज्यादा महीना बीत चुका है।

मगर सिरमौर में रिमझिम बारिश ही हो रही है, वहीं कई क्षेत्रों में तो बहुत कम बारिश हुई है। सिरमौर के नाहन और पच्छाद उपमंडल में धान की भारी फसल लगाई जाती है, मगर बिना बारिश के किसान धान की फसल नहीं लगा पा रहे हैं। वहीं, जिले में बिना बारिश के टमाटर, शिमला मिर्च, मूली, फ्रांसबीन और अदरक की फसल सूखने लग पड़ी हैं। हिमाचल में मानसून कमजोर पड़ गया है। मानसून के बीच भी प्रदेश के किसान और बागवान बारिश के लिए तरस कर रह गए हैं। बिना बारिश के सिरमौर के मैदानी इलाकों में उमस काफी बढ़ गई है। कम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। खासकर खरीफ की फसल के लिए इस समय बारिश की बेहद जरूरत है। हालात ऐसे हैं कि बारिश न होने से कई क्षेत्रों में मक्की के साथ-साथ अदरक, टमाटर, शिमला मिर्च, मूली, मिर्च, धनिया सहित कई फसलों की पैदावार पर असर दिखना शुरू हो गया है। मानसून की दस्तक के बाद कई जिलों के लिए बारिश के लिए अलर्ट भी जारी हो रहे हैं, मगर इसके बावजूद बारिश नहीं हो रही है। किसान प्रदीप ठाकुर, रमन ठाकुर, सुरेश कुमार, नरेश कुमार और सुशील शर्मा ने बताया कि इस बार मानसून में भी बारिश नहीं हो रही है। जुलाई का आधा महीना बीत चुका है, मगर बिना बारिश के अभी तक धान की फसल नहीं लगा पा रहे हैं।



**बैठक** सिविल हॉस्पिटल ददाहू की रोगी कल्याण समिति की बैठक रही हंगामेदार, विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की अध्यक्षता

# बाजार कीमत से ज्यादा पैसा दिया जाने पर जताया ऐतराज

**जोशी, रेणुकाजी**

रेणुका जी सिविल हॉस्पिटल ददाहू की रोगी कल्याण समिति की बैठक काफी हंगामेंदार रही। कई सदस्यों का एतराज था कि योगी कल्याण समिति की बैठक में जो प्रस्ताव पास किए जाते हैं, वह इंप्लीमेंट नहीं किए जाते, ऐसे में समिति की बैठक करने का क्या फायदा है।

इस बात का समर्थन करते हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने भी कई खरीद की गई चीजों पर



रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार।

हॉस्पिटल प्रशासन ने बाजार कीमत से ज्यादा पैसा दिया जाने पर कड़ा एतराज जताया। एक बार तो नौबत यहां तक पहुंच गई की समिति ने पुराने एजेंडे को पास करने से मना कर दिया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उद्देश्य हॉस्पिटल में आने वाले रोगियों को ज्यादा सुविधाएं देना है। इसके लिए वह प्रयासरत हैं। हॉस्पिटल की सफाई बैठक में सफाई व्यवस्था को आरकेएस अपने स्तर पर ठेके पर देगी। बैठक में चालू वित्त वर्ष के लिए लगभग साढ़े 14 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया। बैठक में सदस्यों ने कई उसूल चार्ज को कम करने का प्रस्ताव भी रखा, जिसमें स्पेशल वार्ड के 550 की जगह 350 रुपए देने होंगे। गन लाइसेंस के मेडिकल के 2000 की जगह 1500 देने होंगे। फास्टेस्ट ट्रेनिंग की फीस 1500 की बिजाई 1000 देनी होगी। डेंटल विभाग में भी मामूली यूजर चार्ज बढ़ाए गए हैं।

हॉस्पिटल में स्टेचर व्हीलचेयर आदि जरूरत की कई वस्तुएं दानवीरों ने दान देने के लिए पहल की है, लेकिन लोगों द्वारा दान दी गई चीजों को रिकॉर्ड में रखकर आरकेएस की मीटिंग में उसको भी रखने को कहा। दानवीरों का आरोप था कि उनके द्वारा दिए गए वाटर कूलर अब अस्पताल में नहीं हैं। समिति के सदस्यों ने सरकारी लेबोरेट्री व एक्स-रे को सुचारु ढंग से चलाने का आग्रह किया। इस दौरान रोगी कल्याण समिति के सचिव एवं सीएमओ डॉ. अशोक ने क्रमवार ब्यौरा रखा। इस अवसर पर एसडीएम नाहन एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति सलीम आजम, तहसीलदार सुमेध शर्मा, डीएफओ परमिंदर सिंह, बीडीओ परमजीत ठाकुर, डॉ. अमनप्रीत, डॉ. विनोद तोमर डॉक्टर नीरज सिंघल, पंकज गर्ग, रविंद्र गुप्ता, एसडीओ दिलीप चौहान, वार्ड सिस्टर प्रोमिला तोमर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय बजट नीरस और दिशाहीन : लक्की



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** अध्यक्ष चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस एचएस लक्की ने कहा कि केंद्रीय बजट एकदम नीरस और दिशाहीन है और बेरोजगारी तथा महंगाई जैसे प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने में पूरी तरह से विफल रहा है। इसे बिहार और आंध्र प्रदेश में अपने सहयोगियों को खुश करने के लिए 'कुर्सी बचाओ बजट' ठीक ही कहा गया है, जबकि देश के बाकी हिस्सों के लिए बहुत कम पैसों का प्रावधान किया गया है। आयकर में जो थोड़ी राहत दी गई है, वह केवल नई व्यवस्था में है, पुरानी व्यवस्था में नहीं, जिसका पालन अभी भी बड़ी संख्या में करदाता कर रहे हैं। बजट में युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। आम आदमी इस बजट से पूरी तरह निराश है। (अनंत ज्ञान)

### 16 स्मॉल फ्लैट्स का आवंटन रद्द किया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के विभिन्न इलाकों में मौजूद स्मॉल फ्लैट्स में रहने वाले कई लोग मासिक किराया नहीं जमा करा रहे। इस पर बोर्ड ने कार्रवाई शुरू कर दी है। किराया न जमा करने पर इस महीने 16 स्मॉल फ्लैट्स का आवंटन रद्द कर दिया गया है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि जो भी किराया नहीं जा कर रहे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। सीएचबी ने स्मॉल फ्लैट योजना के तहत लगभग 18,138 फ्लैट आवंटित किए हैं। इनमें किफायती किराया आवास परिसर योजना के तहत 2,000 फ्लैट शामिल हैं। ये फ्लैट आवंटियों को मासिक किराए पर दिए गए हैं। आवंटी फ्लैट को न तो बेच सकते हैं और न ही आगे किराए पर चढ़ा सकते हैं। इनमें से कई आवंटियों ने नियमित रूप से 800 रुपए का मासिक किराया नहीं चुकाया जबकि कई बार नोटिस जारी किया गया। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने चार शार्पशूटर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के यमुनापार इलाके में सक्रिय एक गिरोह के चार शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक यहां जीटीबी अस्पताल के वार्ड में 32 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने में कथित तौर पर शामिल था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान राहुल सिंह (33), सुहैल (22), मुकेश (27) और समीर (22) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रतीक्षा गोदारा ने बताया कि समीर जीटीबी अस्पताल हत्याकांड में भी शामिल था।उन्होंने कहा कि ये आरोपी हत्या, डकैती, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम सहित कई मामलों में वांछित थे। दिल्ली के जीटीबी अस्पताल के एक वार्ड में 14 जुलाई को 32 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर एक गैंगस्टर को मारने के लिए अस्पताल गए थे जो हासिम बाबा गिरोह का प्रतिद्वंद्वी था और उसे 12 जून को कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। गैंगस्टर कुछ समय के लिए उसी वार्ड में भर्ती था, लेकिन हमलावर ने रियाजुद्दीन नाम के व्यक्ति को गोली मार दी, जो उसके सामने वाले बिस्तर पर लेटा हुआ था।

### सुनक दो नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दो नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी की समय सारिणी के अनुसार नवंबर तक उनके उत्तराधिकारी का चुनाव किया जाएगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) का नेतृत्व कौन करेगा, यह तय करने के लिए संसद के बैकबेंच सदस्यों की 1922 समिति ने सोमवार शाम को दो चरण की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसके तहत दो नवंबर को नए नेता की नियुक्ति की जाएगी। ब्रिटिश भारतीय नेता ऋषि सुनक (44) ने आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद पांच जुलाई को अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता तब तक वह टोरी के अंतरिम नेता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। सुनक ने कहा, ''पार्टी का नेतृत्व हासिल करने के उम्मीदवारों या इससे जुड़े अभियान के बारे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा। मुझे विश्वास है कि पार्टी बोर्ड और 1922 समिति द्वारा तय की गई यह समय सारिणी एक विचारशील, पेशेवर और सम्मानजनक मुकाबले की अनुमति देगी।''

# दोबारा नहीं होगी नीट परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट मेडिकल प्रवेश परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने कहा कि पेपर लीक हुआ है, इसमें कोई विवाद नहीं है। कोर्ट ने दोबारा परीक्षा कराने और रिजल्ट रद्द करने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

पुन: परीक्षा याचिका खारिज होने के साथ, स्नातक मेडिकल प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया कल, 24 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। पिछली सुनवाई में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा अस्थायी तिथि साझा की गई थी।

परीक्षा याचिका खारिज होने के साथ, स्नातक मेडिकल प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया कल, 24 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। पिछली सुनवाई में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा काउंसलिंग की यह अस्थायी तिथि साझा की गई थी।

#### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को किया खारिज

सीबीआई जांच जारी रहेगी- केंद्रीय जांच ब्यूरो आगे की जानकारी उजागर करने के लिए पेपर लीक के मामले में अपनी जांच जारी रखेगी। काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रियाएं जारी रहेंगी- न्यायालय ने काउंसलिंग और अन्य प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रखने की अनुमति दी है। इसने यह भी संकेत दिया है कि इसी तरह के मुद्दों को संबोधित करने और रोकने के लिए परीक्षाओं के भविष्य के संचालन के लिए दिशानिर्देश प्रदान किए जाएंगे।

कोर्ट ने नीट के लिए विशेषज्ञ समिति को दी मंजूरी

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने नीट-यूजी परीक्षा प्रक्रिया को मजबूत करने और भविष्य की समस्याओं को रोकने के लिए संघ द्वारा सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति के गठन पर गौर किया। न्यायालय ने एनटीए द्वारा स्थानांतरण याचिकाओं का निपटारा कर दिया है और समिति को न्यायालय द्वारा जारी किसी भी अन्य निर्देश का पालन करने का निर्देश दिया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने पुष्टि की कि आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ निर्णय के बाद, विकल्प 4 को नीट यूजी परीक्षा में प्रश्नांकित आइटम के सही उत्तर के रूप में पुष्टि की गई है। एनटीए इस निष्कर्ष के आधार पर परिणामों का दोबारा मिलान करेगा। प्रक्रियात्मक अखंडता बनाए रखने के लिए प्रश्न संख्या का खुलासा नहीं किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने नीट यूजी परीक्षा पर फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने पुरे देश में पेपर लीक के पर्याप्त सबूत न होने के चलते परीक्षा को दोबारा करवाने से इन्कार कर दिया है।

याचिकाकर्ता वकील नरेंद्र हुड्डा ने कोर्ट में कहा है कि इस परीक्षा से अगर 1000 छात्रों को भी लाभ हुआ है तो एग्जाम को रद्द कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार इस बारे में हलफनामा दे कि पेपर हजारीबाग व पटना के बाहर लीक नहीं हुआ है।

# सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के बट्टल सेक्टर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुबह तीन बजे घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया। उन्होंने आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है, जिसमें एक जवान घायल हो गया है। फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

राजोरी में शौर्यचक्र विजेता के घर पर हमला जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में आतंकियों ने एक सुरक्षा चौकी और एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के घर पर हमला बोल दिया। सोमवार को हुए हमले में वीडीजी के परिवार के एक सदस्य और एक जवान घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में सेना के जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया, लेकिन उसका शव अभी बरामद नहीं हो सका है। बाकी के आतंकियों की तलाश में सुरक्षा बलों ने पैरा कमांडो के साथ इलाके

#### जम्मू-कश्मीर के बट्टल सेक्टर में गोलीबारी में एक जवान घायल

में तलाशी अभियान शुरू किया है। जवान समेत दो घायल अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने जिले के गुंदा ख्वास इलाके में शौर्य चक्र से सम्मानित ग्राम रक्षा गार्ड पुरुषोत्तम कुमार के घर पर सोमवार तड़के 3:10 बजे हमला किया।

आतंकियों ने फायरिंग और एक ग्रेनेड फेंका। ग्रेनेड पशुशाला के पास फटा, जिससे एक गाय की मौत हो गई। आतंकियों की फायरिंग में पुरुषोत्तम के चाचा विजय कुमार और सेना का एक घायल हो गया। पुरुषोत्तम ने कुछ महीने पहले रियासी में एक आतंकी को मार गिराया था।

इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में उन्हें इसी पांच जुलाई को शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। उनके अन्य परिजन गुंदा ख्वास गांव में ही रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## चंडीगढ़ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने बजट का स्वागत किया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने बजट की सराहना करते हुए कहा यह एक दूरदर्शी बजट है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के लिए कौशल संवर्धन और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। यह व्यय आधारित बजट है, जो भारत को समृद्ध भविष्य की ओर ले जाएगा। मल्होत्रा ने बुनियादी ढांचे के विकास पर बजट के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह भारत में विकास और वृद्धि का मुख्य चालक होगा।

कौशल संवर्धन पर बजट का जोर यह सुनिश्चित करेगा कि हमारे युवा आधुनिक अर्थव्यवस्था में कामयाब होने के लिए आवश्यक कौशल से लैस हों। स्थानीय भाजपा नेताओं ने वेतनभोगी वर्ग के लिए बजट के लाभों की भी सराहना की, जिसमें नई कर व्यवस्था में मानक कटौती और संशोधित कर स्लैब में 50त्न की वृद्धि शामिल है।

मुकद्दमेबाजी को कम करने के लिए सरकार की पहल की भी प्रशंसा की गई, नेताओं ने कहा कि इससे आम करदाताओं को काफी राहत मिलेगी।

इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन, सीए विशाल पुरी, सीए तरसेम गर्ग, सीए सुमन अग्रवाल, सीए रविंदर गर्ग, सीए एचएस खुराना, सीए आलोक कृष्ण, सीए यूके मेहता, सीए राजीव अरोड़ा, सीए सौरभ गुप्ता, सीए एलआर कालरा, अवि भसीन और धरिंदर तायल शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने की भेंट

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उत्तराखंड तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री को उनके 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए गठित किऐ जाने वाले प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन के सबंध में लिए गए निर्णय तथा कैबिनेट द्वारा राज्य के चारधाम और अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम ट्रस्ट या समिति गठित किएजाने के विरूद्ध कठोर विधिक प्राविधान किए जाने के निर्णय के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देशभर में चारधामों के जो करोड़ों




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मांग पत्र देते पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारी।

श्रद्धालु हैं उनमें किसी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह राज्य सरकार का अच्छा निर्णय है और देवस्थानम बोर्ड का निर्णय वापस लिए जाने के बाद तीर्थ पुरोहितों के हित में लिया गया निर्णय है जिसका सभी तीर्थ पुरोहित, पुजारी, रावल और सभी लोग स्वागत करते हैं।

उत्तराखंड तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से चार धाम के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व और मेलों के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया ताकि स्थानीय स्तर पर इन आयोजनों को दिव्य और भव्य ढंग से आयोजित किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## सेना के वाटर फिल्टर प्लांट से क्लोरीन का रिसाव

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** उधमपुर के संगूर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बजे के करीब मिलिट्री इंजीनियर सर्विसिज (एमईएस) के वाटर फिल्टर प्लांट से क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। इससे 15 मिनट तक एक हजार के करीब स्कलू बच्चों व अन्य लोगों की सांसें संकट में रहीं। घटना के वक्त 100 मीटर दूर एक निजी स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल में उस वक्त 1000 के करीब बच्चे मौजदू थे। बच्चों को आनन-फानन बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में दोपहर के समय अचानक तेज गंध फैलने लगी। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। (अनंत ज्ञान)

### तूफान के कारण ताइवान की वायु सेना का अभ्यास रद्द

**ताइपे।** तूफान गेमी के दस्तक देने के कारण मंगलवार को ताइवान के पूर्वी तट पर वायु सेना का अभ्यास रद्द कर दिया गया, हालांकि स्वशासित लोकतांत्रिक द्वीप के अन्य भागों में नौसेना और सेना का अभ्यास जारी रहेगा। वायु सेना की पांचवीं 'टेक्टिकल मिक्स्ड विंग' ने प्रतिकूल मौसम का हवाला देते हुए अभ्यास को रद्द करने की घोषणा की। केंद्रीय मौसम ब्यूरो के अनुसार, पूर्वी तट पर मध्यम बाढ़ लाने के बाद तूफान 'गेमी' ताइवान के पश्चिम में चीन की ओर बढ़ रहा है। काओसियुंग, ताइनान, ताइचुंग और राजधानी ताइपे जैसे प्रमुख शहरों में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई।

### इथियोपिया में भू-स्खलन में बच्चों समेत 157 लोगों की मौत

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है जहां भूस्खलन हुआ है।

### हैरिस ने पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन का किया दौरा

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए अपनी डेमोक्रेट पार्टी के 'डेलीगेट' का समर्थन जुटाने के वास्ते मंगलवार को अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंचीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं के हैरिस के पक्ष में लामबंद होने के बीच वह राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनने के लिए रविवार से शुरू किए गए अपने अभियान के तहत मिलवॉकी से समर्थन जुटाना शुरू करेंगी। जो बाइडेन ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था।


### दिल्ली के बजटीय आवंटन में कोई वृद्धि नहीं: आतिशी

**नई दिल्ली।** संसद में मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट 2024-25 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के लिए 1,168 करोड़ रुपए आवंटन किए गए, जो साल 2023-24 में आवंटित राशि के बराबर है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की वित्तमंत्री आतिशी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को न तो केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के तौर पर और न ही दिल्ली नगर निगम को वित्तीय सहायता के रूप में कोई राशि दी गयी, जबकि शहर ने केंद्रीय पूल में 2.32 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है। बजट दस्तावेज से पता चलता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय से दिल्ली को हस्तांतरित राशि में राजस्व मद में 1,168 करोड़ रुपए और पूंजी मद में 0.01 करोड़ रुपए शामिल हैं।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा आतंकवाद जैसा खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन के पुलिस प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा अत्यधिक बढ़ गई है और पुलिस इससे आतंकवाद के खतरे के तौर पर निपट रही है। 'नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल' और 'कॉलेज ऑफ पुलिसिंग' द्वारा तैयार की गई एक नई रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन की पुलिस ने 2022 से 2023 के बीच महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसक अपराधों के 10 लाख से अधिक मामले दर्ज किए हैं, जो इस अवधि के दौरान दर्ज किये गए कुल मामलों का पांचवां हिस्सा है। इसी अवधि में हर छह में से एक हत्या घरेलू हिंसा से संबंधित थी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि हर साल 12 में से एक महिला यौन अपराध, बलात्कार, पीछा करने, उत्पीड़न या ऑनलाइन यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों का शिकार होती है। हालांकि, यह संख्या बहुत अधिक हो सकती है क्योंकि इस तरह के अपराध के कई मामले सामने ही नहीं आ पाते हैं।

उपप्रमुख कांस्टेबल मैगी ब्लिथ ने एक बयान में कहा, ''महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा एक राष्ट्रीय आपात स्थिति है।'' उन्होंने कहा, ''हमें बदलाव लाने के लिए एक समाज के रूप में आगे बढ़ना होगा और महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को अपरिहार्य मानना बंद करना होगा।''




# दो लोगों को खुश करने वाला है बजट : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह सरकार मध्यम वर्ग से दुश्मनी निकाल रही है। बजट में मध्यम वर्ग को कुछ नहीं मिला। कुर्सी बचाने के लिए जो एक दो लोगों को खुश करना था वे इस बजट में साफतौर पर दिखा है। खड़गे ने कहा कि यह बजट बहुत निराशाजनक बजट है। किसानों के लिए हम जो अपेक्षा कर रहे थे वह नहीं मिला। रेलवे के लिए कुछ नहीं मिला। रेलवे का हाल तो ऐसा हो गया है कि वह न इधर का रहा न उधर का। कई राज्यों में आने वाली बाढ़ को लेकर सरकार ने कोई विशेष पैकेज का ऐलान नहीं किया। इनके बजट में एससी-एसटी का नाम ही नहीं है, शायद यह सरकार ने उस वर्ग को सबक सिखाने के लिए नजर अंदाज किया है।



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि वित्त मंत्री ने कांग्रेस के न्याय पत्र 2024 से सीख ली है। उनका इंटर्नशिप कार्यक्रम स्पष्ट रूप से कांग्रेस के प्रस्तावित प्रशिक्षुता कार्यक्रम पर




आधारित है, जिसे हमने पहली नौकरी पक्की कहा था। लेकिन, उन्होंने अपनी ट्रेडमार्क शैली में इसे हेडलाइन बनाने के लिए डिजाइन किया है।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह नए भारत का बजट है, यह भारत को अमृतकाल की ओर ले जा रहा है। यह न केवल प्रभावशाली है बल्कि समावेशी भी है। यह नए भारत, एक समर्थ भारत की शुरुआत है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह बजट दिशाहीन है, इसमें कोई विजन नहीं है, सिर्फ राजनीतिक मिशन है, मुझे इसमें कोई रोशनी नहीं दिख रही, सिर्फ अंधेरा है। यह जनविरोधी, गरीब विरोधी बजट है, यह बजट जनसाधारण के लिए नहीं है। यह एक पार्टी को खुश करने के अनुरूप तैयार किया गया बजट है।

### साल 2023 में करीब चार करोड़ लोग एचआईवी संक्रमण के साथ रह रहे थे : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल करीब चार करोड़ लोग एचआईवी संक्रमण के साथ रह रहे थे और 90 लाख से ज्यादा लोगों को इलाज नहीं मिल रहा था, जिसके चलते हर मिनट एड्स संबंधी कारण से किसी न किसी संक्रमित की मौत हुई है। एचआईवी संक्रमण आगे जाकर एड्स बन जाता है।

रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक एड्स महामारी को समाप्त करने के लिए प्रगति तो हो रही है, लेकिन इसकी गति धीमी हो गई है, वित्तपोषण कम हो रहा है तथा नए क्षेत्रों पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका, पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया तथा लैटिन अमेरिका में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।

## मुस्लिमों के बिना अमरनाथ यात्रा संभव नहीं : उमर

**एजेंसी, श्रीनगर**



नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाने का मंगलवार को स्वागत किया और कहा कि मुस्लिमों के सहयोग के बिना अमरनाथ यात्रा तक संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर यह (कांवड़ यात्रा संबंधी) आदेश मुसलमानों को उस यात्रा से दूर रखने के लिए जारी किया गया था, तो अल्लाह के लिए मुझे बताएं कि जब यहां (अमरनाथ) यात्रा होती है, तो वह मुसलमानों के बिना मुमकिन नहीं है। संवाददाताओं से कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने संबंधी आदेश देना नहीं चाहिए था। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्राओं का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि यह मुसलमानों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्री मुसलमानों के कंधों पर यात्रा करते हैं। जो लोग माता वैष्णो देवी यात्रियों को घोड़ों या पिट्ठुओं पर ले जाते हैं, वे किस धर्म से ताल्लुक रखते हैं? उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों व कर्मचारियों के नाम और अन्य जानकारियों के प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के केंद्र के फैसले के बारे में पूछे गए एक सवाल पर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि 'अगर उन्हें ऐसा करना है', तो सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में शिरकत से भी प्रतिबंध को हटाया जाना चाहिए क्योंकि 'आरएसएस एक राजनीतिक संगठन है।'

### तंजानिया की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष ने देखी लोकसभा की कार्यवाही



**नई दिल्ली।** तंजानिया संयुक्त गणराज्य की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष और अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की प्रमुख तूलिया एक्सन ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण को सुना। एक्सन तंजानिया के शिष्टमंडल के साथ सदन की विशेष दीर्घा में बैठी थीं। उनकी सदन में उपस्थिति की जानकारी देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि एक्सन सम्मानित अतिथि के रूप में भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह 19 जुलाई को भारत पहुंची थीं। बिरला ने आईपीयू अध्यक्ष के रूप में एक्सन की भूमिका के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**असर** शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

# बाजार को रास नहीं आया बजट

**एजेंसी, मुंबई**




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एफएंडओ (वायदा और विकल्प) प्रतिभूतियों पर एसटीटी (प्रतिभूति लेन-देन कर) में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसे ही 2024-25 का बजट पेश करना शुरू किया, 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स में उछाल आया। हालांकि कुछ ही मिनटों में इसमें गिरावट आई और दोपहर के कारोबार में यह 1,266.17 अंक गिरकर 79,235.91 अंक पर आ गया। केंद्रीय बजट पेश किए जाने के साथ ही एनएसई निफ्टी में भी तेजी आई। हालांकि, जल्द ही उतार-चढ़ाव भरे रुझान सामने आए और बाद में यह 435.05 अंक गिरकर 24,074.20 अंक पर आ गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 264.33 अंक चढ़कर 80,766.41 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 73.3 अंक चढ़कर 24,582.55 अंक पर रहा था। सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार मध्यम तथा उच्च मध्यम वर्ग के लिए कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ छूट की सीमा बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए प्रति वर्ष करने की योजना बना रही है। वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते हुए उन्होंने एफएंडओ (वायदा एवं विकल्प) पर एसटीटी (प्रतिभूति लेनदेन कर) में 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की।

# ओलंपिक में जलवा बिखेरने को तैयार

## 11 से 60 पार के एथलीट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक 2 दिन शेष

ग्यारह बरस की स्केटबोर्ड खिलाड़ी से लेकर 60 पार के घुड़सवार तक, पेरिस ओलंपिक में हर उम्र के खिलाड़ी अपनी चमक बिखेरते नजर आएंगे।
भारतीय दल में भी चौदह साल की तैराक धिनिध देसिंघु भी है जो 44 बरस के टेनिस दिग्गज रोजन बोपन्ना से प्रेरणा ले सकती हैं। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक–2024 में सबसे छोटे और सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों पर एक नजर।

### झेंग हाओहाओ (चीन, स्केटबोर्डिंग)



11 वर्ष और 11 महीने की स्केटबोर्डर झेंग हाओहाओ पेरिस ओलंपिक-2024 में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वह अब तक सबसे युवा ओलंपियन रहे यूनानी जिम्नास्ट दिमित्रोस लाउंडरास से एक साल बड़ी है। दिमित्रोस ने 1896 में दस वर्ष 218 दिन की उम्र में पहला ओलंपिक खेला था। 11 अगस्त को 12 वर्ष की हो रही झेंग ने बुडापेस्ट और शंघाई में क्वालीफिकेशन सीरिज के बाद पेरिस का टिकट कटाया। मजे के लिए स्केटबोर्डिंग खेलना शुरू करने वाली झेंग ने कहा ,''किसी ने मुझे बोला कि स्केटबोर्डिंग में बहुत मजा आता है और वाकई यह सच था। मैने टोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर में पहली बार एक लड़की को स्केटबोर्डिंग करते देखा तो मुझे वह बहुत कूल लगी।''

### जिल इरविंग (कनाडा, घुड़सवारी)



कनाडा की घुड़सवारी टीम की सदस्य जिल इरविंग 61 वर्ष की उम्र में ओलंपिक में पदार्पण करेंगी। ऑस्ट्रेलिया की मेरी हान्ना 1996 अटलांटा ओलंपिक से छह ओलंपिक खेल चुकी हैं और 69 वर्ष की उम्र में घुड़सवारी टीम (ड्रेसेज) में रिजर्व खिलाड़ी हैं और शायद प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का मौका नहीं मिले। ऑस्ट्रेलियाई टीम में किसी के चोटिल या बीमार होने पर ही उन्हें बुलाया जाएगा। ओलंपिक के इतिहास में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी स्वीडन के निशानेबाज आस्कर स्वान थे जिन्होंने 72 वर्ष की उम्र में 1920 एंटवर्प ओलंपिक खेला था।

### धिनिधि देसिंघु (तैराक, सबसे युवा भारतीय)




चौदह वर्ष और दो महीने की धिनिधि देसिंघु महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में उतरेंगी और भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य हैं। बेंगलुरु में 9वीं कक्षा की छात्रा देसिंघु ने यूनिवर्सिलिटी कोटा के जरिए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके तहत अगर किसी देश के खिलाड़ी सीधे क्वालीफिकेशन की पात्रता पूरी नहीं करते हैं तो दो शीर्ष खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है। देसिंघु भारतीय दल में दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी हैं। तैराक आरती साहा 11 वर्ष की थी जब उन्होंने 1952 हेलसिंकी ओलंपिक खेला था।

### बोपन्ना (टेनिस, सबसे उम्रदराज भारतीय)



44 वर्ष और चार महीने के रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय हैं। वह तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं और पुरुष युगल में श्रीराम बालाजी के साथ उतरेंगे। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में महेश भूपति के साथ पदार्पण किया था। रियो ओलंपिक में वह लिएंडर पेस के साथ दूसरे दौर में हार गए। मिश्रित युगल में वह और सानिया मिर्जा कांस्य पदक से एक जीत दूर पहुंचे थे। जनवरी में एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे बोपन्ना ने 43 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब जीता। वह सिडनी जैकब के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी हैं। जैकब ने 44 वर्ष 267 दिन की उम्र में पेरिस ओलंपिक 1924 में पुरुष युगल खेला था। भारत के सबसे उम्रदराज ओलंपियन स्कीट निशानेबाज भीम सिंह बहादुर हैं, जिन्होंने 1976 मांट्रियल ओलंपिक में भाग लिया, तब वह 66 वर्ष के थे। भारतीय दल में 42 वर्ष के अचंत शरत कमल और 40 वर्ष के तीरंदाज तरुणदीप राय भी हैं।

# एसीटी से पहले हॉकी इंडिया ने ओलंपिक टीम से इतर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



क्रेग फुल्टोन

हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरु में सीनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन खिलाड़ियों को बुलाया है जो पेरिस ओलंपिक की टीम का हिस्सा नहीं हैं।

इसमें विकास ग्रुप और जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम में शामिल खिलाड़ी छोटे ब्रेक के बाद 24 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे जो चार सितंबर तक चलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने हॉकी इंडिया द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,'' सीनियर टीम पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत की तैयारी में जुटी है, लेकिन हमारे पास उससे इतर भी खिलाड़ियों का मजबूत पूल है जो भारत के लिए फिर खेलने के मौके के इंतजार में हैं।''

उन्होंने कहा,''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के कुछ सप्ताह बाद ही है लिहाजा इसके लिए बेंगलुरु के साइ केंद्र में शिविर लगाया जा रहा है। ये खिलाड़ी उसके लिये तैयारी करेंगे और ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनसे जुड़ेगी।''




# भारत ने नेपाल को 179 रन का दिया लक्ष्य

## शेफाली वर्मा ने 48 गेंदों में 81 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली

**एजेंसी, दाम्बुला**

भारतीय महिला टीम ने नेपाल के खिलाफ पहले खेलते हुए 178 रन बना लिए हैं। शेफाली वर्मा ने 48 गेंद में 81 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। शेफाली ने दयालन हेमलता के साथ मिलकर 122 रन की ओपनिंग साझेदारी कर भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नेपाल सीता राणा मगर ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट झटके। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था, जो बहुत बढ़िया साबित हुआ। शेफाली वर्मा और दयालन हेमलता ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले 10 ओवर में टीम का स्कोर 91 रन पर पहुंचा दिया था। उसके बाद भी दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और अगले 3 ओवर में 23 रन बटोरे। मगर 14वें ओवर में हेमलता आउट हो गईं, जिन्होंने 42 गेंद में 47 रन बनाए। उनके 9 गेंद बाद ही शेफाली वर्मा भी बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्टम्प आउट हो गई, शेफाली ने 81 रन की पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया।



शॉट खेलती हेमलता

हेमलता और शेफाली के आउट होने के बाद टीम इंडिया की रनगति धीमी पड़ गई थी। 16वें और 17वें ओवर में मिलाकर केवल 12 रन आए. मगर आखिरी 3 ओवर में भारत ने 35 रन बटोरते हुए अपनी पारी 178 रन पर समाप्त की। आखिरी ओवरों में जेमिमा रोड्रीगेज ने 15 गेंद में 28 रन की कैमियो पारी खेलकर टीम इंडिया को 170 के पार पहुंचाया। रोड्रिगेज ने अपनी पारी में 5 चौके लगाए। नेपाल के गेंदबाजों की इतनी कुटाई हुई कि सात में से चार गेंदबाजों ने 10 से ज्यादा इकॉनमी रेट से रन लुटाए। सीता राणा मगर ने 2 विकेट, वहीं कबिता जोशी ने भी एक विकेट लेने में सफलता पाई।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम श्रीलंका पहुंची



**एजेंसी, पाल्लेकल**


नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई। इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था। कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई।

भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी–20 और वनडे श्रृंखला खेलनी है। पहला टी–20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा, जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी।

# वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने पेरिस ओलंपिक से नाम लिया वापस

**एजेंसी, पेरिस**





तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापिस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विंबलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जाएंगे, जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

# पेरिस ओलंपिक के बाद मर्रे लेंगे संन्यास

**एजेंसी, पेरिस**

दो बार ओलंपिक पुरूष एकल चैम्पियन एंडी मर्रे ने मंगलवार को पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। सैतीस वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया,''अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं।'' पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था, जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।



# भारत के खिलाफ टी–20 सीरीज में असालांका होंगे श्रीलंका के कप्तान

**एजेंसी, पाल्लेकल**




चरित असालांका भारत के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी–20 सीरीज में श्रीलंका के कप्तान होंगे।

स्पिन हरफनमौला वानिंदु हसरंगा के बाद असालांका को कप्तानी सौंपी गई है। हसरंगा ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में पिछले महीने हुए टी–20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी। असालांका ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश दौरे पर भी दो टी–20 मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की थी जब हसरंगा निलंबन झेल रहे थे। श्रीलंका के पूर्व अंडर–19 कप्तान असालांका ने इस साल एलपीएल में जाफना किंग्स को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाया था।

# विश्व जूनियर टीम स्क्वाश में भारतीय लड़कों का सामना इंग्लैंड से

**एजेंसी, ह्यूस्टन**


भारतीय लड़कों ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2–0 से हराया, जबकि लड़कियों की टीम इंग्लैंड से इसी अंतर से हार गई।


लड़कों की टीम का सामना पांचवें स्थान के लिए इंग्लैंड से होगा, जबकि लड़कियों की टीम सातवें स्थान के लिए हांगकांग से खेलेगी। लड़कों की टीम में शौर्य बावा ने कोनोर एर्ल को 12–10, 7–11, 11–6, 11–7 से हराया, जबकि अयान वाजिराली ने जुड़ा फिलिप्स को 11–4, 11–4, 11–8 से हराया। लड़कियों की टीम में शमीना रियाज इंग्लैंड की एमेली हावर्थ से 8–11, 4–11, 10–12 से हार गई, जबकि उन्नति त्रिपाठी को एमिली कूचेर पोर्टर ने 11–8, 14–12, 11–4 से हराया।




## महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत, शेफाली 11वें और स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर







**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी टी–20 महिला क्रिकेट रैंकिंग में पांचवां स्थान बनाए रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत को एक पायदान का फायदा मिला, जबकि शेफाली बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर आ गई। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रौड्रिग्स 19वें स्थान पर हैं। रिचा घोष 24वें स्थान पर है। बेथ मूनी 769 अंक लेकर शीर्ष पर है। गेंदबाजों की सूची में आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवे स्थान पर है। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव 20वें स्थान पर है। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं।

**फ्लैशबैक** ओलंपियन बनाने के पीछे बलिदानों और जज्बातों से भरी होती हैं कहानियां

# ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के पीछे माता–पिता के अथक प्रयास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

छह साल पहले क्लिफोर्ड क्रास्टो ने जब अपनी बेटी तनीषा को उसके 15वें जन्मदिन पर हैदराबाद की पुलेला गोपीचंद अकादमी में भेजा था तो इसी उम्मीद पर कि दुबई में अपने घर से दूर रहकर भी वह बैडमिंटन में नाम कमाने के अपने सपने पूरे कर सकेगी। दुबई में जन्मी तनीषा के लिए सब कुछ नया था, लेकिन उसने खुद को हालात में ढाला और अब पेरिस ओलंपिक में अश्विनी पोनप्पा के साथ महिला युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

ओलंपियन बनाने का कोई नुस्खा नहीं होता, लेकिन इसके पीछे बलिदानों और जज्बातों से भरी कहानियां जरूर होती हैं । बच्चों को जिंदगी में या खेलों में आगे बढते देखने के लिए कई बार कड़े फैसले लेने होते हैं। गोवा में जन्मे क्लिफोर्ड ने कहा,''मैं उसके जन्मदिन पर उसे भारत लेकर आया था। यह काफी साहसिक और जज्बाती फैसला था कि उसे एक अलग देश में अकेले छोड़ना है।'' उन्होंने कहा,''वह दुबई में जन्मी और पली बढ़ी। हम दोनों के लिए यह कठिन था, लेकिन हमें पता था कि उसने सही रास्ता चुना है और हमने उसका साथ दिया। हम इस फैसले से खुश हैं और उसकी तरक्की से भी।'' तनीषा बहरीन के लिए भी खेली और 2016 बहरीन इंटरनेशनल चैलेंज में महिला युगल खिताब विजेता रही। उसने 14 वर्ष की उम्र में यूएई ओपन एकल खिताब जीता।







इसके बाद उसने भारत में खेलने का फैसला लिया और 2017 से गोवा के लिये खेल रही है। दुबई में 18 साल से इंटेल ड्रिस्ट्रिब्यूटर्स के लिए काम करने वाले क्लिफोर्ड को टूर्नामेंटों में तनीषा के साथ जाने के लिए अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी। वह और उनका परिवार पेरिस का टिकट कटा चुका है और तनीषा की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचेगा। पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। सात्विक के पिता काशी विश्वनाथम ने पेरिस रवानगी से पहले हैदराबाद में उनके अभ्यास केंद्र पर घर जैसा माहौल बनाया। उन्होंने कहा,''एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंटों से पहले भी हम कुछ दिन हैदराबाद में उसके साथ रहने की कोशिश करते हैं। उसकी मां ने काम से ब्रेक लिया है और हम तीन सप्ताह से हैदराबाद में हैं।'' सात्विक के माता–पिता तो पेरिस नहीं जाएंगे, लेकिन बड़ा भाई रामचरण वहां पहुंचेगा। राष्ट्रीय मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद ने हैदराबाद में नानी प्रसाद स्मृति अंडर–15 टूर्नामेंट में सात्विक की प्रतिभा देखी।

विश्वनाथम ने कहा,''गोपीचंद ने मुझे कहा कि उन्हें भारत की टीम चैंपियनशिप के लिये पुरुष युगल खिलाड़ी चाहिए। पहले कुछ साल आर्थिक रूप से मेरे लिए कठिन था, लेकिन मेरे परिवार और दोस्तों ने मदद की। फिर 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छे प्रदर्शन के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा।'' सात्विक और चिराग ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूष युगल रजत पदक जीता था। दोनों ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में तीन में से दो ग्रुप मैच जीतने के बावजूद वे नॉकआउट में जगह नहीं बना सके। लक्ष्य सेन के पिता डीके सेन ने सह कोच रहते करीब से उनका प्रदर्शन देखा है। लक्ष्य और उनके भाई चिराग दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और साइ के अलमोड़ा केंद्र में शुरुआत में अपने पिता से सीखा है।

# असम के सीएम ने अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर मिलने पर दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनके असाधारण योगदान के लिए ओलंपिक ऑर्डर मिलने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा,'' उम्मीद है कि वह आने वाली पीढ़ियों को खेलों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये प्रेरित करते रहेंगे।'' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने बिंद्रा को बताया कि उन्हें ओलंपिक ऑर्डर दिया गया है और पुरस्कार समारोह 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान होगा। असम सरकार ने गुवाहाटी और जोरहट में दो हाई परफार्मेंस खेल ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने के लिए असम सरकार के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के 250 सरकारी और गुवाहाटी के निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) लागू करने के लिए भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद बदलती जीवन शैली, एकाग्रता के अभाव और स्कूल से बच्चों का नाम वापिस लेने जैसी समस्याओं से निपटना है।